CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार, 24 फरवरी 2025 । वर्ष – 34 । अंक –295 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.



अहमदाबाद में 8-9 अप्रैल को होगा कांग्रेस अधिवेशन — पृष्ठ 3

■ ट्रंप के खुलासों पर मोदी की चुप्पी क्यों ?
■ दिल्ली में भाजपा सरकार के सामने हैं अनेक मुश्किल काम — पृष्ठ 4

■ इजरायल ने रोकी फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई
■ हमास ने साधा इजरायल पर निशाना कहा- यह समझौते से बचने की कोशिश — पृष्ठ 9

कोहली ने वनडे कैच लेने का अजहरुद्दीन का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा — पृष्ठ 10

# ग्राम सरकार चुनने सभी वर्ग में उत्साह

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : अंतिम चरण का मतदान करने उमड़े मतदाता, नक्सलगढ़ में जीता लोकतंत्र

■ कुआकोंडा ब्लाक के 32 पंचायतों में वोटिंग
■ जिला पंचायत की 2 सीटों के लिए मतदान



**दंतेवाड़ा**, 23 फरवरी (देशबन्धु)। ग्राम सरकार चुनने का आज अंतिम चरण था। पसंदीदा सरकार बनाने सभी आयु वर्ग के लोगों में उत्साह नजर आया। मतदान केंद्रों में लंबी-लंबी कतारें नजर आईं। वहीं मतदान समाप्ति तक मतदाताओं की भीड़ दिखाई दी। लोगों ने बढ़चढ़कर लोकतंत्र के इस महापर्व पर अपनी भागीदारी निभाई।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण में आज कुआकोंडा ब्लाक में मतदान हुआ। यहां जिला पंचायत की 2, जनपद पंचायत के 10, सरपंच के लिए 32 और 113 पंच के लिए वोट डाले गए। मतदान सुबह 6 बजे प्रारंभ हुआ और दोपहर 2 बजे तक जारी था। यहां दोपहर 1 बजे तक लगभग 47 प्रतिशत मतदान हो चुका था। कुआकोंडा, दंतेवाड़ा जिले का अतिसंवेदनशील इलाका है ।बुरगुम, मुलेर जैसी पंचायतों में पहली बार मतदान हुआ। मतदान को लेकर मतदाताओं में बेहद उत्साह नजर आया। हालांकि नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### नक्सली हिडमा के गाँव में पहली बार मतदान, उमड़े लोग

**सुकमा**। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण मे बेहद खूबसूरत मज़बूत लोकतंत्र की तस्वीर सामने आई है, नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले सुकमा जिला के पूवर्ती मे लोग पहली बार मतदान कर रहे हैं ।पूवर्ती हार्डकोर नक्सली हिडमा का गृहग्राम हैं, जहाँ एक समय नक्सलियों का हेडआफिस हुआ करता था, जहाँ से तय होता था किसकी हत्या करनी है कहाँ आतंक मचाना है, जहां नक्सलियों का वार ज़ोन होता था, जिस गाँव मे नक्सलियों की खेती होती थी। सुकमा एसपी किरण चव्हाण के प्रयासों से कैंप खुला जिसके बाद विकास की राह ऐसी खुली के नक्सलियों को इलाक़ा छोड़ भागना पड़ा। पहली बार लोग मतदान करने उमड़ के आ रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने परिवार संग किया मतदान



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने जशपुर जिला अंतर्गत विकासखंड कांसाबेल के शासकीय प्राथमिक शाला, बगिया स्थित मतदान केंद्र क्रमांक-45 में मतदान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने मतदान केंद्र में कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया और निर्वाचन अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ उनकी माताजी जसमनी देवी, धर्मपत्नी कौशल्या साय, भाई विनोद साय सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने भी मतदान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। प्रदेश की समृद्धि और विकास के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

# विधानसभा सत्र आज से 3 मार्च को होगा बजट पेश



■ विधायकों की टीम प्रशिक्षण के लिए लंदन व सिंगापुर जाएगी : रमनसिंह

**रायपुर**, 23 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का 24 फरवरी से बजट सत्र शुरू होकर 21 मार्च तक चलेगा। यह छठवीं विधानसभा का पांचवा सत्र है, जिसमें 17 बैठकें होंगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी 3 मार्च को बजट पेश करेंगे ।इस बजट सत्र में विधानसभा सदस्यों ने कुल 2367 प्रश्न लगाए गए हैं, जिसमें 1230 तारांकित और 1147 अतारांकित प्रश्न है ।विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रविवार को पत्रकार वार्ता में सत्र की जानकारी दी।

**विधानसभा को पूरी तरह डिजिटल बनाने की तैयारी**

उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा सदस्यों का आई आई एम में दो दिवसीय प्रशिक्षण कराया जाएगा ।विधानसभा को पूर्णतः डिजिटलाइजेशन करने की तैयारी है। आई आई एम के प्रशिक्षण के बाद जरूरत के मुताबिक विधायकों की टीम बनाकर प्रशिक्षण के लिए लंदन और सिंगापुर ले जाने पर भी विचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा सदस्यों का आई आई एम में दो दिवसीय प्रशिक्षण कराया जाएगा ।विधानसभा को पूर्णतः डिजिटलाइजेशन करने की तैयारी है। आई आई एम के प्रशिक्षण के बाद जरूरत के मुताबिक विधायकों की टीम बनाकर प्रशिक्षण के लिए लंदन और सिंगापुर ले जाने पर भी विचार चल रहा है। राज्यपाल के अभिभाषण के कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर सभा में चर्चा 27 फरवरी एवं 28 फरवरी को होगी। राज्यपाल के अभिभाषण का दूरदर्शन एवं आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जायेगा। इस बजट सत्र में वित्तीय एवं शासकीय कार्य संपादित किये जायेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 का तृतीय अनुपूरक बजट 24 फरवरी को रखा जएगा। तृतीय अनुपूरक अनुमान की मांगों पर चर्चा एवं पारण हेतु 25 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई है।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि 4 एवं 5 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुमानित बजट पर सामान्य चर्चा होगी। 6 से 19 मार्च तक सदन में विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। 19 मार्च आय-व्ययक की मांगों से संबंधित विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन होगा। आय-व्ययक की मांगों से संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा की तारीख 20 मार्च निर्धारित है। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजली दी जाएगी। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसी दिन ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## महासमुंद में बड़ी संख्या में पहुंचे मतदाता



**महासमुंद**। त्रिस्तरीय पंचायती राज के अंतिम चरण में रविवार 23 फरवरी को मतदाताओं में उत्साह दिखा। सभी वर्ग के मतदाता अपने मतों का प्रयोग करने मतदान केंद्रों की ओर आते दिखे। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिपं सदस्य के लिए वोट देने के कारण कई मतदान केंद्रों में मतदान की रफ्तार धीमी रही तो कहीं तेजी के साथ मतदान कार्य निपटाया जा रहा था। मतदाताओं को यह समझना पड़ रहा था कि कौन सा प्रत्याशी किस छाप में चुनाव लड़ रहा है और उसके हिसाब से मतदान देने के कारण एक मतदाता को समय लग रहा था। अपने अपने मतदाताओ को मतदान केंद्रों तक लाने के लिए प्रायः सभी प्रत्याशी जुटे हुए थे और वाहनों द्वारा मतदाताओं को ढोया भी जा रहा था। सुबह 7 से 3 बजे तक मतदान का समय निर्धारित था इसके बावजूद केंपस में पहुंचने वाले मतदाताओं को 3 बजे पीठासीन द्वारा पर्ची वितरित कर मतदान कराया गया जिसके कारण कई-कई शाम 5 से 6 बजे तक मतदान का सिलसिला चलता रहा। अनेक स्थानों पर रात्रि 7 बजे तक वोटिंग होने की बात कही गई। मतदान के तुरंत बाद मतपत्रों की गिनती हुई जिसमें प्रत्याशियों को ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## वनांचल क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान

■ वनांचल नगरी जनपद में 86 फीसदी मतदान



**धमतरी**। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत आज जिले के वनांचल नगरी जनपद पंचायत क्षेत्र में तीसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हुआ। वोटिंग को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला और मतदान केन्द्रों में लम्बी कतारें लगीं रहीं। जिले की अधिकांश मतदान केन्द्रों में महिला मतदाताओं में मतदान के प्रति काफी उत्साह देखने को मिला।

नगरी जनपद पंचायत में 85.88 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें महिला मतदाता 56274और पुरूष 53015 मतदाता 85.88 प्रतिशत रहे। इस तरह नगरी जनपद पंचायत में पुरूष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने अधिक वोटिंग की। मतदाताओं ने पंचायत चुनाव में चार अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग रंग के बैलेट पेपर पर अपना मत अंकित किया। पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग के मतपत्र पर वोट डाले गए। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत तीसरे और अंतिम चरण का मतदान जनपद पंचायत नगरी हेतु आज पूरा हुआ। नगरी जनपद क्षेत्र में तीसरे चरण के मतदान से 92 सरपंचों, 25 जनपद ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### अधिवक्ता संशोधन बिल वापस

**नई दिल्ली**। एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 225 को लेकर देशभर में वकीलों के विरोध के बाद केंद्र सरकार ने बिल में बदलाव करने का फैसला किया है। कानून मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि सरकार ने वकीलों की आपत्तियों के मद्देनजर बिल में बदलाव का फैसला लिया है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आश्वासन दिया कि बिल को अंतिम रूप देने से पहले सरकार सभी मुद्दों की अच्छी तरह से जांच करेगी और जरूरी कदम उठाएगी।

### तमिलनाडु में रेलवे स्टेशन का हिंदी नाम मिटाया

**मद्रास**। केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार के बीच ट्राई लैंग्वेज वॉर जारी है। रविवार को कोयंबटूर के पोलाची रेलवे स्टेशन के बोर्ड पर स्टेशन के हिंदी नाम को डीएमके कार्यकर्ताओं काले रंग से मिटाया। इससे पहले सीएम एमके स्टालिन ने शनिवार को केंद्र सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर साइन करने के लिए केंद्र सरकार 2 हजार या 1 हजार करोड़ ही क्यों न दे दे, मैं साइन नहीं करूंगा।

### जनरल द्विवेदी फ्रांस की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली**। भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को चार दिन फ्रांस की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए। थल सेनाध्यक्ष सोमवार को पेरिस के लेस इनवैलिड्स में फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। दिन की शुरुआत गार्ड ऑफ ऑनर से होगी जिसके बाद उनकी फ्रांसीसी सेना प्रमुख जनरल पियरे शिल के साथ चर्चा होगी। बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मजबूत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना है।

# कुछ नेता पर्व-परंपरा को देते हैं गाली : मोदी

## छतरपुर में बागेश्वर धाम में विपक्ष पर बोला हमला



हमारे समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा : नरेंद्र मोदी

**छतरपुर**, 23 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में प्रस्तावित कैंसर अस्पताल का शिलान्यास करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर हमला बोले हुए कहा कि नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो हमारे पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देता हैं। उन्होंने आगे कहा कि हिंदू आस्था से नफरत करने वाले यह लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे हुए ये लोग हमारी मान्यताओं और मंदिरों पर, हमारे संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं। यह लोग हमारे पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते हैं। जो धर्म संस्कृति व स्वभाव से ही प्रगतिशील है, उस पर कीचड़ उछालने की हिम्मत दिखाते हैं। हमारे समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा है। नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो लोगों को तोड़ने में लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 218 करोड़ की लागत से लगभग 11 हेक्टेयर क्षेत्र में बनने वाले साइंस और रिसर्च सेंटर का शिलान्यास किया।

**विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं**

उन्होंने कहा कि आजकल हम देखते हैं कि नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो धर्म का मखौल उड़ाता है, उपहास उड़ाता है और लोगों को तोड़ने में जुटा है। बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करते हुए दिखाई देते हैं। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री काफी समय से देश में एकता के मंत्र को लेकर लोगों को जागरूक करते रहते हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता के हित में एक निर्णय लिया है, इस कैंसर संस्थान के निर्माण की ठानी है। यानी अब बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा। हमारे मंदिर, मठ, धाम एक ओर पूजन और साधना के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर विज्ञान और सामाजिक चिंतन, सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाकुंभ की हर तरफ चर्चा हो रही है।

**अंतरिक्ष के क्षेत्र में नीत नई उंचाइयों को छू रहा भारत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले महीने देश भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सौवें राकेट लांच के साक्ष्य बने है जो केवल एक नंबर नहीं है बल्कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नीत नई ऊंचाइयों को छूने के हमारे संकल्प का पता चलता है।

# कोहली के शतक से भारत ने पाकिस्तान को हराया



**पाकिस्तान चैंपियंस ट्राफी से बाहर, भारत ने छह विकेट से पाकिस्तान को पीटा**

**दुबई**, 23 फरवरी (एजेंसी)। दुबई में खेले गए भारत ने पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी का सबसे बड़े मुकाबले में 6 विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान ने भारत के सामने 242 रन का टारगेट रखा है। विराट कोहली के नाबाद शतक (100) और श्रेयस के अर्धशतक से भारत ने पाकिस्तान को चैंपियंस ट्राफी से बाहर कर दिया। अक्षर पटेल 3 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 223 के स्कोर पर चौथा विकेट खोया। हार्दिक पांड्या 40वें ओवर में शाहीन का शिकार बने। खुशदिल शाह ने 39वें ओवर में श्रेयस अय्यर (56) को पवेलियन भेजा। शुभमन गिल (46) फिफ्टी से चूक गए। उन्हें अबरार अहमद ने 18वें ओवर में बोल्डि कया। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा (20) को शाहीन अफरीदी ने पांचवें ओवर में बोल्ड किया। पाकिस्तान टीम टॉस जीतने के बाद 49.4 ओवर में 241 पर ढेर हो गई। पाकिस्तान के लिए सऊद शकील ने सर्वाधिक रन 62 बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 77 गेंदों में 46 रन बनाए। बाबर आजम ने 26 गेंदों में 23 रन बटोरे। खुशदिल शाह ने सातवें नंबर पर उतरने के बाद 39 गेंदों में 38 रन की पारी खेली। उन्होंने दो छक्के लगाए। भारत के लिए कुलदीप यादव ने तीन और हार्दिक पांड्या ने दो विकेट चटकाए। हर्षित राणा, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने एक-एक शिकार किया। पाकिस्तान के दो प्लेयर रनआउट हुए।

### यूएसएड फंडिंग विवाद पर कांग्रेस का आरोप

# भाजपा झूठों व अनपढ़ों की बारात



पीएम मोदी व विदेश मंत्री एस जयशंकर से मांगा जवाब

**नई दिल्ली**, 23 फरवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिकी एजेंसी (यूएसएड) के अनुदान को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस ने रविवार को भाजपा पर अमेरिका से फर्जी खबरें फैलाकर राष्ट्र विरोधी कार्य करने का आरोप लगाया। विपक्षी दल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी जवाब देना होगा कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क बार-बार भारत का अपमान कर रहे हैं, तो सरकार चुप क्यों है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा झूठों और अनपढ़ों की बारात है। जिस 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर भाजपाई और चरणचुंबक उछल रहे थे, वो खबर तो फर्जी निकली। वर्ष 2022 में 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर, भारत में 'मतदान प्रतिशत बढ़ाने' के लिए नहीं, बल्कि बांग्लादेश के लिए थे।'' रमेश ने कहा कि एलन मस्क ने फर्जी दावा किया, ट्रंप को ढाका और दिल्ली के बीच गलतफहमी हुई, अमित मालवीय ने झूठ आगे फैलाया, फिर भाजपा के चरणचुंबकों ने उसे लपक लिया।''

जयराम रमेश ने कहा कि जबसे ट्रंप प्रशासन के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) ने 16 फरवरी को कहा कि यूएसएड ने 'भारत में मतदान' के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुदान रद्द कर दिया है, तब से भाजपा कांग्रेस पर मनगढ़ंत आरोप लगा रही है। लेकिन अब पता चल रहा है कि यह पूरी खबर तो फर्जी है। जब पैसा भारत आया ही नहीं, तो (अनुदान) रद्द कैसे होगा।

### दिल्ली विस के लिए 'आप' का एजेंडा तय

# आतिशी होंगी नेता प्रतिपक्ष

**नई दिल्ली**, 23 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री और कालकाजी से विधायक आतिशी विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। आम आदमी पार्टी की रविवार को हुई विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक में अरविंद केजरीवाल के अलावा पार्टी के सभी 22 विधायक मौजूद थे। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि 'आप' के विधायक दल की बैठक हुई जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से आतिशी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना। यह पहली बार है जब दिल्ली विधानसभा में कोई महिला विपक्ष की नेता बनी हैं। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नाते आम आदमी पार्टी भाजपा सरकार से सारे वादे पूरे करवाएगी। प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को 2500 देने का वादा पूरा करवाना हमारी प्राथमिकता होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि उन्हें (विपक्ष) अपनी पार्टी संभालनी चाहिए।

**मौसम** — विश्व मौसम संगठन की रिर्पोट में खुलासा

# आगामी तीन माह पड़ेगी अधिक गर्मी

■ बढ़ सकती हैं सूखा, लू, भारी बारिश जैसी मौसमी घटनाएं

**नई दिल्ली, 23 फरवरी (एजेंसियां)। आने वाले तीन महीनों मार्च से मई 225 के दौरान वैश्विक स्तर पर तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। खासकर अरब प्रायद्वीप, उत्तर-पूर्वी एशिया, पश्चिमी तटीय भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में अधिक गर्मी दर्ज की जा सकती है।**



*विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार, इसके साथ ही, सूखा, लू, भारी बारिश जैसी मौसमी घटनाएं बढ़ सकती हैं, जो बाढ़, बीमारियों और कीटों के हमलों को बढ़ावा देकर फसलों की पैदावार और गुणवत्ता पर असर डाल सकती हैं। पिछले तीन महीनों (नवम्बर 2024 से जनवरी 2025) के मौसम के आंकड़ों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है कि आगामी मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे, लेकिन गर्मी सामान्य से अधिक बनी रहेगी। दुनिया के जिन इलाकों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है, उनमें अफ्रीका के बड़े हिस्से, मेडागास्कर, ज्यादातर एशियाई क्षेत्र, दक्षिण अमेरिका के कुछ भाग, कैरिबियन, मध्य अमेरिका, उत्तरी अमेरिका के दक्षिणी और पूर्वी हिस्से, पश्चिमी प्रशांत और पूरा यूरोप शामिल हैं। विशेष रूप से अरब प्रायद्वीप, उत्तर-पूर्वी एशिया, पश्चिमी तटीय भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में तापमान सामान्य से कहीं अधिक हो सकता है।*

***अल नीनो या ला नीना का प्रभाव नहीं***

*मार्च से मई 2025 तक प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य होने की उम्मीद है, जिससे इस दौरान कोई मजबूत अल नीनो या ला नीना प्रभावी नहीं रहेगा। यह स्थिति अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) की तटस्थ अवस्था को दर्शाती है। हालांकि, भूमध्यरेखीय अटलांटिक महासागर के उत्तरी और दक्षिणी भागों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट बताती है कि नवम्बर 2024 से जनवरी 2025 के बीच ज्यादातर महासागरों में समुद्री सतह का तापमान (एसएसटी) सामान्य से अधिक था।*

# पथरिया में 79.31 प्रतिशत मतदान हुआ





**मुंगेली**, 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिले के जनपद पंचायत पथरिया में तृतीय चरण का मतदान शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गया। लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी वर्गों के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कुल 79.31 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई थीं। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने के साथ-साथ मतदाताओं को निर्बाध रूप से मतदान करने का अवसर प्रदान किया गया। मतदान समाप्ति के बाद सभी मतदान केंद्रों पर मतगणना संपन्न कराई गई, जिसके पश्चात मतदान दलों की मंगल भवन, पथरिया में सकुशल वापसी हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मेनका प्रधान ने मतदान दलों का पुष्पहार से स्वागत किया और चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए उन्हें बधाई दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि इस चरण में कुल 110011 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें 55991 पुरुष और 54020 महिला मतदाता शामिल रहे। मतदान का कुल प्रतिशत 79.31 दर्ज किया गया, जिसमें पुरुषों का मतदान प्रतिशत 79.80 और महिलाओं का मतदान प्रतिशत 79.81 रहा।चुनाव के प्रति ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जिससे मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। सभी मतदाताओं ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मतदान संपन्न, दलों की वापसी शुरू

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत जनपद पंचायत पथरिया में मतदान प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। मतदान समाप्त होने के बाद चुनाव में तैनात मतदान दलों की वापसी शुरू हो गई है।इस अवसर पर मंगल भवन, पथरिया में अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मेनका प्रधान ने मतदान दलों का स्वागत किया और शांतिपूर्ण व सुचारु रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए उनकी सराहना की।प्रशासनिक अधिकारियों ने मतदान दलों को सफल निर्वाचन प्रक्रिया के लिए बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की और कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव लोकतंत्र की मजबूत नींव होते हैं।

### नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के दूसरे चरण के तहत संपन्न हुए मतदान के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। आज जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित एक समारोह में अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी ने नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र सौंपे और उन्हें शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की उप संचालक सुश्री भूमिका देसाई ने जानकारी दी कि जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 डिंडौरी से अनीता कोमल साहू, क्षेत्र क्रमांक 02 कोदवामहंत से समुंद सिन्द्राम, क्षेत्र क्रमांक 03 बोड़तराकला से रत्ना संजय काठले, क्षेत्र क्रमांक 04 मनोहरपुर से शांति देवचरण भास्कर और क्षेत्र क्रमांक 05 औराबांधा से कुंती उदय जायसवाल ने जीत दर्ज की है।



गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दूसरे चरण में 20 फरवरी को लोरमी विकासखंड में मतदान हुआ था। इसके बाद मतगणना पूरी कर विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### लोरमी ब्लॉक में सर्वाधिक 9 लाख बैलेट पेपर का उपयोग

ब्लॉक लोरमी में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 पूरी तरह से सफल रहा। मतदान प्रक्रिया की शुरुआत से लेकर अंतिम चरण के परिणामों की घोषणा तक सभी कार्य सुगमतापूर्वक संपन्न हुए। जिले में सबसे अधिक करीब 9 लाख बैलट पेपर का उपयोग किया गया। निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों—मतदान दलों के प्रशिक्षण, नामांकन प्रक्रिया, वितरण एवं वापसी केंद्रों की व्यवस्थाओं, मतगणना, और लॉजिस्टिक सुविधाओं—का कुशल संचालन किया गया।

पूरे निर्वाचन प्रबंधन की सराहना लोरमी, जिला मुंगेली से लेकर रायपुर प्रदेश मुख्यालय तक की जा रही है। लोरमी में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया रिटर्निंग ऑफिसर श्री शेखर पटेल के नेतृत्व में निर्विघ्न रूप से आयोजित की गई। उनके सहयोगी के रूप में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचराम घृतलहरे, शांतनु तारम, प्रभारी तहसीलदार महेत्तर प्रसाद कौशिक, नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश सोनी, प्रकाश यादव, एवं मास्टर ट्रेनर राघवेन्द्र सोनी, जी. एल. डड़सेना, प्रमोद नामदेव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और निर्वाचन को सफल बनाने में उत्कृष्ट कार्य किया।

# विहिप दुर्गावाहिनी द्वारा माता जीजाबाई बाल संस्कार केंद्र संचालित

### सप्ताह में दो दिन बच्चों को दी जा रही धर्म और संस्कृति की शिक्षा

**मुंगेली**, 23 फरवरी (देशबन्धु)। विश्व हिन्दू परिषद दुर्गावाहिनी द्वारा माता जीजाबाई बाल संस्कार केंद्र की स्थापना की गई है, जहां सप्ताह में दो दिन गुरुवार और रविवार को बच्चों को धर्म और संस्कृति से जुड़ी शिक्षा दी जा रही है।

संचालन जिला बाल संस्कार केंद्र प्रमुख छाया सोनी और नगर बाल संस्कार केंद्र प्रमुख जान्हवी ठाकुर द्वारा किया जा रहा है। यह केंद्र सोनार पारा राम मंदिर में शाम 5 से 6 बजे तक संचालित होता है।इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक मूल्यों और नैतिकता से परिचित कराना है, ताकि वे अपने जीवन में अनुशासन, शिष्टाचार और परंपराओं का पालन कर सकें। इस पहल के माध्यम से बच्चों को



इस केंद्र में हनुमान चालीसा, श्री राम स्तुति, मंत्रों का उच्चारण, धार्मिक प्रेरणास्त्रोत, आगमिक धार्मिक त्यौहारों की जानकारी, शिष्टाचार और अनुशासन जैसी महत्वपूर्ण शिक्षाएं दी जाती हैं, जिससे बच्चों में नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास हो सके। बाल संस्कार केंद्र का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने का प्रयास किया जा रहा है।संस्था का मानना है कि आज के दौर में बच्चों को सही दिशा में मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है, ताकि वे अपनी जड़ों से जुड़े रह सकें और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को आगे बढ़ा सकें।

# ग्राम पंचायतों में देर रात तक होता रहा मतदान



**तखतपुर** 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत में तखतपुर विकासखण्ड में देर रात तक परिणाम आते ही जश्न का माहौल मतदान होता रहा। मतदान के बाद तुरंत शुरू हुई मतगणना में सरपंच और पंचों के परिणाम आने लग गए थे वहीं जनपद और जिला पंचायत सदस्य के परिणाम देर रात तक आ जाएंगे। कुछ पंचायतों में तो शाम होते ही जश्न का माहौल बनना शुरू हो गया था ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान होने के कारण शहरी क्षेत्र में सन्नाटा पसरा हुआ था। गांव की सरकार बनाने के लिए ग्रामीण आज सुबह से ही मतदान स्थल पर पहुंचनें लग गए। दोपहर 1 बजे तक 58 प्रतिशत मतदान तखतपुर विधानसभा में हो गया था और देर रात तक कई गांव में एक मतदाता को चार मत देने के कारण मतदान धीमा होता रहा और देर रात तक कई ग्राम पंचायतों में मतदान चलता रहा वहीं कुछ पंचायतों में जहां मतदान समय से हो गया था वहां मतगणना भी समय से शुरू कर दी गई थी जिसके रूझान आने लग गए थे जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के परिणाम देर रात तक मतगणना के बाद स्पष्ट हो जाऐंगे वहीं सरपंचों की मतगणना पूर्ण हो जाने से कुछ गांव में जश्न का माहौल बन गया था। ग्राम पंचायत पड़रिया में सरपंच के लिए दुर्गेश मरावी को 490 मत प्राप्त हुए वहीं आशीष पोर्ते को 196 मत तथा डोंगरहा ध्रुव को 150 मत प्राप्त हुए दुर्गेश मरावी 294 वोट से सरपंच विजयी हुए। वहीं ग्राम दैजा से सरपंच के लिए संतोषी कौशिक, हरदी से संतोष कुमार कौशिक सरपंच बने, जरेला से विक्की साहू सरपंच बने, सिलतरा से सुनील साहू सरपंच बने, खपरी से शिव मोहन बंजारे सरपंच बने, परसाकापा से श्यामसुंदर कश्यप सरपंच बने, हांफा से शंता जित्तू जांगड़े सरपंच बने।

100 साल की बुजूर्ग महिलाने मतदान किया- ग्राम पंचायत करनकापा आश्रित खम्हरिया में 100 वर्षीय बुजूर्ग ने घर में मतदान करने की जब इच्छा जताई तब उसके बेटे ने मां दुवसिया बाई पाली को वाहन से मतदान केंद्र तक लाया और मतदान केंद्र में मतदान कराया। 100 वर्षीय बुजूर्ग को वोट देने जब मतदान केंद्र में आयी तब पीठासिन अधिकारी और मतदान दल ने बुजूर्ग महिला का ताली बजाकर स्वागत किया।

# सब्जियों के दामों में भारी गिरावट, टमाटर 80 से 5 रुपए किलो पर पहुंचा

### किसानों की बढ़ी परेशानी, ग्राहक हुए खुश, गोल बाजार में पसरा सन्नाटा



मुंगेली, 23 फरवरी (देशबन्धु)। मुंगेली में सब्जी बाजार में भारी मंदी देखने को मिल रही है। सब्जियों की आवक बढ़ने के कारण उनके दामों में भारी गिरावट आई है। कुछ दिनों पहले 70-80 रुपए किलो तक बिकने वाला टमाटर अब मात्र 5 रुपए किलो में बिक रहा है। इसी तरह हरी सब्जियों की कीमतों में 50त्न तक की गिरावट दर्ज की गई है। जहां इस गिरावट से ग्राहक और व्यापारी खुश हैं, वहीं किसान परेशान हो गए हैं।सर्दी के अंत में लोकल सब्जियों की अच्छी पैदावार हो रही है, जिससे बाजार में भारी मात्रा में सब्जियां आ रही हैं। इससे पहले सब्जियों के दाम आसमान छू रहे थे, लेकिन जैसे ही स्थानीय किसानों की फसलें तैयार हुईं, बाजार में सब्जियों की भरमार हो गई, जिससे कीमतें आधी रह गईं।सब्जियों के सस्ते होने से बाजार में ग्राहक अधिक मात्रा में सब्जियां खरीद रहे हैं। खासतौर पर स्ट्रीट फूड विक्रेता, ठेले वाले और रेस्टोरेंट व्यवसायी इससे खुश हैं क्योंकि उन्हें कम कीमत पर अधिक मात्रा में सब्जियां मिल रही हैं।टमाटर, मटर, गोभी और अन्य हरी सब्जियों के दाम गिरने से किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। कभी 80-90 रुपए किलो बिकने वाला टमाटर अब 5 रुपए किलो बिक रहा है, जिससे किसानों को लागत भी निकालना मुश्किल हो रहा है। किसानों का कहना है कि महंगे समय में फसल बेचकर जो लाभ हुआ था, वह अब इस नुकसान से पूरा खत्म हो रहा है।

### गोल बाजार में सब्जियों के ताजा भाव

टमाटर -5 किलो, आलू -20 किलो, फूलगोभी -15 किलो, पत्तागोभी-10 किलो, मटर -30-35 किलो, करेला -50 किलो, शिमला मिर्च -40 किलो, हरी मिर्च -40 किलो, भिंडी -40 किलो, लौकी-15 किलो, पालक, लालभाजी-20 किलो, मेथी भाजी-30 किलो।

चुनावी माहौल से बाजार में सन्नाटा,व्यापारियों का कहना है कि गांवों में पंचायत चुनाव का माहौल होने के कारण ग्रामीण खरीदार शहर के बाजार नहीं आ रहे हैं। इससे बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है, जिससे व्यापारियों को भी नुकसान झेलना पड़ रहा है।व्यापारियों का मानना है कि जब तक चुनावी माहौल खत्म नहीं होता और ग्रामीण बाजार में सक्रिय नहीं होते, तब तक बाजार की स्थिति में सुधार मुश्किल है। वहीं, किसानों को भी फसल के सही दाम मिलने की उम्मीद है, लेकिन फिलहाल सब्जियों की अधिक आपूर्ति के चलते मंदी का दौर बना रहेगा।

# वैचारिक महाकुंभ में छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों ने किया स्नान



**बिलासपुर** 23 फरवरी (देशबन्धु)। भारतेंदु साहित्य समिति के तत्वाधान में उपन्यास मुई मरजानी का विमोचन करते मुख्य अतिथि प्रो.रामगोपाल सिंह ने कहा-केशव शुक्ला के उपन्यास मुई मरजानी का हिंदी समाज में भरपूर स्वागत होगा तथा विश्व साहित्य में विभिन्न भाषाओं में अनुदित होकर विश्व साहित्य में भी यह अपनी विशिष्ट पहचान कायम करेगा।

उन्होंने कहा-इस उपन्यास में किन्नर समाज की जीवन गाथा प्रस्तुत की गई है।देश में प्रस्तुत किन्नर केंद्रित उपन्यासों की श्रृंखला में यह उपन्यास मील का पत्थर सिध्द होगा। इसमें किन्नर समाज का रामराज्य दर्शित है।इसमें पात्रों के उदार एवं उदात्त चरित्र को उभारा गया है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार के कुलपति डॉ.विनय कुमार पाठक ने कहा-मुई मरजानी सकारात्मक विचारों से परिपूर्ण औपन्यासिक कृति है।यह सनातनी किन्नर केंद्रित अर्थात असली किन्नर के चरित्र के आधार पर लिखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि केशव शुक्ला सतत सृजनशील रहते हुए यहां की साहित्यिक परंपरा को बनाये हुए हैं साथ ही कुशल संपादन और समीक्षक का दायित्व भी निभा रहे हैं।किन्नर के प्रति नकारात्मक सोच- विचारों को सकारात्मक सोच-विचारों में बदले जाने की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि अमलनेर महाराष्ट्र से आये प्रो.डॉ.सुरेश माहेश्वरी ने कहा-केशव शुक्ला का उपन्यास सज रही गली मेरी माँ के तदंतर यह उपन्यास मुई मरजानी का प्रकाशन हुआ है।इस उपन्यास का लक्ष्य किन्नरों की आत्मचेतना को जगाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति चन्द्रभूषण वाजपेयी जी ने कहा-इस उपन्यास को पढ़ना आरंभ करने के बाद पाठक समाप्त करके ही छोड़ता है।इस उपन्यास को पढ़ते अनेक अदभुत अनुभूतियां हुईं।

विशिष्ट अतिथि भारतेंदु साहित्य समिति के विजय तिवारी जी ने केशव शुक्ला के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा-अच्छा व्यक्ति ही अच्छा साहित्य रच सकता है।यह बात केशव जी से स्पष्ट हो जाती है।

विशिष्ट अतिथि महाराणा प्रताप महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अनिता सिंह जी ने कहा-केशव जी के उपन्यास मुई मरजानी में आम आदमी गोलू रसोइया के दोस्त बंशी के माध्यम से किन्नर के प्रति जिस नजरिए की अभिव्यक्ति की है, निश्चय ही यह समाज को नयी दिशा देगी- बंशी कहता है,हिजड़े भी तो आदमी होते हैं।भगवान ने उन्हें हिजड़ा बनाया इसमें उनका क्या दोष। यदि पूरा समाज किन्नर के प्रति ऐसी ही मानवतावादी सोच रखे तो निश्चय ही किन्नर समाज से उपेक्षित व तिरस्कृत नहीं बल्कि समाज में मिलकर रहेंगे।

### राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा रमाकांत उत्तीर्ण हुए



**तखतपुर** 23 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीयपात्रता प्रवेश परीक्षा में तखतपुर के छात्र रमाकांत चंद्राकर ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

ब्लाक कालोनी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिक सियाराम चंद्राकर मां शिवकुमारी चंद्राकर के पुत्र रमाकांत चंद्राकर शुरू से ही पड़ने लिखने में होनहार थे कल जारी हुए नेट दिसम्बर 2024 के परीक्षा परिणाम में रमाकांत चंद्राकर परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है जिससे परिवार में खुशी का माहौल है।

### फर्जी प्रमाण पत्र जमाकर टेंडर लेने का आरोप

**रायपुर**, 23 फरवरी (देशबन्धु)। जल संसाधन विभाग के इंजीनियर हरी मंगल सिंह ने ठेकेदार विजय वी सालूखे पर फर्जी प्रमाण पत्र जमा कर टेंडर लेने का आरोप लगाया है। ठेकेदार पर आरोप है कि पूर्व में जल संशाधन विभाग द्वारा जारी किए गए निविदा में फर्जी प्रमाण पत्र जमा कर टेंडर लेकर थोखाधड़ी की। विभाग को मिले शिकायत के बाद जांच पड़ताल में ठेकेदार विजय वी सालूखे को दोषी पाया गया। जिसपर विभाग के द्वारा ठेकेदार के खिलाफधोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। जल जीवन मिशन के इंजीनियर हरी मंगल सिंह ने रिपोर्ट में बताया कि वह रावतपुरा फेस 2 रहता है। निवीदा प्रकोष्ठ जल जीवन मिशन कार्यालय नीर भवन रायपुर में एवं परियोजना खंड रायपुर में कार्यचलन अभियंता के पद पर है। विभाग को मेसर्स विजय वी सालूखे बी.60 टेसरी पार्क के सामने स्ट्रीट रोडए महाराष्ट्र जो वर्तमान में अशोका रत्नए शंकर में रहता है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आरती बर्वे, पिता श्री विनोद बर्वे, पूर्व में अपने शैक्षणिक एवं अन्य आधिकारिक दस्तावेजों में इसी नाम से जानी जाती थी। विवाह के पश्चात मेरा नाम श्रीमती स्नेहा विवेक दांडेकर, पति श्री विवेक मधुकर दांडेकर हो गया है, जिसे मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अद्यतन किया जा चुका है।**

**अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम श्रीमती स्नेहा विवेक दांडेकर, पति श्री विवेक मधुकर दांडेकर से ही जाना और पहचाना जाए।**

**श्रीमती स्नेहा विवेक दांडेकर**
**पति श्री विवेक मधुकर दांडेकर**
**तिलक नगर, बिलासपुर,**
**छत्तीसगढ़**

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### ग्राम सरकार चुनने ...

की वजह से ग्रामीणों ने अपनी बात खुल कर नहीं रखी। 2 बजे तक मतदान होने के बाद मतों की गिनती भी शुरू हो गयी थी। परिणाम देर रात तक सामने आने की उम्मीद है। इस ब्लाक में मतदान के लिए कुल 68 मतदान दल गठित किये गए थे, जिसमें 352 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई थी। सुरक्षा के लिए जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा सीएएफ के जवानों की भी ड्यूटी लगी थी। सुचारू रूप से मतदान के लिए सेक्टर आफिसर्स, सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। आज इस ब्लाक की जिला पंचायत की दो सीटों के लिए के लिए भी वोट डाले गए। अब तक 8 सीटों का परिणाम आ चुका है, जिसमें भाजपा 4, कांग्रेस 3 और 1 पर सीपीआई समर्थित उम्मीदवारों की जीत हुई है। आज के परिणाम के बाद जिला पंचायत की तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

### महासमुंद में बड़ी संख्या में ...

रूझान मिल गए और अपनी जीत-हार तय कर खुशी-गम बटोरते रहे। विधिवत सारणीयन के बाद विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। दोपहर 1 बजे तक गढ़सिवनी के बूथ क्रा. 258 में 71 प्रतिशत तथा जोबा के मतदान केंद्र 261 में 60 प्रतिशत मतदान हो गया था वही जोबा में ही बूथ क्र. 262 में 51 प्रतिशत मतदान किया गया था। इसी तरह पीढी में सवा 2 बजे तक बूथ क्र. 253 में 66 प्रतिशत, 266 में 55 प्रतिशत मतदान हुआ था। सिरपुर, भोरिंग, बेमचा, परसदा, छपोराडीह आदि स्थानों पर मतदाताओं की लंबी कतार देखी गई वही मतदान केंद्रों के बाहर प्रत्याशियों के समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा। अनेक मतदान केंद्रों में दोपहर 3 बजे के बाद आने वाली मतदाताओं को बैरंग लौटना पड़ा। ग्राम खैरझिटी में पीठासीन अधिकारी द्वारा केंपस के भीतर पहुंचने वाले मतदाताओं को पर्ची बाटने के बाद 6 मतदाता पहुंचे जिन्हें बिना मतदान के ही लौटना पड़ा।

### वनांचल क्षेत्र में ...

सदस्यों और तीन जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। नगरी जनपद क्षेत्र में कुल 102 ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिए नामांकन प्राप्त किए गए थे । इनमें से 10 ग्राम पंचायतों में सरपंचों का निर्वाचन निर्विरोध हो गया है। इसी तरह कुल 1378 पंच पदों में से 829 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया जा चुका है। नगरी जनपद क्षेत्र में अब 92 सरपंच पदों पर निर्वाचन के लिए 328 अभ्यर्थी और 549 पंच पदों के लिए 1284 प्रत्याशी मुकाबले में रहे। नगरी जनपद क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 249 मतदान केन्द्र बनाए गए थे । जनपद क्षेत्र में 25 जनपद सदस्य पदों के लिए 82 और तीन जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में थे । नगरी पंचायत निर्वाचन क्षेत्र को शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए 17 सेक्टर में विभाजित किया गया था, जिसके लिए 41 रूट चिन्हांकित किए गए थे । मतदान कराने के लिए लगभग 275 मतदान दल बनाए गए थे।

### विधानसभा सत्र ...

अभिभाषण के बाद सभी सदस्य निर्माणाधीन नए विधानसभा परिसर का निरीक्षण करने जाएंगे।

वहीं नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की जीत पर डॉ रमन सिंह ने कहा कि भाजपा ने हैट्रिक लगाया है। ऐतिहासिक रिजल्ट रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी पूरी करने की दिशा में बेहतर काम किए हैं। मोदी की गारंटी का तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है।विपक्ष से आग्रह है कि सदन की कार्यवाही का अधिक से अधिक उपयोग करें।विधानसभा के बाहर जितना सक्रिय रहे उससे ज़्यादा भीतर सक्रिय रहे तो बेहतर होगा।

# छत्तीसगढ़ में सतत वन प्रबंधन को मजबूती देने के लिए ठोस नीतियां बनाने पर जोर

**रायपुर**, 23 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ वन विभाग और नई दिल्ली स्थित द एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट टेरी के संयुक्त प्रयास से वन पारिस्थितिकी तंत्र की सेवाओं और उनकी राज्य की जीडीपी में संभावित योगदान विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। नवा रायपुर स्थित दंडकारण्य सभागार अरण्य भवन में आयोजित इस कार्यशाला में देशभर के विशेषज्ञों ने वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के आर्थिक मूल्यांकन और नीति निर्धारण में उनकी भूमिका पर विचार.विमर्श किया। क

ार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ;भूमि प्रबंधनद्ध सुनील कुमार मिश्रा ने छत्तीसगढ़ द्वारा वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के आर्थिक मूल्यांकन की दिशा में की जा रही पहल की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ इस पहल को अपनाने वाला देश का पहला राज्य हैए जिससे ग्रीन जीडीपी में वन संसाधनों का योगदान स्पष्ट होगा। टेरी के वरिष्ठ निदेशक भूमि संसाधन प्रभागए डॉण् जेण्वीण् शर्मा ने इस अध्ययन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वन विभाग की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कार्बन फाइनेंसिंगए पुनर्वनीकरण और पारिस्थितिकी सेवाओं के मूल्यांकन की आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी।प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी श्रीनिवास राव ने कहा कि वन पारिस्थितिकी तंत्र की सेवाओं का उचित मूल्यांकन आर्थिक योजनाओं और बजट प्रबंधन को अधिक प्रभावी बना सकता है। पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ आर के सिंह ने नीति निर्माण में पारिस्थितिकी सेवाओं के मूल्यांकन की अनिवार्यता पर जोर देते हुए वन विभाग में एक विशेष प्रकोष्ठ स्थापित करने का सुझाव दिया। वहींए पूर्व पीसीसीएफडॉण्



एण्केण् सिंह ने इस विषय पर सरल भाषाए विशेषकर हिंदी में रिपोर्ट तैयार करने की आवश्यकता बताई ताकि फील्ड स्तर के कर्मचारी इसे आसानी से समझ सकें। कार्यशाला में देश.विदेश के विशेषज्ञों ने भी अपने विचार रखे। लिविंग लैंडस्केप्सए हैदराबाद के सीईओ श्री जगदीश राव ने ग्रीन जीडीपी और प्राकृतिक संसाधन के लेखांकन पर अपने सुझाव दिए। टेरी के जैव विविधता एवं पारिस्थितिकी केंद्र के विशेषज्ञों ने भी तकनीकी सत्रों में अपनी प्रस्तुति दी। श्री अनिरुद्ध सोनी ने पर्यावरण.आर्थिक लेखा प्रणाली के जरिए वन सेवाओं को राज्य की जीडीपी में शामिल करने की प्रक्रिया समझाई। श्री प्रांजल चौहान ने छत्तीसगढ़ में पारिस्थितिकी सेवाओं के मूल्यांकन को लागू करने की कार्ययोजना प्रस्तुत की जिसमें वन क्षेत्र से सटे गांवों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों में यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट इंग्लैंडए ब्रिस्टल ;यूकेद्ध के प्रोफेसर मार्क एवरार्ड और मुंबई स्थित वाइल्डलाइफप्रोटेक्शन फाउंडेशन के निदेशक डॉण् शिवाजी चव्हाण ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यशाला का समापन छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र के परियोजना वैज्ञानिक डॉ अनिल श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# देश

उवाच “ महागठबंधन और इंडी गठबंधन बिहार में पूरी तरह मजबूत है। उन्होंने कहा कि हर दल की इच्छा होती है कि वह ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़े, लेकिन अंतिम फैसला नेतृत्व की बैठक में ही होता है। सीटों को लेकर कोई विवाद नहीं है। जब बिहार में इंडी गठबंधन का नेतृत्व तेजस्वी यादव कर रहे हैं, तो जो जिसके हक की सीट होगी, उस पर स्वाभाविक रूप से विचार किया जाएगा: **शक्ति सिंह यादव, मुख्य प्रवक्ता राजद**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.7 | 1.3 |
| मुंबई | 37.2 | 21. |
| कोलकाता | 3.3 | 21.6 |
| चेन्नई | 33.5 | 22.5 |

# अहमदाबाद में 8 -9 अप्रैल को होगा कांग्रेस अधिवेशन

■ **राहुल गांधी, कांग्रेस-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और अन्य एआईसीसी प्रतिनिधि भी शामिल होंगे**



**यह दो दिन का अधिवेशन होगा जिसमें एआईसीसी प्रतिनिधि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और संविधान तथा उसके मूल्यों पर लगातार हो रहे हमलों से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने के बाद पार्टी की भविष्य की कार्ययोजना तय की जाएगी: केसी वेणुगोपाल, महासचिव कांग्रेस**

**नई दिल्ली,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस का अधिवेशन आगामी 08 और 09 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होगा जिसमें देशभर से आए कांग्रेस के प्रतिनिधि पार्टी की समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों पर विचार विमर्श करेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी का यह दो दिन का अधिवेशन होगा जिसमें एआईसीसी प्रतिनिधि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और संविधान तथा उसके मूल्यों पर लगातार हो रहे हमलों से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार- विमर्श करने के बाद पार्टी की भविष्य की कार्ययोजना तय की जाएगी।

उन्होंने बताया 'यह सत्र 08 अप्रैल को विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति- सीडब्ल्यूसी की बैठक के साथ शुरू होगा और फिर 09 अप्रैल को एआईसीसी प्रतिनिधियों की बैठक होगी। दोनों बैठकों की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे। इन बैठकों में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और अन्य एआईसीसी प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। यह अधिवेशन, पिछले दिनों 1924 के सत्र में महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद संभालने की सौवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित, बेलगावी में हुई विस्तारित सीडब्ल्यूसी की नव सत्याग्रह बैठक के प्रस्तावों की प्रगति के रूप में आयोजित की जा रही है।' कांग्रेस महासचिव ने कहा 'महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर और संविधान की विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता को पहचानते हुए यह निर्णय लिया गया था कि 26 जनवरी 2025 और 26 जनवरी 2026 के बीच कांग्रेस 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा' के तहत एक विशाल, राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी। साथ ही महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और न्याय के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए उनकी जन्मस्थली गुजरात में कांग्रेस अधिवेशन आयोजित किया जाएगा।'

उन्होंने कहा 'अहमदाबाद सत्र न केवल महत्वपूर्ण विचार- विमर्श के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा, बल्कि आम लोगों की चिंताओं का समाधान करने और राष्ट्र के लिए एक मज़बूत वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए कांग्रेस के सामूहिक संकल्प की पुष्टि भी करेगा।'

## कांग्रेस को जरूरत नहीं तो मेरे पास `विकल्प' मौजूद है : थरूर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केरल की वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार की तारीफ से विशेष चर्चा में आये तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने यह कहकर अब सबको चौंका दिया है कि पार्टी के लिए वह उपलब्ध हैं लेकिन यदि उनकी सेवाओं की ज़रूरत नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह बयान मलयाली भाषा के एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को दिया है। इस बयान के बाद उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलें और तेज हो गई हैं हालांकि उन्होंने इसका खंडन किया है। थरूर ने हाल में मोदी की अमेरिका यात्रा की तारीफ करने के साथ ही केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजय के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार के कामों की प्रशंसा की जिसके कारण राजनीतिक गलियारे में उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलें बढ़ गई थीं। हालांकि इन टिप्पणियों के बीच श्री थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अफवाहों का खंडन किया और कहा कि वह सिर्फ अपने काम को लेकर पार्टी से सवाल कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ चुनाव लड़ने के बाद से ही अलग थलग नज़र आ रहे तिरुवनंतपुरम से चौथी बार पार्टी के टिकट पर लोकसभा पहुंचे श्री थरूर ने पार्टी नेता राहुल गांधी से भी अपनी भूमिका तय करने को लेकर बात की लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला।

प्रधानमंत्री के बिहार आगमन पर राजद नेता तेजस्वी यादव का तंज, कहा

# 'चुनाव को देखते हुए बार-बार आएंगे'



**इस साल बिहार में चुनाव होना है। प्रधानमंत्री के अलावा उनके मंत्री बार-बार आएंगे। उनकी पार्टी के लोग आएंगे। सवालिया लहजे में कहा कि प्रधानमंत्री आ रहे हैं, तो क्या बेरोजगारी खत्म करने आ रहे हैं?: तेजस्वी यादव**

पटना, 23 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को बिहार की एक दिवसीय यात्रा पर भागलपुर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री अब बार-बार बिहार आएंगे। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी ने कहा कि इस साल बिहार में चुनाव होना है। प्रधानमंत्री के अलावा उनके मंत्री बार-बार आएंगे। उनकी पार्टी के लोग आएंगे। सवालिया लहजे में कहा कि प्रधानमंत्री आ रहे हैं, तो क्या बेरोजगारी खत्म करने आ रहे हैं? बिहार की गरीबी खत्म करने आ रहे हैं? पलायन रोकने आ रहे हैं क्या? साक्षरता के मामले में, प्रति व्यक्ति आय के मामले में बिहार सबसे पीछे है। बिहार को उन्होंने दिया क्या है? प्रधानमंत्री हैं, उन्हें कौन रोकेगा, आना ही चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जब पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा नहीं दे पाए, तो और क्या उम्मीद की जा सकती है। इधर, बिहार के पूर्व मंत्री और राजद के नेता तेज प्रताप यादव ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर कहा कि इससे बिहार को कोई लाभ नहीं होने वाला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीति में आने की चर्चा को लेकर तेज प्रताप ने अपने अंदाज में कहा कि 'निशांत जी को राजद में आ जाना चाहिए'। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी सोमवार को बिहार के भागलपुर में पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे, जिसके तहत 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को 21,500 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, पीएम मोदी मोतिहारी में निर्मित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत विकसित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इंडिजिनस ब्रीड्स का उद्घाटन करेंगे।

## बिहार को पीएम मोदी 11 साल तो `जुमला' ही दिया : मृत्युंजय तिवारी



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को बिहार के भागलपुर आ रहे हैं। उससे पहले राजद ने प्रधानमंत्री की यात्रा पर तंज कसा है। राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि इस चुनावी वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी अब बिहार को याद करेंगे। बिहार के साथ तो इतने दिन धोखा ही हुआ है, छलावा किया गया है। पिछले 11 वर्षों में जुमले के अलावा क्या मिला? उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना यूनिवर्सिटी को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मांगा था, लेकिन नहीं दिया गया, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया गया। विशेष पैकेज कहां है? बिहार की भलाई अब डबल इंजन की सरकार की विदाई में है। उन्होंने कहा कि अब सबको बिहार याद आएगा। पिछली बार 2020 में भाजपा के 32 हेलीकॉप्टर पर तेजस्वी यादव का एक हेलीकॉप्टर भारी था। इस बार तेजस्वी यादव ही सरकार बनाएंगे और रोजगार की भरमार करेंगे।

## सार संक्षेप

### लोकसभा चुनाव में किए वादों को एक-एक करके पूरा कर रहे पीएम मोदी : चिराग

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में जो भी वादे बिहार के लिए किए थे, एक-एक कर उन तमाम वादों को पूरा करने का काम कर रहे हैं। पीएम मोदी वादों को पूरा करने की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिन पूर्व बिहार के दरभंगा में प्रदेश के लिए एक और एम्स दिया गया। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि आधारभूत संरचनाओं से लेकर विकास को लेकर, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में या अलग-अलग परियोजनाओं को पूरा करने की कड़ी में ही सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी बिहार आ रहे हैं। उस कार्यक्रम में हम सब भी रहेंगे। यह दर्शाता है कि किस तरह से बिहार का विकास प्रधानमंत्री की प्राथमिकता में है।

### भाजपा रेवंत रेड्डी को बचा रही : केटीआर

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव (केटीआर) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर भ्रष्टाचार के कई आरोपों के बाद भी तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को बचाने का आरोप लगाया है। केटीआर ने अमृत टेंडर घोटाले और नागरिक आपूर्ति घोटाले सहित कांग्रेस सरकार से जुड़े घोटालों पर भाजपा की चुप्पी पर सवाल उठाया। रविवार को यहां जारी एक बयान में केटीआर ने आरोप लगाया कि भाजपा जहां राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस पर हमला कर रही है, वहीं राजनीतिक सुविधा के लिए तेलंगाना में श्री रेड्डी को गुप्त रूप से बचा रही है। उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय शहरी विकास निधि से 1337 करोड़ रुपये की हेराफेरी समेत भ्रष्टाचार के सबूत सौंपने के बावजूद केंद्र सरकार ने कार्रवाई नहीं की है। कांग्रेस मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी पर प्रकाश डालते हुये केटीआर ने महत्वपूर्ण नकदी और संपत्ति की जब्ती के बावजूद आधिकारिक अपडेट की कमी की ओर इशारा किया।

### कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बस सेवाएं बुरी तरह प्रभावित

**बेलगावी।** बेलगावी में चल रहे सीमा विवाद के बीच दोनों राज्यों के बस चालकों को निशाना बनाकर की गई हिंसक घटनाओं की एक श्रृंखला के बाद कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बस सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। बेलगावी के मरिहाल में कर्नाटक के एक बस कंडक्टर के कथित तौर पर मराठी नहीं बोलने पर की पिटाई के बाद विवाद बढ़ गया। इसी घटनाक्रम में विवाद में शामिल एक नाबालिग लड़की द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद कंडक्टर पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

# श्रीसैलम टनल में फंसे झारखंड के चार कामगार



**हर पल ले रहे रेस्क्यू की जानकारी : हेमंत सोरेन**

**रांची,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। तेलंगाना के श्रीसैलम में निर्माणाधीन टनल की छत का एक हिस्सा ढहने से फंसे आठ लोगों में चार झारखंड के गुमला जिले के रहने वाले हैं। शनिवार को इसकी जानकारी मिलने के बाद चारों मजदूरों के घरों में कोहराम मच गया है। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद स्थानीय प्रशासन के अफसरों ने मजदूरों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया है कि मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन पर राज्य की सरकार की निगाह है। सुरंग में फंसे मजदूरों में गुमला सदर थाना क्षेत्र के तिर्रा गांव निवासी संतोष साहू, घाघरा थाना क्षेत्र के खंभिया कुंबा टोली निवासी अनुज साहू, रायडीह थाना क्षेत्र के कोबी टोली गांव निवासी जगता खेस और पालकोट थाना क्षेत्र के उम्दा नकटी टोली गांव निवासी संदीप साहू शामिल हैं। गुमला के श्रमिक निर्मल साहू, बॉबी साहू और जुआरी साहू उन लोगों में हैं, जो हादसे के ठीक पहले टनल से बाहर निकलने में सफल रहे। इन्हीं श्रमिकों ने सबसे पहले अपने साथियों के घर वालों को हादसे की सूचना दी। संदीप साहू पिछले साल मजदूरी करने के लिए तेलंगाना गए थे। संदीप के साथ काम करने वाले निर्मल साहू ने शनिवार को उनकी पत्नी संतोषी देवी को घटना की जानकारी दी। इसके बाद से संतोषी देवी, बेटा ऋषभ, बेटी रीमा और राधिका की आंखों के आंसू नहीं थम रहे। इसी तरह संतोष साहू की बेटियां राधिका कुमारी और रीमा कुमारी भी रो-रोकर बेहाल हैं।

## राहुल गांधी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री से एसएलबीसी सुरंग दुर्घटना के बारे में ली जानकारी



**हैदराबाद,** 23 फरवरी (एजेंसियां) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर (एसएलबीसी) सुरंग की छत का एक हिस्सा ढह जाने के बाद फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए चल रहे अभियान के बारे में रविवार को जानकारी ली। श्री गांधी ने मुख्यमंत्री से फोन पर बातचीत की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं ने करीब 20 मिनट तक स्थिति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने श्री गांधी को बताया कि शनिवार को नगरकुर्नूल जिले के डोमलापेंटा में दुर्घटना की रिपोर्ट मिलने के तुरंत बाद मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी घटनास्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने यह भी बताया कि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है और घायलों को चिकित्सा उपचार मिल रहा है। श्री गांधी ने सरकार की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की और सुझाव दिया कि सुरंग के अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि राहत अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। मिशन में 130 एनडीआरएफ कर्मियों, 24 सदस्यीय हाइड्रा टीम, 24 सिंगरेनी कोलियरीज रेस्क्यू टीम के सदस्यों और 120 एसडीआरएफ कर्मियों के साथ सेना की 24 सदस्यीय टीम शामिल हुई है। हालाँकि, सुरंग के अंदर भूस्खलन और पानी जमा होने से बचाव प्रयासों में बाधा आ रही है। उल्लेखनीय है कि यह दुर्घटना शनिवार को एसएलबीसी सुरंग मार्ग के 14वें किलोमीटर पर तब हुई जब सुरंग के छत का एक हिस्सा ढह गया।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे दरभंगा



**तालाब में उतरकर जाना मखाने की खेती की प्रक्रिया**

**दरभंगा,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को बिहार के दौरे पर भागलपुर पहुंचने वाले हैं। इससे पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बिहार के दरभंगा पहुंचे और मखाना उत्पादन करने वाले किसानों से मिले। कृषि मंत्री दरभंगा दौरे पर खास अंदाज में दिखे जब वे धोती-कुर्ता पहने खुद तालाब में उतर गए और मखाने की खेती की प्रक्रिया की पूरी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान वह मखाना के पौधे रोपते भी नजर आए। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर भी उनके साथ रहे। कृषि मंत्री चौहान ने मखाना अनुसंधान केंद्र में किसान संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने मखाना अनुसंधान केंद्र में मखाना उत्पादों से जुड़े स्टॉलों को भी देखा। मखाना अनुसंधान केंद्र में मखाना की खेती और प्रोसेसिंग की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझा। उन्होंने किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने मखाना की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मखाना बोर्ड के गठन पर चर्चा की और किसानों की आय बढ़ाने के लिए तकनीक के इस्तेमाल करने की बात कही। कृषि मंत्री से बातचीत कर किसान भी खुश दिखे। किसानों ने भी मंत्री से मखाना उत्पादन, सालाना पैदावार और खेती में आने वाली चुनौतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि बिहार अद्भुत राज्य है। यहां का टैलेंट, यहां के मेहनती किसान और विशेषकर बिहार का मखाना 'सुपर फूड' है। मखाना का उत्पादन बढ़े, प्रोसेसिंग हो, गुणवत्ता बढ़े इसकी कोशिश हो रही है।

## अधिवक्ता विधेयक कानूनी बिरादरी की स्वायत्तता पर सीधा हमला : स्टालिन

**चेन्नई,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एमके स्टालिन ने रविवार को 'अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025' को कानूनी बिरादरी की स्वायत्तता पर सीधा हमला बताते हुये इसे वापस लेने की मांग की। श्री स्टालिन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर वर्ष 2014 से न्यायपालिका की स्वतंत्रता को व्यवस्थित रूप से कम करने का आरोप लगाया और उससे कानूनी पेशे की स्वायत्तता का सम्मान करते हुए इसे वापस लेने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वत:स्फूर्त और भारी विरोध के कारण मसौदा विधेयक को वापस लेने के बाद, यह कहना कि इस पर पुनर्विचार किया जाएगा और नए सिरे से कार्रवाई की जाएगी, निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि केंद्र ने पहले राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग(एनजेएसी) के माध्यम से न्यायिक नियुक्तियों पर कब्ज़ा करने की कोशिश की और फिर न्यायिक नियुक्तियों और तबादलों के लिए कॉलेजियम की सिफ़ारिशों की अनदेखी की है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में बढ़ते और बदलते भारत का हाईवे है केंद्रीय बजट : शेखावत



**रांची,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रांची में रविवार को 'केंद्रीय बजट-2025-26' पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत का हाईवे है, जिस पर पीएम मोदी के नेतृत्व में बढ़ते भारत, बदलते भारत की गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 का जो लक्ष्य तय किया गया है, उसमें सभी वर्गों के समावेशी विकास की परिकल्पना समाहित है। केंद्रीय बजट चार प्रमुख इंजनों द्वारा संचालित है, जिसमें ग्रामीण समृद्धि के लिए कृषि, उद्यमिता और रोजगार सृजन के लिए एमएसएमई, बुनियादी ढांचे और नवाचार के लिए निवेश और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के साथ आर्थिक वृद्धि के लिए निर्यात प्रमुख हैं। भाजपा प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 6 दशक के शासन में गरीबी हटाओ का केवल नारा दिया, जबकि मोदी सरकार में पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। इससे देश में तेजी से मध्यम वर्ग का दायरा बढ़ा है। मोदी सरकार बेहतर भविष्य के लिए मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने पर जोर दे रही है।

मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर बजट में किए गए प्रावधानों का उल्लेख करते हुए शेखावत ने कहा कि मोदी सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कर कटौती की सीमा पचास हजार से बढ़ाकर एक लाख कर दी है। टीडीएस की वार्षिक सीमा 6 लाख और जीरो टैक्स की सीमा 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख की गई है। निम्न और मध्यम वर्ग को किफायती आवास प्रदान करने के लिए स्वामी फंड-2 लॉन्च किया गया है।

# पीएम मोदी के स्वागत के लिए भागलपुर तैयार केला से मखाना तक के नाम पर खास द्वार



■ **हवाई अड्डा मैदान में किसानों और आम जनों के प्रवेश के लिए विशेष द्वार**

**भागलपुर,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को बिहार के भागलपुर में रहेंगे। अपने इस दौरे पर वह बिहार को कई सौगात देंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर भागलपुर के चौक-चौराहों को सजाया गया है। पीएम मोदी के आगमन को लेकर भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में कृषि प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में बिहार की जीआई टैग वाली फसलों के साथ-साथ केंद्रीय कृषि अनुसंधान परिषद के स्टॉल भी लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में किसानों को संबोधित करेंगे।

भागलपुर में हवाई अड्डा मैदान में किसानों और आम जनों के प्रवेश के लिए विशेष द्वार बनाए गए हैं। इन द्वारों की खासियत यह है कि इन्हें बिहार के प्रमुख कृषि उत्पादों के नाम पर रखा गया है, जिनमें से कुछ उत्पादों को जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) टैग प्राप्त है।

मुख्य द्वार का नाम 'केला द्वार' रखा गया है, जो बिहार के प्रसिद्ध केला उत्पाद को दर्शाता है। वहीं, वीआईपी द्वार का नाम 'मखाना द्वार' रखा गया है। इसके अलावा, यहां अन्य द्वार भी बनाए गए हैं, जिनमें 'मक्का द्वार', 'कतरनी द्वार', 'जर्दालु आम द्वार' और 'मगही पान द्वार' शामिल हैं। इन द्वारों के नाम बिहार के कृषि उत्पादों को सम्मान देने और उनकी पहचान को बढ़ावा देने का प्रतीक हैं।

### किसान सम्मान निधि का ऑनलाइन वितरण करेंगे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री 24 फरवरी को इस कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि का ऑनलाइन वितरण करेंगे और साथ ही एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम बिहार के किसानों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि पीएम मोदी की इस पहल से किसानों को आर्थिक सहायता मिलेगी।

सुरक्षा बंधनों की जकड़न से बिलबिला उठे हैं रामनगरी के वाशिंदे

# अयोध्यावासियों ने राहत के लिए आंदोलन का रुख किया अख्तियार

■ **ओम प्रकाश सिंह**



■ **उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से दर्द दूर करने का भरोसा दिया**

**अयोध्या,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। अयोध्या के पुण्यालोक में अंधेरे के जितने आयोजन हो रहे हैं, उसका प्रतिकार उठने को एक बहाना चाहिए था, जिसे साकेत महाविद्यालय के एक शिक्षक की मौत ने दे दिया है। हालांकि पीड़ितों की संख्या कहीं ज्यादा है। सवाल यह है कि अयोध्या जिनकी आकांक्षाओं से उठ खड़ी हुई है, उनकी बातों को, उनके दुख को सरकार कब सुनेगी। सुरक्षा बंधनों की जकड़न तो मंदिर बनने के साथ ही शुरू हो गई लेकिन कुंभ से आ रही श्रद्धालुओं की भीड़ ने विश्व स्तरीय दावों को छिन्न भिन्न कर दिया है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे तो बीमारी के लिए अस्पताल जाना एवरेस्ट चढ़ने के समान हो गया है।

दो दिन पहले साकेत महाविद्यालय के एक प्रोफेसर को चिकित्सा की जरूरत पड़ी। परिवारीजन वाहन से श्रीराम अस्पताल ले जाने लगे। सुरक्षा के लिए लगे बैरियर ने रास्ता रोक दिया। सुरक्षाकर्मियों के दिल नहीं पसीजे, अन्तोगत्वा दो तीन घंटे की जद्दोजहद के बाद पीड़ित प्रोफेसर की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत्यु हो गई। इस घटना ने अयोध्यावासियों के दर्द को और गहरा कर दिया। घटना वायरल हुई तो सत्ता पक्ष से जुड़े कुछ लोग चेते और बयानबाजी शुरू हो गई। अयोध्या के इस दर्द के पहले रामनगरी में सैकड़ों मंदिर ढहाए गए, मूर्तियां पददलित की गईं और आस्था के सम्मान को जेसीबी और मशीनों के पहियों तले ही नहीं, ध्वंस में लगे श्रमिकों और सुरक्षा में तैनात जवानों के पैरों तले कुचला गया। यह सब किसी राजतंत्र में नहीं बल्कि उस लोकतांत्रिक व्यवस्था में हो रहा था और उसकी उस ताक़त का प्रदर्शन था, जहां विशाल बहुमत के आगे सत्तासीन लोग ऐसे ही मदमस्त हो जाते हैं और लोकतंत्र में 'तंत्र' पाने के बाद 'लोक' और लोकभावनाओं को न सिर्फ़ ऐसे ही कुचलते हैं बल्कि यह भी बताते हैं कि अब वो जो बता रहे हैं, वही भावना है, वही आस्था है और वही धर्म है।

अयोध्यावासियों को राहत दिलाने के लिए भाजपा नेता विशाल मिश्र ने कमान संभाली तो अयोध्या महापौर को भी आगे आना पड़ा। अड़गड़ा चौराहा लक्ष्मणघाट स्थित सीताराम निवास मंदिर में स्थानीय निवासियों के आवागमन में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसको लेकर एक बैठक आहूत की गई। अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के महानगर संघचालक डा विक्रमा प्रसाद पाण्डेय व संचालन विशाल मिश्र ने किया। निर्णय लिया गया कि स्थानीयजनों के आधार कार्ड, नौकरीपेशा लोगों के परिचय पत्र, विद्यार्थियों व परीक्षार्थियों के आईकार्ड पत्र को ही वैध पहचान पत्र मानकर उन्हें आवागमन की सुविधा प्रदान की जाए। इसके अतिरिक्त हनुमानगढ़ी सिंह द्वार, हरिश्चंद्र बाजार के बंद सैकड़ों दुकानों को खोलने और उस मार्ग पर भी श्रद्धालुओं का आवागमन सुनिश्चित किया जाए।

अयोध्या के संभ्रांत नागरिकों, संतों, महंत व शिक्षकों, अधिवक्ताओं, समाजसेवी, व्यापारी नेताओं से समृद्ध एक परामर्शदात्री समिति का गठन किया जाए। प्रत्येक मेले से पूर्व उक्त समिति के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक से प्राप्त सुझावों व समन्वय से अयोध्या मेला प्रबंधन का प्लान स्थानीय निवासियों के हितों को शामिल करते हुए बने। यह निर्णय भी लिया गया कि विभिन्न मार्गों पर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए, साथ ही निजी वाहन से मरीज को अस्पताल पहुँचाने में कोई व्यवधान न हो इसका भी समुचित प्रबंध किया जाए।

देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार 24 फरवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# अमेरिकी अपमान पर प्रधानमंत्री की चुप्पी ठीक नहीं

जो भारतीय जनता पार्टी यूएसऐड से मिले 21 मिलियन डॉलर की मदद के नाम पर कांग्रेस को फंसाने का जाल बुन रही थी, अंततः उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फंस गये हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह बयान देकर मोदी को गम्भीर संकट में डाल दिया है कि 'यह राशि उनके मित्र मोदी और भारत को मिली है।' इसे लेकर जहां भाजपा के प्रवक्ताओं, उसके आईटी सेल और ट्रोल आर्मी को सांप सूंघ गया है, वहीं कांग्रेस अब हमलावर है। अब तक ट्रम्प के बयान की न तो भाजपा या केन्द्र सरकार ने पुष्टि की है और न ही खंडन, परन्तु अब गेंद सीधे मोदी के पाले में है। केवल उन्हीं की ओर से इस बाबत कोई बयान आने का महत्व होगा। ट्रम्प का यह बयान मोदी को केवल राशि मिलने तक सीमित न होकर अनेक अर्थ खोलता है। यह मामला कहां तक जायेगा, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा, लेकिन इससे मोदी बुरी तरह से घिरते साफ दिखाई देते हैं। इसका पहला संकेत तो यही है कि ट्रम्प के आरोपों का किसी के पास कोई जवाब नहीं है।

इस मामले के कई आयाम हैं। पहला यह कि कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के पास मोदी के विरूद्ध बहुत बड़ा मामला हाथ लग गया है। चूंकि मोदी ट्रम्प के साथ अपनी मित्रता का बार-बार दावा करते रहे हैं, इसलिये उनकी पार्टी तथा समर्थक यह आरोप भी नहीं लगा सकते कि उनके या भारत के खिलाफ कतिपय ताकतें काम कर रही हैं, जैसा कि ऐसे मामलों में अक्सर कह दिया जाता है। अमूमन इस तरह के आरोप लगने पर इसे 'विदेशी ताकतों का हाथ बताया जाता है' अथवा 'विपक्ष के इशारे पर रची जाने वाली साजिश'। अब तो उन पर दबाव है कि उन्हें खुद को पाक-साफ साबित करना है। ऐसा करने के लिये उन्हें ट्रम्प को झूठा साबित करना होगा। खुद के अलावा सभी विरोधी नेताओं को भ्रष्टाचारी करार देने वाले मोदी निरूत्तर हैं। भारत सरकार के ही वित्त मंत्रालय ने अपने रिकॉर्ड्स की छानबीन कर कह दिया है कि यूएसऐड की मदद से देश में 7 परियोजनाएं तो चल रही हैं परन्तु उनमें वोटर टर्नआउट बढ़ाने को लेकर कोई भी कार्यक्रम नहीं है। इससे यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या इस राशि को छिपाया गया है या किसी गलत तरीके से लिया गया है जिससे सीधे मोदी अथवा भाजपा को लाभ मिला है? विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसे चिंताजनक बतलाते हुए कहा कि 'इसकी जांच हो रही है जिससे सच्चाई सामने आ जायेगी।'

इस राशि का प्रदाय 'वोटर टर्नआउट' बढ़ाने के लिये किया गया है, अत: इसे पिछले दिनों हुए विभिन्न चुनावों में मतदान का प्रतिशत बढ़ने से जोड़ा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अनेक राज्यों के विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में मतदान समाप्त होने के समय जो प्रतिशत होता था, वह अगले तीन-चार घंटों में बड़े पैमाने पर बढ़ जाता था। यह माना जाता है कि इसके कारण अनेक राज्यों में हारती हुई भाजपा को सरकार बनाने में मदद मिली थी। महाराष्ट्र में तो हिमाचल प्रदेश की आबादी के बराबर के मतदाता पांच माह की अल्प अवधि में बढ़ गये। यहां तक कि लोकसभा चुनाव में भी कहा जाता है कि भाजपा ने करीब 80 सीटें मैनेज कीं वरना वह सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थी। तो क्या यह 21 मिलियन की राशि इस तरह से 'वोटर टर्नआउट' बढ़ाने के नाम पर खर्च की गयी जिससे भारत के कई चुनाव प्रभावित किये गये? यह प्रश्न भी उठ खड़ा हुआ है।

पिछले कुछ दिनों से मोदी व भारत के बारे में या उन्हें प्रभावित करने वाले बयानों की श्रृंखला में ट्रम्प ने बैलेट पेपर की भी बात छेड़ दी है जिसके बारे में अनुमान है कि उनका इशारा भारत की चुनाव प्रक्रिया की ओर ही है जो पिछले कुछ समय में जबर्दस्त विवादों में है। जिन चुनावों की बात ऊपर की गयी है, उनमें गड़बड़ियां और कथित हेरा-फेरी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से ही की गयी हैं। देश में इसका जबर्दस्त विरोध हो रहा है जबकि भाजपा, केन्द्र सरकार और उसके इशारे पर केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ईवीएम के जरिये ही चुनाव कराता है। कई विरोधी दल और सिविल सोसायटियां इसके खिलाफ़ हैं और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर रही हैं। चुनाव आयोग तो इस पर विपक्ष की बात सुनने के लिये तैयार ही नहीं है, सुप्रीम कोर्ट से भी यह मांग नामंजूर हो चुकी है। दुनिया के ज्यादातर विकसित व लोकतांत्रिक रूप से परिपक्व देश बैलेट पेपर से ही चुनाव कराते हैं। अमेरिका में भी यही प्रणाली अपनाई जाती है। देश में कई लोगों ने कहा है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है लेकिन चुनाव आयोग का विचार इसके ठीक विपरीत है।

अब ट्रम्प ने उद्योगपति एलन मस्क को 'कम्प्यूटरों के मामले में किसी भी व्यक्ति से अधिक जानकार' बतलाते हुए उनके हवाले से कहा कि 'ईवीएम को प्रभावित किया जा सकता है इसलिये बैलेट पेपर के जरिये निर्वाचन पद्धति ही श्रेष्ठ है।' चूंकि फिलहाल इस पर विवाद सिर्फ भारत में ही चल रहा है, साफ है कि ट्रम्प का यह अप्रत्यक्ष आक्रमण मोदी पर ही है। भारत में अमेरिकी सामानों पर ऊंची शुल्क दरों को लेकर वे पहले ही कह चुके हैं कि भारत जितनी ऊंची दर लगायेगा, उनका देश भी भारत की वस्तुओं पर उतना ही टैरिफ रखेगा।

कुल मिलाकर अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार सार्वजनिक तौर पर भारत को अपमानित करने की चेष्टा कर रहे हैं। लेकिन नरेन्द्र मोदी की इस मामले में असाधारण चुप्पी देश को इस समय काफी खल रही है।

# ट्रंप के खुलासों पर मोदी की चुप्पी क्यों ?



शकील अख्तर

**राहुल की असली परीक्षा है यह कि वह जिस ताकत से मोदी से लड़ रहे हैं उतनी ही हिम्मत से पार्टी के अंदर के विभीषणों की पहचान करें। सिर्फ अध्यक्ष खरगे जी से कहने से काम नहीं चलेगा कि खरगे जी चाबुक चलाइए। नाम लिखकर दें। फिर देखिए खरगे जो खुद इस समय बहुत साफ-साफ पार्टी, संगठन के बारे में लगातार बोल रहे हैं वह किस तेजी से सफाई करते हैं।**

ट्रंप अच्छी दोस्ती निभा रहे हैं हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी से! माय डियर फ्रेंड कह कह कर रोज नए खुलासे कर रहे हैं। अब चौथी बार 18 मिलियन डालर की बात कही।

कहां गया यह पैसा? किसके पास आया यह तो अब सवाल ही नहीं। प्रेसिडेन्ट ट्रंप ने खुद कहा कि माय डियर फ्रेंड मोदी को दिया। मगर मोदी जी ने क्या किया? क्यों लिया? राहुल को बदनाम करने के लिए? राहुल ने खुद कहा कि उन्हें बदनाम करने के लिए भाजपा ने हजारों करोड़ रुपया खर्च किया। कांग्रेस के मीडिया डिपार्टमेंट के चेयरमेन पवन खेड़ा ने कहा कि 2021 से 2024 के बीच अमेरिका से 650 मिलियन डालर ( करीब 600 करोड़ रुपया) भारत आया। और राहुल ने जो बात कही कि कितना पैसा उनके खिलाफ इस्तेमाल किया गया है वह इस बीच कही थी। 2022 में। अपनी भारत जोड़ो यात्रा के आखिरी दौर में।

कांग्रेस ने मोदी सरकार से सही मांग की है कि सरकार को व्हाइट पेपर लाना चाहिए। मतलब सारे तथ्य देश के सामने रखना। यह भारत की छवि के लिए भी जरूरी है। प्रधानमंत्री पद के सम्मान और उसकी गरिमा के लिए भी। कोई चाहे वह अमेरिकी राष्ट्रपति ही क्यों न हो कैसे इस तरह की बात कर सकता है?

सवाल बहुत सारे हैं! लेकिन दो दिन से पूरी तरह चुप्पी है। पवन खेड़ा जो इस मामले में रोज नए सवाल कर रहे हैं, ने बहुत कठोर होकर कहा कि संघी पत्रकार अब क्यों नहीं बोल रहे हैं?

अपनी मेहनत और निडरता से जनता के बीच लोकप्रिय नेता के तौर पर स्थापित हो गए राहुल गांधी के साहसिक सवालों का असर अब पार्टी में दिख रहा है। सब तो नहीं मगर कई नेता हिम्मत के साथ संघ की सच्चाइयां लोगों के सामने लाते हैं। राहुल पर तो संघ और भाजपा के लोगों ने देश भर में दर्जनों मुकदमे लगा रखे हैं। मगर राहुल उनसे डरने के बदले मामलों के सारे तथ्य सामने लाने की मांग कर रहे हैं।

अभी पूना की एक अदालत में सावरकर की मानहानि के मामले में राहुल ने कहा कि सावरकर के मामले में पूरे तथ्य अदालत के सामने आना चाहिए। तथ्य और कानून दोनों के जटिल सवाल हैं। गहन और विस्तृत जिरह की जरूरत है। ऐतिहासिक साक्ष्य हैं। सब सामने लाना है। इसलिए मुकदमे की प्रवृति बदली जाकर इसे समन मामले के रूप में सुना जाए। सावरकर की ऐतिहासिक और अकादमिक जांच हो जाए। संक्षेप में समन मामले में राहुल यह बता सकेंगे कि उन्होंने जो कहा था वह क्यों कहा था। उसके आधार क्या थे। दस्तावेज कौन से हैं। इतिहास, तथ्य क्या कहता है। मतलब राहुल सावरकर के मामले में सारी सच्चाइयां सामने रख कर कह सकते हैं कि मैंने इस आधार पर सावरकर पर बोला था।

यह बहुत साहस का काम है। मुकदमे से डरना नहीं बल्कि उसका सामना करते हुए सारी सच्चाइयां सामने रख देना। यह मौका होगा। मुकदमा करने वाले संघ, भाजपा के लोग भी सावरकर के बारे में तथ्य रखें और राहुल कांग्रेस भी। एक बार अदालत के सामने सावरकर की सारी हकीकत कि कितनी बार उन्होंने अंग्रेजों से माफी मांगी थी। उनके लिए काम करने की इच्छा व्यक्त की थी। इसके बदले पेंशन ली। सब सामने आ जाएगा। यह भी कि जो वीर कहते हैं। वह भी सावरकर खुद ही अपने नाम के साथ लिखते थे।

तो राहुल का यह साहस अब पार्टी में दिखने लगा है। अभी कुछ साल पहले तक इसी पार्टी में यह हालत थी कि राहुल विरोधी नेता नेहरू की बात करने पर कह देते थे हम नेहरुवादी नहीं।

कांग्रेस ऐसे ही बरबाद नहीं हुई है। यूएसएड के जरिए अमेरिका से आने वाला डालर मनमोहन सिंह सरकार को अस्थिर करने के लिए भी खर्च किया गया था। कांग्रेस यह तो कहती है कि वह पैसा अन्ना हजारे, संघ, भाजपा केनेताओं, केजरीवाल को मिला।

मगर इस सवाल का जवाब उसके पास क्या है कि सरकार तो उसकी थी। पैसा आया कैसे? बंटा कैसे? उसकी सरकार और नेता क्या कर रहे थे? क्या राहुल विरोध उस समय से शुरू नहीं हो गया था? क्या कुछ राहुल विरोधी कांग्रेस के बड़े नेता भी अंदर से अन्ना हजारे के आंदोलन के समर्थक थे? इन सवालों से कांग्रेस को घबराना नहीं चाहिए। अगर नई कांग्रेस बनाना है तो उन नामों की निशानदेही करना होगी जिन्होंने कांग्रेस और यूपीए सरकार में रहकर मनमोहन सिंह सरकार को कमजोर किया।

राहुल की असली परीक्षा है यह कि वह जिस ताकत से मोदी से लड़ रहे हैं उतनी ही हिम्मत से पार्टी के अंदर के विभीषणों की पहचान करें। सिर्फ अध्यक्ष खरगे जी से कहने से काम नहीं चलेगा कि खरगे जी चाबुक चलाइए। नाम लिखकर दें। फिर देखिए खरगे जो खुद इस समय बहुत साफ-साफ पार्टी, संगठन के बारे में लगातार बोल रहे हैं वह किस तेजी से सफाई करते हैं।

यह ऐतिहासिक मौका है। इस समय भी अगर राहुल और खरगे ने ऊपर-ऊपर ही काम किया तो पार्टी इससे मजबूत नहीं होगी। दोनों काम साथ करना होंगें। पार्टी को नुकसान पहुंचाने वालों को दरवाजे के बाहर तक ले जाकर छोड़ना होगा। और मजबूत विचारधारा के मौका न पाए नेता कार्यकर्ताओं को ढूंढकर संगठन में लाना होगा।

इतना पिटने के बाद भी आज कांग्रेसी गांव-गांव मोहल्ले-मोहल्ले में है। वह नहीं डरता। नेहरू-गांधी की विचारधारा से जुड़ा है। और इस गांधी-नेहरू परिवार से। यही कांग्रेस की ताकत है और कोई पार्टी होती तो अभी तक खत्म हो जाती। बड़े नेताओं ने तो कोई कसर छोड़ी नहीं। अभी भी शशि थरूर जैसे लोग जिन्हें पार्टी ने सब कुछ दिया। मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री बनाया। जहां वे खर्च कम करने के लिए मंत्रियों को जहाज के सामान्य क्लास में बैठने की बात की ऐसी प्रतिक्रिया देते हैं कि यह सामान्य क्लास तो कैटल क्लास ( ढोरों का बाड़ा) है। केरल से पार्टी जिताती है। जो केरल की राजनीति नहीं जानते उनके लिए कि वहां कोई अपनी हैसियत से नहीं जीत सकता। पार्टी का संगठन ही उस पढ़े-लिखे राज्य में महत्वपूर्ण है। मेट्रो मेन कहलाने वाले श्रीधरन वहां हार गए थे। क्योंकि जिस पार्टी से लड़े थे भाजपा से उसकी जमीन नहीं है। थरूर को पार्टी जिताती है।

तो थरूर जैसे नेता जो ज्यादा उड़ते हैं चाहे जब मोदी की तारीफ करने लगते है उनसे कांग्रेस को डरना छोड़ना पड़ेगा। अमेरिका से आए डालर पर कांग्रेस सही सवाल उठा रही है। हर बात पर मोदी का बचाव करने आ जाते मीडिया वालों के पास ट्रंप के खुलासों का कोई जवाब नहीं है। रास्ता बस एक ही कि ट्रंप से लड़ जाएं! मगर इतनी हिम्मत न मीडिया में और न मोदी में है। यह तो इन्दिरा गांधी में थी। और उस समय की स्वतंत्र प्रेस में थी। तब के राष्ट्रपति निक्सन घबरा गए थे। कुंठित होकर गालियां बड़बड़ाने लगे थे।

कांग्रेस के कुछ लोग इस समय सही ट्रेक पर हैं। कहा कि जेपी आंदोलन के जरिए इन्दिरा को हटाने की साजिश इसीलिए अमेरिका ने की थी। इन्दिरा गांधी से बांग्लादेश बनाने का बदला लेने के लिए। कांग्रेस में जेपी आन्दोलन के समर्थक भी लोग हैं। लोहिया के भी जो हिन्दू महासभा की तरह अलग थलग पड़ी जनसंघ ( भाजपा का पुराना नाम) को मुख्यधारा में लाए। केवल अपने अंध नेहरू विरोध के कारण।

डालर का मामला और ऐसे कई मामले अभी आते रहेंगे। कांग्रेस अगर मजबूत है तो जनता में इनका असर होगा। मैसेज जाएगा। नरेटिव ( कहानी) बदलेगा।

कांग्रेस को दोनों मोर्चों पर साथ लड़ना होगा। मोदी वाले पर तो राहुल खरगे और कुछ दूसरे कांग्रेसी मजबूती से डटे हुए हैं। अंदर वाले पर कमजोरी है। अंदर के विभीषणों को कोई बाहर नहीं कर पा रहा है। वह बहुत जरूरी है। राहुल-खरगे की असली परीक्षा वही है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# दिल्ली में भाजपा सरकार के सामने हैं अनेक मुश्किल काम

**■ डॉ. ज्ञान पाठक**

**'विकसित दिल्ली' के मिशन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहले ही कहा था, 'हम इस दिशा में काम करते रहेंगे। हम एक दिन भी इंतजार नहीं करेंगे। और हम अपने हर वादे को पूरा करेंगे।' इससे पता चलता है कि दिल्ली की भाजपा सरकार को आने वाले महीनों में विधानसभा और उसके बाहर सार्वजनिक राजनीतिक क्षेत्र में आप के मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ेगा।**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अब भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में है, जिसके सामने अनेक चुनौतियां हैं। चुनाव अभियान के दौरान भाजपा ने बहुत से चुनावी वायदे दे रखे हैं जिन्हें पूरा करना एक बहुत ही कठिन कार्य है, और विपक्ष बहुत ही सतर्क और मजबूत है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार, जिसने 20 फरवरी को आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाला, के पहले कैबिनेट फैसले और उस पर विपक्षी आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की प्रतिक्रिया से ही स्पष्ट हो गयी।

अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि उनके मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने और पहली दिल्ली विधानसभा में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की 14 लंबित रिपोर्टों को पेश करने का फैसला किया है। चुनाव प्रचार में महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने के वायदे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस पर कैबिनेट बैठक में चर्चा हुई थी, लेकिन पाया गया कि लाभ पाने के लिए महिलाओं की श्रेणी तय करने के लिए और अधिक चर्चा की आवश्यकता है।

चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं से बहुत सारे वायदे करके भाजपा सत्ता में आई है, जिनमें से सबसे प्रमुख वायदा दिल्ली की हर महिला को 2500 रुपये देने का था। दिये गये वायदों को पूरा करना मुश्किल ही नहीं, बल्कि बहुत ही मुश्किल है, जैसा कि सरकार के पहले कैबिनेट फैसले में झलकता है।

आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर 'वायदा तोड़ने' का आरोप लगाया, जो आप नेतृत्व की सतर्कता को दर्शाता है। यह ध्यान देने योग्य है कि आप दिल्ली चुनाव में भाजपा से केवल 1.99 प्रतिशत वोटों के अंतर से हारी थी, और इसलिए आप एक निराश पार्टी नहीं बन पाई है। हार ने उन्हें राजनीतिक रूप से अति सक्रिय बना दिया है, जो कैबिनेट के फैसले के तुरंत बाद आतिशी की त्वरित टिप्पणी में झलकता है। भाजपा ने दिल्ली के लोगों को 'धोखा' देने का मन बना लिया है, आतिशी ने आरोप लगाया।

याद रहे कि हार के बाद आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने कहा था, 'हम विनम्रता के साथ जनादेश स्वीकार करते हैं...और उम्मीद करते हैं कि भाजपा दिल्ली के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी।' उन्होंने कहा कि आप एक रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभायेगी और दिल्ली के लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी। केजरीवाल ने अपने विधायकों से अपने निर्वाचन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने और भाजपा को उनके चुनावी वायदों के लिए जवाबदेह बनाने को कहा है, जैसे कि 8 मार्च तक दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपये देना, मुफ्त बिजली जारी रखना, गुणवत्तापूर्ण सरकारी स्कूल बनाये रखना और मोहल्ला क्लीनिक और सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने भी कहा है कि आप सुनिश्चित करेगी कि भाजपा इन प्रतिबद्धताओं को पूरा करे और आप शासन के दौरान पिछले 10 वर्षों में किये गये कार्यों को जारी रखे। नयी भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट समिति की बैठक के नतीजों पर आतिशी के तीखे हमले को इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए।

शुक्रवार को सीएम रेखा गुप्ता ने भी आरोपों का जवाब देते हुए कहा, 'कांग्रेस ने 15 साल और आप ने 13 साल राज किया। उन्होंने जो किया, उसे देखने के बजाय वे हमारे एक दिन पर सवाल कैसे उठा सकते हैं?... हमने शपथ लेने के तुरंत बाद पहले दिन कैबिनेट मीटिंग की और हमने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी, जिसे आप ने रोक रखा था। हमने पहले दिन दिल्ली के लोगों को 10 लाख रुपये का लाभ दिया।' देश में केवल दो राज्य थे जिन्होंने पीएम-एबीवाई (आयुष्मान भारत योजना) को लागू करने से इनकार कर दिया था और उनमें से एक आप के नेतृत्व वाली दिल्ली थी, इस आधार पर कि दिल्ली 1 करोड़ रुपये की चिकित्सा सुविधा दे रही थी, जबकि पीएम-एबीवाई केवल 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा दे रही थी। आयुष्मान भारत को मंजूरी देने वाली दिल्ली कैबिनेट के दो घटक होंगे – 5 लाख रुपये केंद्र द्वारा और 5 लाख रुपये दिल्ली द्वारा, यानी कुल 10 लाख रुपये। दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में सीएजी रिपोर्ट पेश किये जाने के मामले में सीएम रेखा गुप्ता ने आप पर हमला करते हुए कहा कि 'उन्हें चिंता है कि जब सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश की जायेगी, तो बहुत से लोगों के रिकॉर्ड उजागर हो जाएंगे।'

'विकसित दिल्ली' के मिशन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहले ही कहा था, 'हम इस दिशा में काम करते रहेंगे। हम एक दिन भी इंतजार नहीं करेंगे। और हम अपने हर वादे को पूरा करेंगे।' इससे पता चलता है कि दिल्ली की भाजपा सरकार को आने वाले महीनों में विधानसभा और उसके बाहर सार्वजनिक राजनीतिक क्षेत्र में आप के मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ेगा।

भाजपा नेतृत्व के पास आगे बहुत व्यस्त समय होगा। फिर भी, भाजपा के पास कुछ ऐसे फायदे हैं जो आप सरकार के पास नहीं थे। उदाहरण के लिए, दिल्ली सरकार के अधिकारी आप के मंत्रियों की भी नहीं सुनते थे, क्योंकि वे सीधे उपराज्यपाल के अधीन थे, अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के अधीन। इसके कारण आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार का कामकाज बाधित हो रहा था। बदले हुए परिदृश्य में, जब दिल्ली और केंद्र दोनों जगह भाजपा की सरकार है, उपराज्यपाल और उच्च सरकारी अधिकारी बहुत सक्रिय हो गये हैं, और अब दिल्ली के लिए काम कर रहे हैं, जबकि पहले वे आप सरकार के सामने बाधाएं खड़ी कर रहे थे।

सरकार और उनकी योजनाओं के बारे में भी यही कहा जा सकता है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में भाजपा सरकार के आने से पहले ही उपराज्यपाल ने यमुना की सफाई का काम शुरू कर दिया है। वही उपराज्यपाल आप सरकार के खिलाफ़ एक विपक्षी पार्टी की तरह काम कर रहे थे – न केवल यमुना की सफाई के मुद्दे पर बल्कि यमुना से पीने योग्य पानी के मुद्दे पर भी, जो दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान प्रमुख राजनीतिक मुद्दे बन गये थे।

इसका एक और उदाहरण दिल्ली के अधिकारियों की मुस्तैदी है, जो पहले भी आप सरकार और उसके मंत्रियों के सामने अवरोध पैदा करते रहे थे। भाजपा के शपथ लेने से दस दिन पहले ही दिल्ली के मुख्य सचिव ने 10 फरवरी को सभी विभागों से भाजपा के घोषणापत्र के आधार पर जहाँ भी ज़रूरत हो, वहाँ कैबिनेट नोट का मसौदा तैयार करने को कहा है। उन्होंने सभी विभागों से च्च100 दिन की कार्ययोजनाञ्ज तैयार करने को भी कहा है।

इन लाभों के बावजूद, भाजपा के लिए आगे का समय कठिन होगा क्योंकि पार्टी के पास अपने करीबी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आप को दबाये रखने के लिए बहुत सारे वायदे पूरे करने हैं, बहुत सारे विकास कार्य करने हैं और सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करना है। दूसरी ओर, आप ने भाजपा सरकार के पहले दिन ही दिखा दिया है कि वे भाजपा सरकार को उसके वायदों और शासन के प्रति जवाबदेह बनाने के लिए बहुत सक्रिय होंगे।

## आपके पत्र

### योजनाबद्ध कार्य किया जाना जरूरी

दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा जी के जमुना तट पर आरती करने के बाद लोगों में नई उम्मीदें जगी हैं। लोगों को उम्मीद है कि अब दिल्ली के दुर्दिन खत्म होंगे और यमुना साफ होगी। इसके अलावा, शहर की अन्य समस्याओं का भी समाधान होगा।

इसके लिए रणनीतियों की आवश्यकता है। इसमें मजबूत बुनियादी ढांचे में निवेश करना, टिकाऊ शहरी योजना को लागू करना, सार्वजनिक परिवहन, अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ाना और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, स्मार्ट सिटी पहल के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने से कुशल संसाधान प्रबंधन और जीवन की गुणवत्ता में सुधार में योगदान मिल सकता है। वर्तमान सरकार में इसमें बदलाव की उम्मीद है। अब शहरी निवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए योजनाबद्ध कार्य किया जाना जरूरी है। दिल्ली की तरह ही, देश के लगभग सभी बड़े और मध्यम शहर कई समस्याओं से ग्रस्त हैं। कहीं सड़कें खराब हैं, तो कहीं अतिक्रमण व्याप्त है। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए, केंद्र सरकार को राज्यों और स्थानीय निकायों के साथ मिलकर एक कार्यबद्ध योजना तैयार करनी चाहिए।

इस योजना में सड़कों के निर्माण और मरम्मत, अतिक्रमण को हटाने और शहर की अन्य समस्याओं का समाधान करने के लिए कदम उठाने चाहिए। इसके अलावा शहर के विकास के लिए एक दूरदर्शी योजना बनानी चाहिए जिसमें शहर की जरूरतों को ध्यान में रखा जाए। शहरों में जलजमाव की समस्या भी एक बड़ा मुद्दा है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, हमें वर्षा जल संचयन और सीवर लाइनों के निर्माण पर ध्यान देना होगा. शहरों के विकास के लिए हमें एक दूरदर्शी योजना बनानी होगी जिसमें शहर की जरूरतों को ध्यान में रखा जाए। इसके अलावा, हमें सड़कों की स्थिति, जलजमाव की समस्या, और शहर की अन्य समस्याओं का समाधान करने के लिए कदम उठाने होंगे।

**सुभाष बुडावन वाला, रतलाम, मप्र**



## ललित सुरजन की कलम से

# एक हाथ से ताली नहीं बजती

*'किसी भी देश के विकास में उद्योगों का अपना महत्व है। उनके बिना आर्थिक तरक्की की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन हर देश में कुछ नियम कानून भी होते हैं, जिनका पालन अनिवार्य रूप से करना होता है। अमेरिका में एनरॉन कंपनी ने कानून तोड़े तो कंपनी तो बंद हुई ही, उसके प्रवर्तकों को जेल भी जाना पड़ा। अमेरिका के अलावा अन्य पूंजीवादी देशों में भी कानून तोड़ने वाले उद्योगों के खिलाफ यथासमय कार्रवाई होती है, फिर भारत को ही इसका अपवाद क्यों बनाया जाए? हम तो समझते हैं कि फिक्की, एसोचेम, सीआईआई जैसे व्यापारिक संघों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने सदस्य प्रतिष्ठानों को देश के कानूनों का पालन करने प्रेरित करें और वे अगर कानून तोड़ें तो उनकी सदस्यता खत्म कर दें। हम यह न भूलें कि सरकार जब नियम और नीतियां बनाती हैं तो बहुत कुछ तो उद्योग-जगत से पूछकर ही तय किया जाता है।'*

*'आज जब कारपोरेट भारत कुमार मंगलम बिड़ला पर संभावित कार्रवाई को लेकर इतना चिंतित है तब उसे यह भी याद रखना चाहिए कि अपने चैनलों और अखबारों के माध्यम से उसने कांग्रेस व यूपीए नेताओं पर राजनैतिक ही नहीं, व्यक्तिगत तौर पर भी कितने बेबुनियाद आरोप लगाए हैं और राजनेताओं की छवि धूमिल करने का उपक्रम किया है। प्रधानमंत्री ने तो बिड़ला प्रकरण में अपने ऊपर जिम्मेदारी ले ली है और एक तरह से श्री बिड़ला को आरोप से बरी कर दिया है। क्या कारपोरेट इंडिया में यह साहस है कि वह प्रधानमंत्री से कहे कि आपके ऊपर हमने जो निराधार आरोप लगाए वे हम वापिस लेते हैं?'*

**( देशबन्धु में 24 अक्टूबर 2013 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/10/blog-post_23.html

## गुरवाणी विचार

# ऐसी बुद्धि करो मेरे साई सदा सदा तुध धिआई

जिनी ऐसा हरि नाम न चेतियो सो काहे जग आये राम राजे।
ऐह मानस जनम दुर्लभ है- नाम बिना बिरथा सब जाए।
हुनि वतै हरि नाम न बीजियो-अंगै भुखा किआ खाये मनमुखा नूं फिर जनम है- नानक हरि भाये।

आसा दीवार की शब्द की इन पंक्तियों द्वारा चौथे नानक गुरु रामदास जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि हमें यह मानव जीवन हमारे पूर्व जन्म के किसी अच्छे कर्म के कारण प्राप्त हुआ है अतएव हमें इस मानव जीवन को व्यर्थ में ही सांसारिक विषय विकारों में फंस कर ही नहीं बिता देना है बल्कि इस मानव देही पाने का भरपूर लाभ उठाते हुए प्रभु में मन लगाकर पूर्ण रूप से उपयोगर करना है ताकि हमें फिर चौरासी लाख योनियों में पड़ने से छुटकारा मिल सके। हर वक्त सुखों की प्राप्ति होती रहेगी बल्कि परलोक में भी प्रभु की साची दरगाह में स्थान मिल सकेगा। जहां हर वक्त हमें परमानंद की प्राप्ति होती रहेगी। इसलिए गुरबाणी में हर जगह इसी बात की समझाइश दे रहे हैं-

हलति सुख पलति सुख सिमरनो सदा नाम हरि का लीजै।।

इस वाणी के आरंभ की पंक्तियों में हमें समझाइश दी गई है कि अगर हमने मानव जीवन पाकर भी प्रभु सिमरन बंदगी में मन नहीं लगाया तो फिर हमारा इस संसार में आना मानव जीवन पाना ही व्यर्थ है। ऐसे मानव को तो संसार में आना ही नहीं चाहिए। जो मानव जीवन पाकर भी प्रभु बंदगी में मन नहीं रमाता। फिर आप समझा रहे हैं कि समय रहते किसान अगर खेत में बीज नहीं बोता तो फिर वह फसल पाने की उम्मीद कैसे कर सकता है। बीज समय पर न बोने पर उसे कुछ भी मिलने वाला नहीं है। बबूल का पेड़ लगाकर आम की उम्मीद करेगा तो उसे आम खाने नहीं मिलेगा। सांसारिक मोह माया में मैं मेरी के चक्कर में पड़ा रहे तो फिर उसे प्रभु के सांचे दरबार में जगह नहीं मिलेगी। इसलिए समय रहते प्रभु बंदगी में मन लगाया तो मुक्ति मिलेगी। नहीं तो पीछे पछताने से क्या फायदा जब चिड़िया चुग गई खेत। इसलिए सच्चे सुख की प्राप्ति होते रहे रहे इसके लिए प्रभु बंदगी में अपना मन लगाए रखना है। हाथ पांव से काम कर चित्त निरंजन नाल।

अपना और अपने परिवार का उदर पोषण करते हुए मन सदा निरंकार की ओर लगे रहना चाहिए। परंतु यह तभी संभव है जब प्रभु परमात्मा की हम पर नजरें इनायत होने पर ही हम पर पभु की दृष्टि हो जाए। हमें धर्मराज की कचहरी में यमदूतों की मार से भी छुटकारा मिल सकता है अतएव हम हर वक्त प्रभु परामत्मा से प्रार्थना करते रहेंगे।

तुम करो दया मेरे साईं ऐसी बुद्धि करो
प्रगासा सदा सदा तुध धिआई।।

अतएव हमें मानव देही पाने का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। प्रभु बंदगी में हमेशा मन लगाए रखना है तभी प्रभु के दरबार में उजले मुख से जा पाएंगे।

**-इंदर सिंहआहुजा**

**उल्टा पुल्टा**

पत्नी- तुम हर बात में मेरे मायके वालों को बीच में क्यों लाते हो?
पति- देखो जब टीवी में खराबी आती है तो कोई टीवी को थोड़े ही बोलता है...गाली तो कंपनी वाले ही खाते हैं.

### जूनियर डॉक्टर से यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़

# सिम्स के मेडिसिन विभाग के एचओडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर, सिम्स की जूनियर डॉक्टर ने मेडिसिन विभाग के एचओडी पर प्रताड़ना के अलावा बेड टच का आरोप लगाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायं से शिकायत करते हुए जांच कराने व दोषी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। किसी तरह की कोई कार्रवाई होते ना देख पीड़िता जूनियर डाक्टर ने आरोपी चिकित्सक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने चिकित्सक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सिम्स मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के एचओडी के खिलाफ पुलिस ने जूनियर डॉक्टर से छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है। पीड़िता जूनियर डाक्टर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चिकित्सक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता महिला डॉक्टर ने इस मामले में सिम्स प्रबंधन से शिकायत की थी, पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बाद छत्तीसगढ़ डॉक्टर फेडरेशन ने मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत कर विभागाध्यक्ष पर कार्यवाही की मांग की थी। सिम्स के डीन ने बैठक कर एचओडी को परीक्षा से पृथक करने की कार्रवाई की थी। सिम्स प्रबंधन द्वारा किसी तरह की कोई कार्रवाई ना करने पर जूनियर डॉक्टर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।




सिम्स के मेडिसिन विभाग में एमडी मेडिसिन द्वितीय वर्ष की छात्रा ने मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ पंकज टेंभूर्णिकर के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है। एमडी मेडिसिन की सेकंड ईयर में अध्यनरत जूनियर डॉक्टर की शिकायत के अनुसार बीते आठ महीने से मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पंकज टेंभूर्णिकर उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। आपातकालीन ड्यूटी के दौरान उनसे मौखिक दुर्व्यवहार करने के अलावा उन्हें अनुचित तरीके से स्पर्श करते हैं। उनका फोन उनसे लूट कर पटक दिया और तोड़ दिया। इसके अलावा सिम्स में शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण विभागाध्यक्ष के द्वारा बनाया गया है। अन्य छात्राओं की भी इस तरह की शिकायत एचओडी के खिलाफ रही है।

पीड़िता जूनियर डॉक्टर की शिकायत पर पहले गंभीरता से सिम्स प्रबंधन ने कार्यवाही नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन से इस मामले में मदद मांगी। छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन ने इस मामले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्यवाही करने की मांग की। मामले को तूल पकड़ता देखकर यह मामला विशाखा समिति के समक्ष रखा गया। इसके अलावा सिम्स के डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने बैठक बुलाई और डॉ पंकज टेंभूर्णिकर को केवल परीक्षा कार्य से पृथक करने जैसी दिखावे की मामूली कार्यवाही कर दी थी। इसके बाद पीड़िता ने उचित कार्यवाही के लिए कोतवाली थाने में पहुंच कर शिकायत दर्ज करवाई।

### डॉ टेंभूर्णिकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 351,74,78 के तहत दर्ज हुआ अपराध

शिकायत को संज्ञान में लेकर कोतवाली पुलिस ने सिम्स के मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ पंकज टेंभूर्णिकर के खिलाफ अपराध क्रमांक 104/25 बीएनएस की धारा 351,74,78 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। मामले में कोतवाली थाना टीआई विवेक पांडे ने एनपीजी से चर्चा में एफआईआर की पुष्टि की है। अब इस मामले में पुलिस जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

### पहले भी आया है इस तरह का मामला

बता दें कि सिम्स इस तरह के मामलों के लिए लगातार बदनाम रहा है। पहले भी सिम्स में उपचाररत सेंट्रल जेल के एक कैदी की पत्नी ने सिम्स के एक डॉक्टर के द्वारा बेड शेयरिंग का ऑफर देने के आरोप लगाए थे। इसके अलावा एक अन्य विभाग के एचओडी के ऊपर भी यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने के चलते इस तरह के मामले सिम्स से लगातार सामने आ रहे हैं।

## संपादकीय

### बच्चों की गतिविधियों पर रखें नज़र

*बिलासपुर के एक स्कूल में हुई घटना से इस बात की ज़रूरत एक बार फिर साफ महसूस की जा रही है कि बड़े होते हुए बच्चों पर नज़र रखी जाये ताकि वे किसी ऐसे गलत कामों में न पड़ें जो कि उनके खुद के लिये अथवा किसी और के लिये जानलेवा साबित हो। सेंट विंसेट पलोटी शाला में कुछ छात्राओं ने ऑनलाइन सोडियम मेटल मंगाया था। उनके द्वारा सम्भवतः यह उनके पालकों एवं अभिभावकों की जानकारी व सहमति के बगैर मंगाया गया था इसलिये उन्होंने इसे स्कूल के टॉयलेट में छिपा दिया था। यह पदार्थ हवा व पानी के सम्पर्क में आते ही ब्लास्ट हो जाता है। इसलिये इसे प्रयोगशाला में केरोसीन में डालकर रखना होता है। इन दिनों स्कूल में परीक्षाएं चल रही हैं। चौथी कक्षा की एक छात्रा टायलेट गयी थी। इस्तेमाल करने के बाद जब उसने फ्लश चलाया तो धमाका हो गया जिससे वह बुरी तरह से झुलस गयी। किसी तरह से दरवाजा तोड़कर उसे निकाला गया। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस सम्बन्ध में कुछ छात्राओं को स्कूल से निकाल दिया गया है।*

*यह पदार्थ अनेक वेबसाइटों पर बिक रहा है जो कोई भी ऑनलाइन मंगा सकता है। अब यह जांच का विषय है कि लड़कियों ने किस उद्देश्य से मंगाया था। मकसद चाहे जो हो, यह हादसा बतलाता है कि बच्चों की गतिविधियों को लेकर सतर्क रहने की बेहद आवश्यकता है। सम्भव है कि छात्राओं ने इसे वैज्ञानिक प्रयोगों के लिये मंगाया हो लेकिन उसकी जानकारी अभिभावकों को होनी चाहिये थी। यह तभी मुमकिन है जब बच्चों के साथ अभिभावकों के रिश्ते मित्रवत हों। वे अपनी गतिविधियों के प्रति पालकों-अभिभावकों को वाकिफ़ रखें तथा माता-पिता उन्हें सही सलाह देने व गलत राह पर जाने से रोक सकें। बच्चों के मन से मां-बाप का भय निकालना होगा। उन्हें अनावश्यक डांट-डपट या मारने-पीटने से पालकों को बचना चाहिये ताकि वे बच्चे अपने मन की बात उन्हें बगैर डरे-झिझके बतलाएं।*

*अक्सर देखा जाता है कि नयी पाढ़ी स्वतंत्रता चाहती है जबकि पुरानी पीढ़ी के माता-पिता उन पर अपना कड़ा नियंत्रण चाहते हैं। वे चाहते हैं कि उनकी मर्जी के खिलाफ बच्चे कुछ भी न करें। ऐसे में दोनों पीढ़ियों के बीच टकराव होता है। बच्चे धीरे-धीरे उनसे अलग होकर अपनी दुनिया बसा लेते हैं जिसमें केवल उनके मित्र एवं बाहरी लोग रहते हैं। वे जो भी करते हैं उसे परिजनों से छिपाकर करते हैं। इसके कारण कई बार वे गलत निर्णय लेते हैं या गलत राह पकड़ लेते हैं। बिलासपुर की उपरोक्त घटना किसी की जान भी ले सकती थी। यदि ऐसा होता तो वह घायल बच्ची को तथा खुद उन्हें महंगा पड़ता। बच्चे अपने माता-पिता को सोडियम मेटल की ज़रूरत बतलाते तो वे उसे सुरक्षित तरीके से मंगाकर दे सकते थे।*

### अवैध लकड़ी का व्यापार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

# 1 लाख से अधिक मूल्य की वनोपज और मशीनें जब्त,दो बढ़ई गिरफ्तार

### मुख्य आरोपी फरार,वन विभाग की कार्रवाई

**बिलासपुर,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी कारोबार करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर बिलासपुर वन मंडल अधिकारी सत्यदेव शर्मा और उप वन मंडल अधिकारी प्रहलाद यादव के निर्देशन में ग्राम गुड़ी (लोनिया पारा) में छापा मारा गया। इस दौरान विजय लोनिया के घर पर दो बढ़ई अवैध रूप से इमारती लकड़ी से बीजा के चौखट बनाते हुए पकड़े गए। मौके पर 1 लाख से अधिक की वनोपज और मशीनें जब्त की गईं।



वन परिक्षेत्र अधिकारी बिलासपुर के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में ग्राम ठरकपुर के दो बढ़ई चैतराम कश्यप और परसराम पटेल को रंगे हाथों पकड़ा गया। मौके पर 2 नग बीजा सिलपट, 27 नग वीजा चिरान, 2 एचपी का कटर मशीन, राउटर, हाथ रमदा मशीन, हाथ कटर मशीन और बढ़ईगिरी के अन्य उपकरण बरामद किए गए। वन विभाग ने इन सभी सामानों को जप्त कर सर्किल मुख्यालय ले जाया गया। मुख्य आरोपी विजय लोनिया मौके पर मौजूद नहीं था, जबकि गिरफ्तार दोनों बढ़ईयों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए क्ह्र.क्र जारी किया गया है। वन विभाग का मानना है कि यह गिरोह लंबे समय से अवैध लकड़ी कारोबार कर रहा था। इस कार्रवाई में सर्किल फॉरेस्ट ऑफिसर अजय बेन, बीट फॉरेस्ट ऑफिसर युसूफ हुसैन (सोंठी), लोरिक राम कुर्रे (वन चौकीदार), रामदयाल खरे और अजय कुमार कुर्रे शामिल रहे।

# बिलासा कन्या महाविद्यालय अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**बिलासपुर,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर के हिन्दी विभाग द्वारा अंतर्राष्टीय मातृभाषा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. एस. आर. कमलेश के मुख्य आतिथ्य, विभागाध्यक्ष डॉ. हरिणी रानी आगर की अध्यक्षता और विभाग के प्राध्यापक डॉ. कल्याणी जैन, डॉ. मिनाक्षी पाण्डेय, डॉ. अवनीश कुसार सिंह के संयोजन तथा विभाग की स्नातकोत्तर स्तर (एमए) की छात्राओं की सक्रिय सहभागिता से यह मातृभाषा दिवस मनाया गया। जिसमें प्राध्यापको और छात्राओं द्वारा मातृभाषा के महत्व एवं वर्तमान में मातृभाषाओं के संरक्षण के संबंध में विशेष चर्चा की गई।



डॉ. कमलेश ने कहा कि मातृभाषा ही विश्व में सभ्यता और संस्कृति के विकास का मूल कारण है, इसलिए हमें मातृभाषा के महत्व को समझने की जरूरत है। उन्होंने मातृभाषा में मौखिक रूप में उपलब्ध साहित्य को लिपिबद्ध करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। विभागाध्यक्ष डॉ आगर ने कहा कि विदेशी भाषा के कारण मातृभाषा दरकिनार हो रही हैं, विश्व में कई बोलियां रोज मर रही हैं और कुछ भाषाएं विलुप्ति के कगार पर हैं, इसे रोकना होगा।

डॉ. जैन ने मातृभाषा को बचाने के लिए मातृभाषा में अधिक से अधिक लेखन पर जोर दिया। डॉ. मिनाक्षी और डॉ. अवनीश सिंह द्वारा छात्राओं मातृभाषा में बात करने तथा सतत् उपयोग की बात कही। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी मातृ भाषा के प्रति जागरुक रहने का तथा वर्तमान समय में मातृ? भाषा के यथोचित प्रयोग ही आवश्यकता के पक्ष में विचार व्यक्त किए। प्राध्यापकों तथा छात्राओं द्वारा, मातृभाषा के विषय में अन्य कई रोचक तथ्यों एवं अपने-अपने अनुभवों को साझा किया गया ।

कार्यक्रम में मातृ भाषा की विभिन्न रचनाओ के बारे में भी जानकारी दी गई तथा साहित्य में उसके प्रयोग पर भी प्रकाश डाला गया। सभी के द्वारा मातृभाषा को बचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अवनीश कुमार सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. मिनाक्षी पाण्डेय ने किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।



## छत्तीसगढ़ बांगला अकादमी ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया

**बिलासपुर,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ बांगला अकादमी ने टिकरापारा स्थित बंग भवन में अपनी 227वीं मासिक साहित्य सभा के साथ अंतर्राष्टीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थागत गीत आमार भाषा तोमार भाषा से हुई। इसके बाद प्रतीकात्मक मातृभाषा शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और समवेत रूप से आमार भाइयेर रक्ते रांगानो गीत गाया गया।

मुख्य वक्ता डॉ. गोपाल चंद्र मुखर्जी ने मातृभाषा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मा, मातृभूमि और मातृभाषा- ये तीनों हमारे जीवन में सबसे अधिक सम्मानित होते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में मातृभाषा दिवस विभिन्न भाषाओं के सम्मान और उनके संरक्षण के उद्देश्य से मनाया जाता है।

# जेएनयू दिल्ली में डॉ. संजय अलंग का व्याख्यान

**बिलासपुर,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। डॉ. संजय अलंग का व्याख्यान फ़रवरी के अंत में जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय नई दिल्ली में आयोजित है। डॉ अलंग की छत्तीसगढ़ के इतिहास और संस्कृति पर दस से अधिक शोध पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। वे छत्तीसगढ़ से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान देने हेतु बड़े मंचों पर बुलाए जाते रहे हैं। डॉ संजय अलंग हाल में अरुणाचल प्रदेश साहित्य महोत्सव, ईटानगर; विश्व पुस्तक मेला, नई दिल्ली; आज तक साहित्य महोत्सव, नई दिल्ली; बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू),वाराणसी-रायपुर साहित्य महोत्सव आदि स्थानों पर भी छत्तीसगढ़ पर विशेषज्ञ व्याख्यान दे चुके हैं या कविता पाठ कर चुके हैं।



डॉ संजय अलंग इतिहास, संस्कृति और जनजातीय विषयों पर शोध करने के अलावा, इन विषयों को स्पष्ट करने के लिए व्याख्यान देते रहते है। वे इस हेतु कई राष्टीय स्तर के मंचों पर बुलाए जाते हैं। इस बार उनका व्याख्यान जेएनयू में है। पूर्व में वे बी.एच.यू. में भी व्याख्यान दे चुके हैं। डॉक्टर संजय अलंग द्वारा लिखी गई शोध पुस्तक छत्तीसगढ़ - इतिहास और संस्कृति को सर्वश्रेष्ठ शोध शिक्षा लेखन हेतु भारत सरकार का सर्वोच्च सम्मान एक लाख रुपए के साथ प्रदान किया गया था। डॉ संजय अलंग की लिखी छत्तीसगढ़ की रियासतें और जमींदारियां, छत्तीसगढ़ की जनजातीयां और जातियाँ सहित दस से अधिक पुस्तकें हैं। उन्हें शोध के लिए कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। संजय अलंग के तीन कविता संग्रह- शव, पगडंडी छिप गई थी (छत्तीसगढ़ पर एकाग्र) और नदी उसी तरह सुन्दर थी जैसे कोई बाघ- हिन्दी में और एक कविता संग्रह-मउहा कान म बोलय बांस-छत्तीसगढ़ी में प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें कविताओं के लिए भी कई सम्मान मिल चुके हैं।

### सेंट पेलोटी स्कूल ब्लास्ट

# 8वीं के दो छात्र और दो छात्रा गिरफ्तार,महिला टीचर को उड़ाने की थी साजिश

**बिलासपुर,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। सेंट पेलोटी स्कूल में हुए ब्लास्ट के मामले पुलिस ने आठवीं क्लास के दो छात्र और दो छात्राओं को जेजे एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। चारों को न्यायिक रिमांड में लेने के लिए बाल न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उन्हें बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।

सिविल लाईन थाना क्षेत्र मंगला स्थित सेंट विंसेंट पलोटी स्कूल में हुए ब्लास्ट में छात्रा के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुलिस ने जांच के बाद दोषी दो छात्र और दो छात्राओं को गिरफ्तार किया है। इस मामले में स्कूल के प्राचार्य ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और जांच शुरू की। जांच के बाद आठवीं कक्षा के दो छात्र और दो छात्राओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी छात्र छात्राओं के निशाने में स्कूल की एक शिक्षिका थी। शिक्षिका को उड़ाने के लिए पटना से ऑनलाइन विस्फोटक पदार्थ मंगवा कर बाथरूम में लगाया गया था। लेकिन इसकी चपेट में चौथी क्लास की छात्रा आ गई। पुलिस हिरासत में लिए गए छात्र-छात्राओं को बाल न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।

पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला की चौथी क्लास की घायल छात्रा स्तुति मिश्रा से पहले बाथरूम में आठवीं कक्षा की छात्रा गई थी। घायल छात्रा ने रोते हुए उस छात्रा की तरफ इशारा भी किया था। स्कूल प्रबंधन और पुलिस ने जब उक्त संदेही छात्रा से पूछताछ की तब उसने अपने आठवीं कक्षा की एक अन्य छात्रा और दो छात्रों के साथ मिलकर पटना से ऑनलाइन विस्फोटक मंगवा धमाका करना स्वीकार कर लिया। दोषी विद्यार्थियों के अनुसार वे केवल शरारत के तौर पर ऐसा कर रहे थे। हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल की एक शिक्षिका को टारगेट बनाने के लिए चारों विद्यार्थियों ने ऐसा किया था।




घटना इतनी गंभीर थी कि इसमें किसी की जान भी जा सकती थी। परिजनों के स्कूल में हंगामे और बढ़ते दबाव के चलते स्कूल के प्राचार्य ने सिविल लाईन थाने में अज्ञात दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 124 ए ( ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग कर किसी को आहत करना) के तहत अपराध दर्ज किया था। वहीं हादसे के बाद सिविल लाईन पुलिस सीएसपी निमितेश सिंह और टीआई एसआर साहू के नेतृत्व में डॉग स्क्वाड एवं फॉरेंसिक की टीम लेकर स्कूल पहुंची थी और जांच शुरू की थी। इसके अलावा कलेक्टर अवनीश शरण ने मामले में शिक्षा विभाग की टीम को भी स्कूल में भेज कर जांच करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर अवनीश शरण ने इसके अलावा प्रभारी डीईओ को निर्देशित कर शहर के चार अलग-अलग स्कूलों के प्राचार्यों की जांच कमेटी भी बनवाई है। टिम को जल्द से जल्द जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

दूसरी तरफ पुलिस ने भी एसपी रजनेश सिंह के निर्देश के बाद जांच की गति बढ़ाई। प्रारंभिक तौर पर आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के द्वारा ऑनलाइन सोडियम मंगा स्कूल के महिला बाथरूम में रखने की जानकारी मिली। बाथरूम का फ्लश जैसे ही छात्रा ने ऑन किया वैसे ही पानी के संपर्क में आकर सोडियम में विस्फोट हो गया और छात्रा घायल हो गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम को घटनास्थल के निरीक्षण में सिल्वर पैकिंग का एक चिथडा भी मिला था। जिससे स्पष्ट हो गया था कि बाहर से मंगवा कर विस्फोटक बाथरूम में रखा गया था। शुक्रवार को सिविल लाईन थाना क्षेत्र के मंगला चौक से मंगल रोड की तरफ जाने वाले सेंट विंसेंट पलोटी स्कूल में सुबह सवा दस बजे बाथरूम में धमाका हुआ था। स्कूल में परीक्षा चल रही थी। इस दौरान चौथी कक्षा में पढ़ने वाली दस वर्षीया छात्रा स्तुति मिश्रा बाथरूम गई थी। बाथरूम में हुए विस्फोट में छात्रा बुरी तरह घायल हो गई। उसे तत्काल बर्न केयर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। वही विस्फोट के दूसरे दिन शनिवार को अभिभावकों ने स्कूल में जमकर हंगामा किया। अभिभावकों की मांग थी कि मामले में दोषियों को सामने लाया जाए और कड़ी कार्यवाही की जाए। अभिभावकों के अनुसार पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं स्कूल में हो चुकी है। लेकिन कड़ी कार्यवाही नहीं होने के कारण बच्चों के हौसले बढ़ गए। परिजनों का आरोप है कि इस घटना के पीछे किसी बड़े स्तर की लापरवाही हो सकती है। घटना की गहन जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरूरत अभिभावकों ने बताई थी। घटना में दोषी विद्यार्थियों को स्कूल से निष्कासित किए जाने की मांग भी की गई थी। पैरेंट्स का आरोप है कि पहले भी यहां विस्फोट जैसी घटनाएं हो चुकी है। लेकिन स्कूल प्रबंधन सख्त कार्रवाई की बजाय मामले को दबा दिया। इसके पहले भी बच्चे विस्फोटक और आपत्तिजनक पदार्थ मंगवाकर विस्फोट कर चुके हैं। पिकनिक में एक बच्चे के बाइक से बम मिला था पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्कूल प्रबंधन ऐसी घटनाओं को लगातार नजरअंदाज कर रहा है।

## सार-संक्षेप



कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। महाशिवरात्रि पर्व के पूर्व नगर पालिक निगम कालोनी स्थित महामृत्युंजय महादेव मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरूष व बच्चे शामिल हुए।

## सीजी बोर्ड परीक्षा : प्रश्न पत्रों का वितरण 25 को

### 22 हजार 794 विद्यार्थी देंगे 10वीं-12वीं की परीक्षा




कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा ली जाने वाली सीजी बोर्ड की दसवीं-बारहवीं की परीक्षा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। परीक्षा को अब महज 5 दिन ही बच गए हैं। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में बोर्ड परीक्षा के लिए गोपनीय सामग्री का वितरण का काम सोमवार 25 फरवरी को समन्वय संस्था से होगा। गोपनीय सामग्री और प्रश्नपत्रों का वितरण संबंधित केंद्राध्यक्षों को किया जाएगा।

गोपनीय सामग्री वितरण को लेकर सुरक्षा की व्यवस्था रहेगी। वितरण हो जाने के बाद पुलिस जवानों की मौजूदगी में केन्द्राध्यक्षों को रवाना किया जाएगा जहां से सभी गोपनीय सामग्रियों को संबंधित थाने में जमा कराया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही प्रश्न पत्र थानों से निकाले जाएंगे। केन्द्रों के लिए गोपनीय सामग्री का वितरण कार्य किया जाएगा। इसकी तैयारी शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। इस बार जिले के 98 परीक्षा केंद्रों में 22 हजार 794 विद्यार्थी दसवी-बारहवीं की परीक्षा देंगे। इस बार शिक्षा विभाग को बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। एक ओर तो दसवीं-बारहवीं बोर्ड एग्जाम के लिए तैयारी हो रही है तो दूसरी ओर इस बार पांचवी-आठवीं भी बोर्ड एग्जाम की तर्ज पर होने जा रहा है। चुनावी ड्यूटी के चलते शिक्षक बड़ी संख्या में व्यस्त हैं। इससे स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है तो दूसरी ओर तैयारी करने में भी विभागीय अफसरों के पसीने छूट जा रहे हैं।

## प्रकृति अनुसार आहार-विहार न करना रोगोत्पत्ति का मूल कारण : डॉ.नागेंद्र



कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ द्वारा ऑन लाइन सह योग प्रशिक्षण शिविर में त्रिदोष अनुसार प्रकृति निर्धारण तथा प्रकृति अनुसार आहार-विहार से सुस्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने त्रिदोष (वात-पित्त-कफ) के आधार पर अपनी प्रकृति का निर्धारण कैसे करें इस विषय पर विस्तार से बताते हुये सभीको त्रिदोषों का संतुलन बनाये रखने के लिये अपनी प्रकृति अनुसार आहार-विहार करने को कहा। क्योंकि त्रिदोषों को संतुलित रखकर ही हम निरोगी रह पायेंगे। साथ ही उन्होंने प्रकृति अनुसार आहार-विहार न करने को रोगोत्पत्ति का मूल कारण बताया। इस वर्चुअल सह योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में पतंजलि महिला योग समिति की छत्तीसगढ़ राज्य कार्यकारिणी सदस्या हेमलता साहू, कोरबा जिला प्रभारी एस लक्ष्मी मूर्ति, महासमुंद से पूनम पटले, ममता प्रधान, बलौदा बाजार से राजेश्वरी बघेल, खुमेश्वरी वर्मा, रायगढ़ से शर्मिला नायक, बिलासपुर से संतोषी यादव, रश्मि श्रीवास्तव, सोशल मीडिया प्रभारी विंद्रा चौहान एवं योग शिक्षिका आशा सोनी के अलावा प्रशिक्षार्थी सुनीता, जया, उपासना, स्वाति, मीनू, नम्रता, सीमा एवं हेमलता बाल्को के अलावा पूरे छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में सह योग प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण ले रही माताएं एवं बहने विशेष रूप से उपस्थित रही।

## लायंस क्लब बालको का आधिकारिक यात्रा आयोजित



कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। डिस्ट्रिक्ट के बहुत ही सक्रिय और वरिष्ठ क्लब लायंस क्लब बाल्को का आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम 19 फरवरी को संपन्न हुआ। सर्वप्रथम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर जैन एवं डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रश्मि जैन के हाथों शासकीय चिकित्सालय के प्रसूति विभाग में मरीजों को चादर, फल आदि सामग्री वितरित की गई। तत्पश्चात् वाल्मीकि आश्रम में सभी वनवासी बच्चों को शर्ट एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई।

बच्चों ने संगीतमय भजन सुनाए। लायंस यात्री प्रतीक्षालय तथा लायंस भवन का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में पीडीजी एमडी मखीजा तथा पीडीजी राजकुमार अग्रवाल, एफव्हीडीजी विजय अग्रवाल, एसव्हीडीजी रिपुदमन सिंह पुसरी, रीजन चेयरपर्सन राजकुमार अग्रवाल उत्सव तथा जोन चेयरपर्सन कैलाश नाथ गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष लायन रितेश केडिया, सचिव लायन नीतू गुप्ता, कोषाध्यक्ष लायन सोनल शाह द्वारा सभी पीडीजी एवं सभी पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया गया। दो नये सदस्यों को शपथ भी दिलाई गई।

# तीसरे व अंतिम चरण में कटघोरा व पाली में हुआ मतदान

### महिला, पुरूष, युवा, दिव्यांग सहित बुजुर्ग मतदाताओं ने स्वस्फूर्त होकर किया मतदान



कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तीसरे व अंतिम चरण अंतर्गत रविवार को जिले के कटघोरा व पाली ब्लॉक में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता नजर आया। केंद्रों में सुबह से ही लोगों की लंबी कतार देखने को मिली।

तीसरे चरण के मतदान में पाली व कटघोरा ब्लॉक में हुए निर्वाचन में पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं में भारी उत्साह नजर आया। उन्होंने अपने मताधिकार के प्रति सजगता दिखाते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में स्वस्फूर्त आगे आकर मतदान किया। कटघोरा ब्लॉक के ग्राम विजयपुर के मतदान केंद्र में पहली बार वोट करने आई सुश्री बबीता कंवर व राधिका कंवर के चेहरे में प्रसन्नता व्याप्त थी। उन्होंने उत्साह पूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग कर मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाई। विजयपुर के रहने वाले नवदम्पति दिलबोध चौहान व सावित्री ने अपने जीवन का पहला मतदान किया। ग्राम पंचायत अरदा की रहने वाली सुश्री रश्मि रोज के चेहरे में पहली बार मतदान करने की खुशी साफ नजर आ रही थी। उन्होंने कहा कि देश के प्रगति में हम सभी को आगे बढ़कर योगदान करना होगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में महिला मतदाताओं ने भी स्वस्फूर्त आगे आकर हिस्सा लिया। विजयपुर मतदान केंद्र में महिला मतदाता श्रीमती सुमन कंवर, रजनी चौहान, आरती चौहान सहित अन्य महिलाओं मतदाताओं ने मतदान में आगे आकर हिस्सा लिया एवं लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रही ढेलवाडीह पंचायत के बुजुर्ग महिला रमुलिया बाई ने व्हील चेयर के सहारे मतदान किया।

## रिटर्निंग अधिकारी ने विजयी प्रत्याशियों को दिए प्रमाण पत्र

### जिला पंचायत कोरबा चुनाव के द्वितीय चरण के परिणाम घोषित



कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत जिला पंचायत कोरबा के 12 निर्वाचन क्षेत्रों में से द्वितीय चरण में 10 से 12 तक के निर्वाचन क्षेत्रों में 20 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ। ग्रामीण मतदाताओं ने पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के चयन के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रविवार को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने द्वितीय चरण के चुनाव परिणाम घोषित किए। मतगणना प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात उन्होंने सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले प्रत्याशियों को विजयी घोषित किया। घोषित परिणामों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र 10 से श्रीमती शांति मरावी निर्वाचित हुईं। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 से विद्वान सिंह मरकाम विजयी रहे। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 से पवन कुमार सिंह को विजय मिली। रिटर्निंग अधिकारी ने सभी विजयी प्रत्याशियों को सम्यक निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, उप संचालक सुश्री जूली तिर्की सहित अन्य अधिकारी एवं निर्वाचन से जुड़े कर्मी उपस्थित रहे।

## बहन के लापता होने पर परेशान भाई ने लगाई आग, गंभीर

कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। नगर के सीएसईबी चौकी पंप हाउस क्षेत्र में स्थित एसईसीएल कॉलोनी में एक बहन के लापता होने जाने से परेशान 40 वर्षीय भाई ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर लिया। जानकारी के अनुसार गंभीर रुप से झुलस जाने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि उसकी बहन किसी को कुछ बताए बिना कहीं चली गई, जिससे परेशान होकर उसने खुद को आगे के हवाले कर लिया।

## अहिल्याबाई पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी 6 मार्च से

कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग और अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के मार्गदर्शन में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रशासनिक व्यवस्था वर्तमान संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 6 और 7 मार्च को अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में किया जा रहा है। उक्त संगोष्ठी ऑनलाइन व ऑफलाइन पद्धति से आयोजित की जायेगी, जिसके सशुल्क पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज झा ने बताया कि इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एडीएन वाजपेयी और विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत प्राध्यापक, प्रांत संघचालक छत्तीसगढ़ डॉ. टोप लाल वर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल करेंगे।

## विद्युत कर्मियों ने लिया आंदोलन का निर्णय



कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। पुरानी पेंशन की बहाली, आवासों का किराया वृद्धि वापस करने, कर्मचारियों की भर्ती, पदोन्नति, पदों की पुनर्संरचना, ओवरटाइम, सी ऑफ सुविधा, अंग्रेजी माध्यम स्कूल का संचालन, इंसेंटिव सुविधा बहाली, ठेका श्रमिकों के हितों के लिए बनाए गए श्रम कानूनों का अनुपालन जैसे आदि ज्वलंत मुद्दों को लेकर डीएसपीएम संयंत्र के फेडरेशन 01 के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही सभी कर्मचारियों के साथ उक्त ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा कर फेडरेशन 01 के महासचिव आरसी चेट्टी के नेतृत्व में आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही तीनों संयंत्रों डीएसपीएम, कोरबा पश्चिम और मड़वा में उक्त मुद्दों पर सभी कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रांतीय संगठन सचिव सरोज राठौर, प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास, प्रांतीय जोनल सचिव घनश्याम साहू, महामंत्री कार्यालय सचिव बलजीत कंवर, डीएसपीएम शाखा अध्यक्ष संतोष सिंह, कोषाध्यक्ष रवि चौहान, उपकोषाध्यक्ष राकेश चौरसिया, सहसचिव सतीश वर्मा, रजनीकांत कुर्रे, संगठन सचिव चित्रेश हनोतिया, कार्यालय प्रभारी मधु धीवर, बंशीलाल मंडावी, कार्यकारिणी सदस्य हरीश ठाकुर, रामशंकर राठौर, सीएस जायसवाल, अनुराग डहरिया, निलेश निर्मलकर, रूपेश भास्कर, नरेंद्र चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शिकायत पर मितानीन दुर्गा को नोटिस जारी

कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत 17 फरवरी को कोरबा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रजगामार में भी मतदान हुआ। वार्ड क्रमांक 5 में ड्यूटी नहीं लगी होने के बावजूद मितानीन दुर्गा सारथी के द्वारा मतदान कक्ष में मौजूद रहकर विरोधी के लिए प्रचार करने का आरोप लगाया गया है। मामले में प्रत्याशी की शिकायत पर मितानिन को नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 के तहत् कौशल चौरसिया वार्ड क्रमांक-5 हेतु प्रत्याशी ग्राम पंचायत रजगामार, जिला-कोरवा के द्वारा इस कार्यालय को शिकायत पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आप वार्ड क्रमांक 5 की मतदाता हैं, आपकी (मितानीन की) ड्यूटी मतदान केन्द्र क्रमांक-97 प्राथमिक शाला रजगामार कालोनी क.नं.-01 में ड्यूटी नहीं लगाया गया था, जबकि मतदान केन्द्र 109 में वार्ड 17 हेतु आपकी ड्यूटी लगाई गई थी, जो वार्ड क्रमांक-05 की निवासी होने और विपक्षी उम्मीदवार जितेन्द्र राठौर के प्रमुख समर्थक के रूप में वार्ड क्रमांक-05 में चुनाव प्रचार-प्रसार भी कर रही थी। मितानीन की ड्यूटी वार्ड क्रमांक-05 में नहीं लगाये जाने के वाद भी निर्वाचन ड्यूटी के रूप में कौशल चौरसिया के विरोधी उम्मिदवार के पक्ष में मतदान कराने का उल्लेख शिकायत पत्र में किया गया है।

## नवधा रामायण में शामिल हुए पार्षद नरेंद्र देवांगन



कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। सेमीपली बस्ती वार्ड, सुमेधा में आयोजित तीन दिवसीय अखंड नवधा रामायण कार्यक्रम में निर्विरोध निर्वाचित पार्षद एवं जिला महामंत्री भाजयुमो नरेन्द्र देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर श्री देवांगन ने कहा कि भगवान श्री रामचंद्र के पुरातन संस्कृति व सभ्यता के प्रतीक इस समृद्ध परंपरा को हमेशा जीवंत रखने के प्रयास से आयोजित रामायण चौक के अखंड नवधा रामायण के अभूतपूर्व आयोजन में शामिल होकर कृतार्थ हुआ। विशिष्ठ अतिथियों में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष-दर्री अनिल यादव,मुकुंद सिंह कंवर पार्षद वार्ड-54,पूर्व पार्षद सुमेधा विजय साहू, भूपेंद्र साहू,उमेश तिवारी, श्याम ध्रुव, उमेश साहू, दुर्गा यादव सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीएमडी जेपी द्विवेदी ने उत्पादन वृद्धि पर दिया जोर

कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना कुसमुंडा का रविवार को सीएमडी जेपी द्विवेदी ने कुसमुंडा मेगा परियोजना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने खदान के विभिन्न पैच में जाकर उत्पादन, ओबी एवं प्रेषण गतिविधियों का निरीक्षण किया और कोर टीम के साथ चर्चा करते हुए खदान की उत्पादन-उत्पादकता की गहन समीक्षा की। श्री द्विवेदी ने दैनिक उत्पादन एवं प्रेषण बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उत्पादन में वृद्धि पर जोर दिया और टीम को आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरे में निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना-परियोजना) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, क्षेत्रीय महाप्रबंधक कुसमुंडा क्षेत्र राजीव सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## जलाराम मंदिर में नर्मदेश्वर महादेव का अभिषेक पूजन 26 को



कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। श्री गुजराती समाज व जलाराम सेवा समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 26 फरवरी बुधवार को संत श्री जलाराम मंदिर परिसर स्थित भगवान नर्मदेश्वर महादेव का अभिषेक पूजन सुबह 7 बजे से किया जाएगा। इसके पश्चात 8 बजे से ठंडाई प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

शाम 4.30 बजे से कच्छ गुर्जर क्षत्रिय महिला मंडल द्वारा भजन तथा दीप प्राकट्य का कार्यक्रम रखा गया है।

मंदिर की संध्या आरती के बाद भगवान भोलेनाथ की आरती की जाएगी। आरती पश्चात फलाहारी भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## चुनावी खबरें

### गोढ़ी पंचायत में पिता-पुत्री ने जीता चुनाव



कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। गोढ़ी के ग्राम पंचायत चुनाव में पदम सिंह चंदेल व उनकी पुत्री प्रज्ञा सिंह चंदेल वार्ड क्रमांक 5 व 3 से विजयी घोषित किए गए। पदम सिंह चंदेल भाजपा समर्थित तथा छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के संरक्षक हैं। विजयी होने पर छत्तीसगढ़ अखबार वितरण संघ जिला शाखा कोरबा ने उनके निवास पर परिवार के समक्ष जीत पर खुशी जाहिर करते हुए संघ ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा जिला, अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, सचिव जय सिंह नेताम, मीडिया प्रभारी अनिल गिरी, आर्यन गिरी तथा संरक्षक महोदय के परिवार पूर्व पार्षद श्रीमती चित्रलेखा चंदेल, प्रमेश सिंह चंदेल, आकांक्षा चंदेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### मानिकपुर से भगवती पांचवीं बार बनी सरपंच

कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के पोड़ी-उपरोड़ा जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मानिकपुर से श्रीमती भगवती मनोहर श्रोते पांचवी बार सरपंच नव निर्वाचित हुई। श्रीमती भगवती मनोहर श्रोते के सरपंच नव निर्वाचित होने पर ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर नाचते-गाते हुए उनका स्वागत सम्मान किया और भगवती मनोहर श्रोते ने मतदाताओं को आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

### चुनाव अधिग्रहण के बाद बस लेकर भागा चालक, पकड़ाया




कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। तीसरे चरण में रविवार को पाली ब्लॉक में होने वाले पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचन विभाग के आदेश पर पुलिस व परिवहन विभाग ने वाहनों का अधिग्रहण किया। अधिग्रहित वाहनों में मतदान दल भेजने के साथ पुलिस पेट्रोलिंग के लिए लगाया है। इसी कड़ी में परिवहन विभाग ने कोरबा से बिलासपुर के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ बस सीजी-12-एक्स-0376 को अधिग्रहित किया था। बस में मतदान दल को रवाना करना था। दूसरी बार बस अधिग्रहण के बाद चुनाव कार्य में पहुंचने की बजाए चालक ले भागा। इससे मतदान दल को दूसरे वाहन में मतदान केंद्र रवाना किया। जानकारी निर्वाचन विभाग से मिलते ही परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने बस को मार्ग में पकड़ लिया। मामले में चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### चुनाव ड्युटी छोड़ शराब पीने गया पुलिसकर्मी, निलंबित



कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के दौरान एक पुलिस की चुनाव ड्युटी लगाई गई थी लेकिन वह अपना काम छोड़ प्रत्याशी के घर शराब पीने चला गया। कुसमुंडा थाने में पदस्थ एसआई दादू मईयर को ग्राम पंचायत पाली के नुनेरा गांव में चुनाव ड्यूटी पर तैनात किया गया था। जानकारी के मुताबिक एसआई मईयर शराब के नशे में धुत अवस्था में एक प्रत्याशी के घर शराब पीने पहुंच गए। ग्रामीणों और दूसरे प्रत्याशी ने उन्हें वहां देख लिया। इसके बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना एसपी सिद्धार्थ तिवारी और चुनाव अधिकारी को दी गई। एसपी के निर्देश पर पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझाने के बाद एसआई को वहां से ले जाया गया। एसपी के आदेश पर एसआई का मेडिकल टेस्ट कराया गया। जांच में शराब का सेवन पाए जाने पर उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया गया।

## दीपका क्षेत्र से दो कर्मियों की बाइक पार

कोरबा, 23 फरवरी (देशबन्धु)। चोरों ने दो बाइक की चोरी कर ली है। क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। जिसे लेकर वाहन मालिकों में चिंता बढ़ गई है। चोरों ने भैरोताल बांकीमोंगरा क्षेत्र में रहने वाले आकाश लकड़ा की दो पहिया वाहन चोरी कर ली। घटना के समय आकाश रात्रि पाली की ड्यूटी करने के लिए गंगा नगर दीपका के पास गया था। रेल लाइन किनारे गाड़ी को रख दिया था। गाड़ी को लॉक किया था।

जब वह वापस लौटा तो बाइक नहीं मिली। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। मामले की जांच जारी है। इसी बीच चोरों ने दीपका थाना क्षेत्र में भी नीलकंठ जायसवाल की बाइक को निशाना बनाया है। नीलकंठ एक निजी कंपनी में काम करता है। उसने अपनी बाइक सोमवारी बाजार में खड़ी किया था। उसे भी चोर उठाकर ले गए। दीपका के अलावा कटघोरा क्षेत्र से बाइक चोरी के मामले सामने आए हैं। कोयला खदान क्षेत्रो में बाइक की चोरी करने वाला गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। गिरोह आए दिन गाडियों को निशाना बना रहा है। चोरी कर ले जा रहा है। आरोपियों के बारे में पुलिस पतासाजी कर रही है। चोरों का गिरोह गेवरा-दीपका के साथ-साथ बांकीमोंगरा क्षेत्र में भी काफी सक्रिय है।

## सार-संक्षेप

### मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर रायगढ़ जनपद सदस्यों ने दी बधाई



रायगढ़ 23 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस 21 फरवरी रायगढ़ जनपद के सभी नवनियुक्त सदस्यों ने प्रभारी अशोक अग्रवाल के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री निवास पहुँच जन्मदिवस की बधाई दी।मुख्यमंत्री निवास पहुँचने से पूर्व सभी सदस्य डोंगरगढ़ पहुँच माँ बमलेस्वरी के दरबार मे माता टेक मुख्यमंत्री के सुख समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य के साथ उज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत रायगढ़ के संगठन प्रभारी अशोक अग्रवाल,जनपद सदस्य सुखलाल चैहान,सुजाता चैहान,राजीव लोचन बेहरा,मालती सिदार,रामश्याम डनसेना,फूलमती धनवार,रूपा सिदार,परमानन्द सारथी,अनिता राठिया,शिवकुमारी साहू,फूलकुमारी नायक,अंजू मिथिलेश पटेल,सोहन चैधरी,नन्दनी प्रितेश पटेल सहित मनोज प्रधान,विष्णु पटेल,सुखदेव डनसेना विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### चार जिला पंचायत सदस्य ने जीत दर्ज की



**एमसीबी,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में 20 फरवरी 2025 को मनेंद्रगढ़ जनपद पंचायत में पंचायत निर्वाचन के तहत मतदान और मतगणना की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मतगणना के परिणाम स्वरूप त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अन्तर्गत विकासखण्ड मनेंद्रगढ़ के क्षेत्र क्रमांक 05 (केल्हारी) से अनीता सिंह श्याम ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी डॉ. विनय शंकर सिंह को हराकर जिला पंचायत सदस्य पद पर जीत दर्ज की। वहीं निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 (ताराबहरा) से उजित नारायण सिंह ने अपने नजदीकी प्रतिद्वंद्वी शरण सिंह को मात देकर विजय हासिल की। क्षेत्र क्रमांक 07 (बरबसपुर) से राजेश साहू ने अपनी निकटम प्रतिद्वंद्वी उदल जायसवाल को हरा कर जिला पंचायत सदस्य पर जीत हासिल की। वहीं। क्षेत्र क्रमांक 08 (चैनपुर) से रामजीत लकड़ा ने अपनी नजदीकी प्रतिद्वंद्वी बाबूराम सिंह को मात देकर विजय हासिल किया। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मतगणना और सारणीकरण की कार्यवाही कलेक्ट्रेट परिसर चैनपुर में संपन्न हुई। इसके उपरांत रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम शर्मा द्वारा नव निर्वाचित उम्मीदवारों में राजेश साहू क्षेत्र क्रमांक 07 (बरबसपुर) से राजेश साहू तथा क्षेत्र क्रमांक 08 (चैनपुर) से रामजीत लकड़ा को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रीत पाल सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दूसरे चरण में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को दिया गया प्रमाण पत्र



**बलरामपुर,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में जनपद पंचायत बलरामपुर में 20 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ। जिसके तहत जिला पंचायत सदस्य हेतु हुए मतदान के लिए आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ व रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की उपस्थिति में सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के द्वारा नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

दूसरे चरण में हुए जिला पंचायत सदस्य के मतगणना में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-07 से निर्वाचित सदस्य श्रीमती अनिता मरकाम एवं क्षेत्र क्रमांक-08 से निर्वाचित सदस्य श्री धीरज सिंहदेव को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती तोमर ने दोनों नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री आर. एन. पाण्डेय, उप संचालक पंचायत सुश्री स्टेला खलखो, मास्टर ट्रेनर व प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय बलरामपुर प्रो. एन.के. देवांगन, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-अधिकारी सहित सहित प्रत्याशी एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

### लुण्ड्रा एवं बतौली में अंतिम चरण के वोटिंग में

**अम्बिकापुर,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के बतौली एवं लुण्ड्रा ब्लॉक में तृतीय एवं अंतिम चरण का मतदान सुबह 7:00 बजे से जारी है। मतदाता लाइनबद्ध होकर मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान कर रहे है। 265 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

कलेक्टर श्री विलास भोसकर एवं पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल ने लुण्ड्रा एवं बतौली के प्राथमिक शाला बैगापारा, बेलकोटा, कुनकुरी कला , हाई स्कूल सेदम, मिडिल स्कूल झकरी पारा, बरगीडीह मतदान केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने चल रहे मतदान प्रक्रियाओं का अवलोकन किया और मतदाताओं की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, रिजर्व दल, वाहन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 11 बजे तक की स्थिति में लुण्ड्रा ब्लॉक में 25.16 प्रतिशत, बतौली ब्लॉक में 36 प्रतिशत मतदान हो गया है।पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान किए जा रहे हैं।

# प्रेम प्रसंग में प्रताड़ना से युवती ने की थी आत्महत्या

## पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायगढ़ 23 फरवरी (देशबन्धु)। जूटमिल थाना क्षेत्र में युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर 24 घंटे के भीतर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपी अपने गृह ग्राम बिहार फरार होने की फिराक में था, लेकिन पुलिस की सक्रियता के चलते भागने से पहले ही उसे दबोच लिया गया।

घटना की जानकारी के अनुसार, 21 फरवरी की सुबह जूटमिल थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज को कहरापारा क्षेत्र में एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना प्राप्त हुई। मामले की जांच के लिए उपनिरीक्षक गिरधारी साव घटनास्थल पर पहुंचे, जहां आवश्यक कानूनी



प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका (19 वर्षीय युवती) के परिजनों और सहेलियों से पूछताछ के दौरान यह सामने आया कि वह एक ब्यूटी पार्लर में कार्यरत थी और पिछले चार वर्षों से प्रदीप नामक युवक के साथ प्रेम संबंध में थी।

परिजनों के अनुसार, 20 फरवरी को युवती अपने कार्यस्थल से लौटने के बाद रात में भोजन कर सो गई थी, लेकिन सुबह 4 बजे देखा गया कि उसने निर्माणाधीन मकान की गैलरी में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली थी। मर्ग जांच में यह स्पष्ट हुआ कि कुछ दिनों पूर्व युवती और प्रदीप के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपी ने युवती की स्कूटी अपने पास रख ली थी। घटना के दिन गांधीगंज में आरोपी ने युवती की मां और बहन के सामने उसे अपमानित किया और कहा, ष्मेरे साथ रहना है तो रह, नहीं तो मत रह,ष् और स्कूटी लौटाकर वहां से चला गया। इसके बाद से ही युवती मानसिक रूप से परेशान थी और प्रदीप की प्रताड़ना से आहत होकर उसने आत्महत्या कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए जूटमिल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रदीप कुमार पिता मोतीलाल राम (उम्र 25 वर्ष), निवासी दरौंदा, जिला सिवान (बिहार), वर्तमान में फटहामुड़ा, प्रियदर्शी नगर, थाना जूटमिल, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

इस पूरे मामले की जांच और आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक गिरधारी साव, महिला प्रधान आरक्षक क्लोस्टिका खरे और आरक्षक तरुण महिलाने की अहम भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# विधायक लालजीत की उपस्थिति में बीडीसी के खिलाफ बोलकर फंसे कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष

## सतनामी समाज पर टिप्पणी से भड़के लोग, थाने में ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग

**रायगढ़** 23 फरवरी (देशबन्धु)। सार्वजनिक मंच से संविधान द्वारा प्रतिबंधित शब्द का उपयोग करने पर क्षेत्र का सतनामी समाज आक्रोशित हो उठा है। घरघोड़ा के ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पर सतनामी समाज घरघोड़ा इकाई ने कार्रवाई की मांग करते हुए थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा है।

घरघोड़ा थाना प्रभारी के लिखे गए शिकायत में बैहामुडा गांव के ग्रामीणों ने कहा है कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा ने कल एक सार्वजनिक मंच से संबोधन के दौरान संविधान द्वारा प्रतिबंधित शब्द का प्रयोग किया गया। यह शब्द भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत प्रतिबंधित है। भारत सरकार ने 28 मार्च 2008 को एक अधिसूचना जारी कर सरकारी दस्तावेजों व सार्वजनिक जीवन में इस शब्द के उपयोग पर रोक लगाई थी, क्योंकि यह अनुसूचित जाति वर्ग विशेषकर सतनामी समाज की



गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला व अपमानजनक माना जाता है।

शिकायत पत्र में यह भी कहा गया है कि शिव कुमार शर्मा, जो कि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा शर्मा के पति हैं. एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि होने के बावजूद इस प्रकार का असंवैधानिक, आपत्तिजनक एवं समाज को विभाजित करने वाला कृत्य कर रहे हैं। उनका यह कृत्य अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के साथ-साथ, समाज में वर्ग संघर्ष एवं वैमनस्यता को जन्म देने वाला है।

इस बयान के कारण सतनामी समाज सहित सम्पूर्ण अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। समाज के कमजोर वर्गों को मानसिक पीड़ा पहुंचाने एवं संवैधानिक अधिकारों का हलन करने के इस गंभीर अपराध के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई किया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार के प्रतिबंधित शब्दों का उपयोग कर समाज की एकता व गरिमा को ठेस ना पहुंचा सके।

गांव के ग्रामीणों ने घरघोडा थाना प्रभारी को शिकायत पत्र सौंपते हुए कहा है कि शिव कुमार शर्मा के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी अपराध दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। आलम यह है कि बीडीसी प्रत्याशी के प्रचार के दौरान धरमजयगढ़ विधायक लालजीत की उपस्थिति में ही घरघोड़ा ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष ने अपने ही पार्टी के निवर्तमान बीडीसी के खिलाफ उद्बोधन कर जनता को संबोधित करना भारी पड़ गया। इसके अलावा उक्त वक्तव्य में सतनामी समाज पर टिप्पणी से समाज के लोग भी आक्रोश जाहिर कर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने आवेदन दिए है।

# एसडीएम व आर.ओ. खरसिया की शिकायत

## कर्मचारियों ने लिखित मे दिया आवेदन

रायगढ़ 23 फरवरी (देशबन्धु)। चुनाव की गहिमागहमी में द्वितीय चरण के चुनाव में खरसिया के एसडीएम एवं रिर्टनिंग ऑफिसर प्रियंका वर्मा के दुर्व्यव्यवहार की शिकायत कर्मचारी एवं अधिकारी फेडरेशन के माध्यम से रायगढ़ के अधिकारी समीर बड़ा व जिला निर्वाचन अधिकारी से की गई है। विभिन्न संगठन जैसे छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोशिएशन लैलूंगा, छ.ग. अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ, छ.ग. प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ, छ.ग. कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन लैलूंगा आदि ने पत्र के माध्यम से चुनाव कार्य के दौरान एसडीएम प्रियंका वर्मा के दुर्व्यव्हार की शिकायत की है।



जिला फेडरेशन के अध्यक्ष आशीष रंगारी ने बताया कि चुनाव कार्य के दौरान खरसिया एसडीएम एवं आर.ओ. प्रियंका वर्मा ने शिक्षकों को अर्नगल बात करते हुए लोफर, मव्वाली, बेवकूफ, गुंडा आदि कहा। साथ ही कामचोर, स्कूलों में क्या पढ़ाते हो जैसी बातें कहने से सभी शिक्षक काफी क्षुब्ध है यहां तक की सस्पेंड करने आदि की धमकी भी दे रहे थे। ऐसे में सभी शिक्षक जबरदस्त रूप से नाराज हैं और जिला निर्वाचन अधिकारी से न्याय की मांग कर रहे हैं। सभी ने अपने संगठन के उच्चाधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया है और इस अपमान की बात बताई है। ऐसे में मामला गंभीर हो जाता है। इसका निराकरण जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा किया जाना है। देखते हैं यह बात कहां तक जाती है। फिलहाल चुनावी माहौल मे मामला शिक्षकों से जुड़ा होने कारण गरमा गया है।

**वर्सन**
**आशीष रंगारी**
**अध्यक्ष जिला कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन रायगढ़**

शिक्षक वर्ग एवं कर्मचारी सभी प्रकार की योजनाओं एवं चुनाव कार्य आदि में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं ऐसे मे उनके साथ दुर्व्यव्हार किया जाना उचित नहीं है। हमने जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायत कर दी है। उम्मीद है कि वे उचित कदम उठा कर मामले का सुखद पटाक्षेप करेंगे।

# रायगढ़ पुलिस महिला सेल का सशक्त कदम महिला, बच्चों की सुरक्षा पर जागरूकता अभियान जारी

रायगढ़ 23 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन में रायगढ़ पुलिस की महिला सेल द्वारा महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम एवं डीएसपी श्रीमती उन्नति ठाकुर के निर्देशन में महिला सेल प्रभारी दीपिका निर्मलकर व उनकी टीम स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल एवं विभिन्न महिला कार्यस्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

इसी कड़ी में आज शासकीय हाईस्कूल, रामभांठा में महिला सेल टीम ने एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया, जिसमें प्रभारी प्राचार्य नरेंद्र कुमार पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती नीलिमा राजपूत सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कानूनी अधिकार, पॉक्सो एक्ट, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, नशे से बचाव, गुड टच-बेड टच, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, करियर मोटिवेशन और यातायात नियमों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिव्यक्ति ऐप के महत्व को रेखांकित करना था, जिसके तहत महिला



सेल टीम ने इस ऐप की विशेषताओं और उपयोग की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। छात्र-छात्राओं को यह बताया गया कि कैसे इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से महिलाएं व बेटियां अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

रायगढ़ पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान को स्थानीय स्तर पर सराहा जा रहा है, जिससे न केवल सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी बल्कि समाज में महिलाओं और युवतियों की आत्मनिर्भरता और जागरूकता भी बढ़ेगी। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकगण एवं स्कूल स्टाफ के सदस्यगण भी मौजूद रहे।

# तीसरे चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करने देखी गई वोटरां की लंबी कतारें

## बुजुर्ग व युवा मतदाताओं में मतदान करने भारी उत्साह

**बलरामपुर,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के अन्तर्गत तीसरे एवं अंतिम चरण में जिले में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर एवं वाड्रफनगर में 23 फरवरी 2025 को मतदान सम्पन्न हुआ। ग्रामीण इलाकों में युवाओं से लेकर बुजुर्ग मतदाताओं में मतदान करने भारी उत्साह नजर आया।



मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिली। मतदान केंद्रों में सुबह से मतदान करने मतदाताओं का रुझान अवश्य ही जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए जागव वोटर अभियान का असर है। जहां युवा, बुजुर्ग, पुरूष एवं महिलाएं सभी वर्गों ने मतदान के इस महापर्व में बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग करने संबंधित मतदान केन्द्र पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था बनाये गए थे। बुर्जुगों एवं दिव्यांगों के लिए मतदान केन्द्र में व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी साथ ही उन्हें मतदान करने हेतु विशेष सुविधा दी गई। युवा मतदाताओं ने भी अपने मतदान केन्द्रों में पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर के ग्राम इन्दरपुर के युवा मतदाता पति-पत्नी ओमप्रकाश एवं रूबी कुमारी ने मतदान करने के पश्चात् ही कहा कि देश के लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं की भी अहम भूमिका होती है। हमने अपने कर्तव्य एवं जिम्मेदारी को समझते हुए मतदान किया है, क्योंकि एक बेहतर लोकतंत्र के निर्माण के लिए युवाओं को अपने मताधिकार उपयोग अवश्य करना चाहिए।

# लोकतंत्र में महिला मतदाताओं ने निभाई जिम्मेदारी

## कतार में खड़े होकर अपनी बारी का किया इंतेज़ार

## नवनिहाल बच्चों के साथ वोट डालने पहुंची महिलाएं

**बलरामपुर,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में महिलाओं ने भी मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है। मतदान करने में महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। बूथ पर महिलाओं की लंबी कतारें देखने को मिली। महिलाएं कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतेज़ार करते नजर आए। लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लेने महिलाओं में ऐसा उत्साह भी देखने को मिला जहां बुजुर्ग महिला मतदाताओं के साथ युवा महिला मतदाता भी मतदान केन्द्रों में मतदान करने पहुंचे। रामचन्द्रपुर के मतदान केन्द्र पूर्व माध्यमिक शाला कनकपुर में युवा मतदाता माया एवं 81 वर्षीय बुजुर्ग महिला मतदाता श्रीमती सुगिया ने लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने मतदान किया। उन्होंने बताया कि मतदान कर बहुत खुशी हो रही है। वे कहती है बदलते युग में हर काम में हम कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं ऐसे में मतदान में कैसे पीछे रह सकते हैं। इस दौरान उन्होंने प्रशासन द्वारा मतदाताओं के लिए किए गए सुविधाओं की भी प्रशंसा की। इसी प्रकार मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला लुरगी में मतदान करने आई मतदाता श्रीमती सेलवंती एवं श्रीमती रूनिया



ने भी मतदान कर जागरूकता का परिचय दिया। उनकी यह सहभागिता न केवल महिलाओं अपितु समाज के लिए भी प्रेरणा बनी। उन्होंने वोट देकर अन्य महिलाओं को भी मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही वोट डालने नवनिहाल बच्चों के साथ महिलाएं पहुंची जहां नवनिहाल बच्चे को सीने से लगाए मतदान के लिए लाईन में खड़ी होकर अपना मतदान किया। कई मतदान केन्द्रों में महिला मतदाता ने अपने नन्हे-मुन्ने बच्चों को गोद में लेकर मतदान किया।

# मतदान को लेकर सभी वर्गो में दिखा उत्साह, तीसरे और अंतिम चरण के लिए हुआ मतदान

## घरघोड़ा, लैलूंगा और तमनार ब्लॉक में हुई वोटिंग, बनाए गए थे 435 मतदान केन्द्र

**रायगढ़,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 के तहत तीसरे और अंतिम चरण की वोटिंग 23 फरवरी को हुई। रायगढ़ जिले के घरघोड़ा, लैलूंगा और तमनार विकासखंड के 178 ग्राम पंचायतों के 435 मतदान केंद्रों में मतदान किया गया। जनरल आब्जर्वर श्री जगदीश कुमार सोनकर (आईएएस) के साथ कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने विकासखंड तमनार के तराईमाल एवं सामारुमा, विकासखंड घरघोड़ा के अमलीडीह एवं भालूमार तथा लैलूंगा के कुंजारा एवं खम्हार के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान प्रतिशत एवं मतगणना की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उन्होंने लैलूंगा मुख्यालय पहुंच कर मतदान दलों के आवागमन, सामग्री संग्रहण की तैयारी के संबंध में एसडीएम से जानकारी ली। सुबह 07 बजे से मतदान शुरू हुआ। लोगों में मतदान को लेकर काफी उत्साह रहा। युवाओं और महिलाओं के साथ वृद्ध जनों ने बड़ी संख्या में मतदान केंद्र पहुंचकर अपने वोट डाले। सुबह 09 बजे तक की स्थिति में घरघोड़ा में 14.36, तमनार में 9.74 और लैलूंगा में 11.01 प्रतिशत वोटिंग हुई। सुबह 11 बजे तक घरघोड़ा में 37.78, तमनार में 33.73 और लैलूंगा में 33.09 प्रतिशत मतदाताओं ने वोटिंग कर लिया था। वहीं दोपहर 01 बजे तक मतदान प्रतिशत बढ़कर घरघोड़ा में 60.02, तमनार में 58.62 और लैलूंगा में 49.40 प्रतिशत रहा।

### तीसरे चरण के मतदान के लिए बनाए गए थे 435 मतदान केंद्र

तीसरे चरण में तीन विकासखंडों के 175 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। इसके लिए कुल 435 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें तमनार के 61 ग्राम पंचायतों के लिए 142 मतदान केंद्र, घरघोड़ा के 42 ग्राम पंचायतों के लिए 113 मतदान केंद्र और लैलूंगा के 75 ग्राम पंचायतों हेतु 180 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

## सार-संक्षेप

### जिला पंचायत सदस्य बनी- सोना चंद्रा



मालखरौदा,23 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत सक्ति के क्षेत्र क्रमांक 4 पोता से जिला पंचायत सदस्य में सोना एकलव्य ने जीत हासिल की है। ग्राम घोघरी की बेटी सोना एकलव्य चंद्रा की तकदीर प्रथम बार में ही चमकी है। सोना चंद्रा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 2880 वोटो से हराया। उन्होंने प्रथम बार ही जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा और जीत हासिल किया। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 के मतदाताओं ने सोना पर विश्वास करते हुए सोने की तरह तकदीर को चमका रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य का चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ा। इस चुनाव में बड़े बड़े दिग्गज नेताओ द्वारा अपने अपने समर्थित उम्मीदवारो का चुनाव प्रचार किया इसके बाद भी भाजपा समर्थित उम्मीदवार एवं कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार को हराया। सोना चंद्रा 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की है एवं सफल ग्रहणी है पहली बार राजनीति में आई है पहली बार में ही राजनीति में सफलता हासिल किया है।उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि जनता की सेवा करना ही मेरा पहला लक्ष्य है मतदाताओं ने मुझ पर जो विश्वास किया है उस पर खरा उतरूंगी। जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र के अंतर्गत सभी ग्रामों में समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा । उन्होंने शिक्षा के स्तर के ऊपर उठने एवं महिलाओं को आगे बढ़ाने के साथ बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देने की बात कही।

### ग्राम पंचायत बासीन के सरपंच बने, कृष्णों दास महंत



डभरा,23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण में 20 फरवरी को ग्राम पंचायत बासीन के सरपंच चुनाव में कृष्णों दास महंत को 576 मत मिले। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 340 मतों से हराया। और सरपंच निर्वाचित हुए। सरपंच निर्वाचित होने पर ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ जगह जगह भव्य किया। ग्राम पंचायत बासीन के सरपंच पद पर मतदाताओं ने कृष्णों दास महंत के प्रति विश्वास जताया और अपने ग्राम सरकार का नेता चुने। वही चर्चा के दौरान कृष्णों दास महंत ने कहा कि गांव की चहुमुखी विकास करना मेरा पहला लक्ष्य है स्कूलो में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने का प्रयास किया जाएगा साथ ही गांव में गर्मी के दिनों में ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा एवं गांव की गालियों में स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान देना एवं शासन की समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही।

### चुनाव में हार जीत एक प्रकिया है,मतभेद भूलाकर करें काम-रतन शर्मा



सारंगढ, 23 फरवरी (देशबन्धु)। चेम्बर ऑफ़ कामर्स के अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी रतन लाल शर्मा ने एक महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किया है, जिसमें उन्होंने लोकतंत्र में चुनाव और जीत-हार की प्रक्रिया को समझाया है। उनका मानना है कि चुनाव में जीतना या हारना एक सामान्य प्रक्रिया है, जैसे कि कोई खेल में जीतता है या हारता है। लेकिन इसमें सद्भावना और आपसी प्रेम बना रहना चाहिए। कोई भी राग-द्वेष नहीं रखना चाहिए।

रतन लाल शर्मा ने कहा कि चुनाव में जीतने वाला व्यक्ति जनता की सेवा करेगा, जबकि हारने वाला व्यक्ति भी जनसेवा कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति हारकर भी जनसेवा करता है, तो उसकी अधिक सराहना होगी।रतन लाल शर्मा ने यह भी कहा कि किसी को भी निराश या हताश नहीं होना चाहिए, बल्कि जनसेवा के क्षेत्र में सतत कार्य करते हुए अपने जनाधार और लोकप्रियता को बढ़ाना चाहिए। यह विचार न केवल चुनाव में हारने वालों के लिए, बल्कि सभी लोगों के लिए प्रेरणादायक है जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहते हैं।

### भाजपा ने निगम में सभापति के चयन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

रायगढ़ 23 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब नगर निगम में सभापति का चुनाव होना है स भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के सभी 10 नगर निगम में सभापति प्रत्याशी चयन के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। रायगढ़ नगर निगम के लिए ललित चंद्राकर पर्यवेक्षक होंगे।

### द्वितीय चरण में हुए जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन परिणाम घोषित

अम्बिकापुर, 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत द्वितीय चरण में हुए जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन मतों के गणना की परिणाम घोषणा कर दी गई है। रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत श्री विनय कुमार अग्रवाल ने नवनिर्वाचित सदस्यों को विजयी प्रमाण पत्र प्रदान किया।

#### द्वितीय चरण में 11 से 14 तक हुए निर्वाचन में

जिसमें जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से 05 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में थे। जिसमें श्रीमती बालमदिना निराला को कुल 6604 मत, श्रीमती कौशल्या नागवंशी को 3262 मत, श्रीमती लीला खलखो को 1150 मत, श्रीमती पियासो लकड़ा को 8675 मत, श्रीमती शकुन्तला बिन्धेश्वरी पैकरा को 6333 मत प्राप्त हुए, क्षेत्र क्रमांक 12 से 06 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे थे जिसमें श्री अनिल निराला उरांव को 6004 मत, श्री बिगन तिग्गा को 5791 मत, श्री धनेश्वर को 5661मत, श्री हरि कुमार एक्का को 635 मत, श्री रेवती शंकर नागवंशी को 2513 मत, श्री शिव भरोस बेक सर 6029 मत प्राप्त हुए, क्षेत्र क्रमांक 13 से 08 चुनाव लड़ रहे थे, जिसमें अर्जुन राम को 3127 मत, श्री भगत सिंह पैकरा को 4695 मत, श्री भिनसरीहा खोखसा को 2327 मत श्री देव चंद एक्का को 1375 मत, इंजी. निर्मल कुजूर को 5140 मत, श्री रमेशंकर को 1706 मत, श्री रंजीत तिग्गा को 381 मत, श्री सेत राम बडा को 3063 मत प्राप्त हुए। क्षेत्र क्रमांक 14 से 04 अभ्यर्थी चुनाव में लड़ रहे हैं। श्रीमती बसन्ती महन्त को 4757 मत, श्रीमती बिहारो भैंसा रविनाथ को 1139 मत, श्रीमती लहाती पैकरा को 2139 मत, श्रीमती रतनी नाग को 9478 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के क्षेत्र क्रमांक 11 से श्रीमती पियासो लकड़ा 2071 मत, क्षेत्र क्रमांक 12 से श्री शिव भरोस बेक सर 25 मत, क्षेत्र क्रमांक 13 से इंजी. निर्मल कुजुर 445 मत एवं क्षेत्र क्रमांक 14 से श्रीमती रतनी नाग 4721 मतों से विजय प्राप्त किए हैं।

# तृतीय व अंतिम चरण का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न

## पामगढ़ में 59 ग्राम पंचायतों में 74.93 प्रतिशत तथा बलौदा में 65 ग्राम पंचायत में 83 प्रतिशत हुआ मतदान



जांजगीर, 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय व अंतिम चरण का मतदान आज छुटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। हालांकि कुछ जगहों पर मतगणना के दौरान प्रत्याशी व समर्थकों की आपत्ति व विरोध से मामला तनावपूर्ण बना, मगर स्थानीय लोगों के साथ चुनाव में लगे अधिकारियों की समझाइए इसके बाद मामला शांत हो गया। आज अंतिम चरण में जिले के पामगढ़ एवं बलौदा विकासखंड के लिए मतदान हुआ जिसमें पामगढ़ में 59 ग्राम पंचायतों में 74.93 प्रतिशत तथा बलौदा में 65 ग्राम पंचायत में 83 प्रतिशत मतदान हुआ है।

आज सुबह 7.00 बजे से मतदान केंद्रों में मतदान अधिकारी और कर्मचारी जम गये थे साथ ही प्रत्याशियों के एजेंट भी जमे थे । दोपहर 3.00 बजे तक अनेक गांवों में मतदान हो चुका था, वहीं बड़े गांवो में पांच बजे तक मतदान होता रहा। कुछ छिटपुट झड़प की घटनाएं सुनने को मिली है। दरअसल मतदाता 3.00 बजे मतदान केंद्र में प्रवेश कर चुके थे इसलिए उन्हें मतदान करने दिया गया। तीसरे चरण के चुनाव में जनपद पंचायत पामगढ़ के 59 ग्राम पंचायत के सरपंद पद के लिए 342 उम्मीदवार, वार्ड पंच के 969 पद के लिए 2191 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि जनपद सदस्य के 23 पद के लिए 125 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं जिला पंचायत सदस्य के क्षेत्र क्रमांक 06 भैंसों से छह उम्मीदवार, क्षेत्र क्रमांक 07 चंडीपारा से पांच उम्मीदवार और क्षेत्र क्रमांक 08 लोहर्सी से पांच उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। बलौदा जनपद पंचायत के 65 ग्राम पंचायत के सरंपच पद के लिए 320 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं पंच के 989 वार्ड के लिए 1898 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं जबकि जनपद के 23 सदस्य के लिए 102 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। वहीं जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 12 चारपारा के लिए छह उम्मीदवार, क्षेत्र क्रमांक 13 पंतोरा में चार उम्मीदवार और क्षेत्र क्रमांक 14 पिसौद में सात उम्मीदवार मैदान में हैं। दोनों ब्लाक के दो लाख 62 हजार 15 मतदाता है।

### पामगढ़ में उम्मीदवारों की संख्या

पंच उम्मीदवार - 2191
सरपंच प्रत्याशी - 342
जनपद सदस्य उम्मीदवार - 125
जिपं सदस्य उम्मीदवार - 16
पुरुष - 69796
महिला - 69192
कुल मतदाता - 138988

### बलौदा में उम्मीदवारों की संख्या

पंच उम्मीदवार - 1898
सरपंच प्रत्याशी - 320
जनपद सदस्य उम्मीदवार - 102
जिपं सदस्य उम्मीदवार - 17
पुरुष - 61686
महिला - 61339
कुल मतदाता - 123027

# पिकअप वाहन के पलटने से सवार 13 बच्चों सहित 39 लोग घायल

### चुनाव जीतने की खुशी में मोहल्ले के लोगों को मड़वारानी माता के दर्शन और पिकनिक के लिए ले जा रहे थे



जांजगीर, 23 फरवरी (देशबन्धु)। चुनाव जीतने की खुशी में मोहल्ले के लोगों को मड़वारानी माता के दर्शन और पिकनिक के लिए ले जा रहे पिकअप वाहन के पलटने से वाहन में सवार 13 बच्चों सहित 39 लोग घायल हो गए,जिनमें से कई के हाथ-पैर टूट गए हैं। सभी घायल ग्राम पंचायत पकरिया के निवासी हैं। मामला जिला मुख्यालय से सटे गांव पेंड्री के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-49 की है। वाहन में 44 लोग सवार थे।

यह दुर्घटना उस समय हुई जब पंच का चुनाव जीतने की खुशी में दिलीप श्रीवास अपने मोहल्ले के लोगों को मड़वारानी माता के दर्शन और पिकनिक के लिए ले जा रहे थे। यात्रा के लिए दो पिकअप वाहनों का उपयोग किया गया था, जिनमें से एक आगे निकल गया और दूसरा पीछे था। दुर्घटनाग्रस्त वाहन के चालक पवन वैष्णव के अनुसार, अचानक सड़क पर 4-5 बंदर आ गए, जिन्हें बचाने के प्रयास में ब्रेक लगाने पर तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर तीन बार लहराने के बाद पलट गया। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉ. संदीप साहू ने बताया कि 4-5 महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं और कुछ के हाथ-पैर टूटे हैं, हालांकि सभी खतरे से बाहर हैं और उनका इलाज जारी है। गनीमत रही कि इस बड़े हादसे में किसी की जान नहीं गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### विधायक पहुंचे घायलों का हाल जानने

राष्टीय राजमार्ग 49 में ग्राम पेंड्री के पास हुई सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप घायलों का हाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने डॉक्टर से मरीज का हाल जाना एवं समुचित इलाज का प्रबंध किए जाने का निर्देश दिया। मरीजों से भी उनका हाल-चाल पूछा और शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामना दी।

# बतौली एवं लूण्ड्रा में तृतीय चरण का अंतिम मतदान

### तीन बजे के रिपोर्ट अनुसार लूण्ड्रा में 76.00 प्रतिशत व बतौली में 74.50 प्रतिशत मतदान दर्ज

### दोनों विकासखंड में 75.44 प्रतिशत मतदान हुआ दर्ज

अम्बिकापुर, 23 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत तृतीय चरण का अंतिम मतदान आज लूण्ड्रा एवं बतौली विकासखंड में सम्पन्न हुआ। सफलतापूर्वक मतदान कराने हेतु 265 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिसमें पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान हुए। वहीं मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु 1325 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। प्राप्त जानकारी अनुसार तीन बजे तक के अनंतिम मतदान रिपोर्ट में कुल 75.44 प्रतिशत मतदान रहा।

#### कलेक्टर एवं एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

तृतीय चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर एवं पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल ने बतौली एवं लूण्ड्रा के संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, रिजर्व मतदान दलों को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

#### सामान्य प्रेक्षक एवं जिला सीईओ ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

सामान्य प्रेक्षक डॉ संतोष कुमार देवांगन एवं जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी सरगुजा श्री विनय कुमार अग्रवाल ने बतौली एवं लूण्ड्रा स्थिति मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने मतदान प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए अधिकारी कर्मचारियों को समय पर मतदान संपन्न कराने हेतु निर्देश दिए।

#### 03 बजे तक के अनंतिम मतदान रिपोर्ट अनुसार

बतौली विकासखंड में 19525 पुरुष, 21015 महिला कुल 40540 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया जिसका 74.50 प्रतिशत मतदान रहा।

लूण्ड्रा विकासखंड में 34690 पुरुष, 34640 महिला कुल 69330 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया जिसका 76.00 प्रतिशत मतदान रहा।

इस प्रकार तृतीय चरण के मतदान में लूण्ड्रा एवं बतौली विकासखंड से कुल 54215 पुरुष, 55655 महिला कुल 109870 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी जिम्मेदारी निभाई। जिसका अनंतिम मतदान 75.44 प्रतिशत रहा।



# ईशिका लाइफ फाउंडेशन द्वारा 'नारी आज के युग की' सीजन 2 का आयोजन




**जांजगीर,** 23 फरवरी (देशबन्धु)। ईशिका लाइफ फाउंडेशन एक बार फिर महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए 'नारी आज के युग की' सीजन 2 का भव्य आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में होगा, जिसमें नारी शक्ति को सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन में लोकप्रिय सिंगर शहनाज अख्तर और छत्तीसगढ़ के कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में उन महिलाओं को प्रोत्साहित करना और सम्मानित करना है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं और समाज के लिए प्रेरणा बनी हैं। ईशिका लाइफ फाउंडेशन द्वारा 21 महिलाओं को 11,000 की ब्यूटी पार्लर किट (कुर्सी, आईना और अन्य आवश्यक सामान) प्रदान की जाएगी, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। इसके अलावा, 5 महिलाओं को ब्यूटी पार्लर कोर्स करने का अवसर भी दिया जाएगा, जिससे वे इस क्षेत्र में अपने करियर की शुरुआत कर सकें। फाउंडेशन की अध्यक्ष पूजा शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि समाज में कई ऐसी महिलाएं हैं, जो कठिनाइयों के बावजूद अपने दम पर आगे बढ़ रही हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। ऐसे में उन्हें सम्मानित करना और उनके कार्यों को सराहना देना बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी से इस आयोजन में शामिल होकर नारी शक्ति का सम्मान करने की अपील की। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति भी रहेगी। यह आयोजन न केवल मनोरंजन से भरपूर होगा बल्कि समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश भी देगा।

# आज व कल गोपनीय सामग्री और प्रश्नपत्रों का वितरण

### दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में 1,749 विद्यार्थी होंगे शामिल



जांजगीर, 23 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं निकट आ रही हैं, जिनमें 1,749 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षाओं की तैयारी के तहत 24 और 25 फरवरी को गोपनीय सामग्री और प्रश्नपत्रों का वितरण संबंधित केंद्राध्यक्षों को किया जाएगा। यह वितरण स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुद्देशीय उमावि जांजगीर क्रमांक 02 खोखराभाठा में होगा, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। सामग्री प्राप्त करने के बाद, केंद्राध्यक्ष पुलिस सुरक्षा में इन्हें संबंधित थानों में जमा करेंगे, जहां से परीक्षा के दिन प्रश्नपत्र परीक्षा से कुछ घंटे पहले निकाले जाएंगे। इस वर्ष, चुनावी ड्यूटी के कारण शिक्षकों की व्यस्तता बढ़ गई है, जिससे स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है और परीक्षा की तैयारियों में भी विभागीय अधिकारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त, इस बार पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं भी बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर आयोजित की जा रही हैं, जिससे शिक्षा विभाग पर अतिरिक्त दबाव है।

# प्रॉपर्टी खरीदी-ब्रिक्री में 20 प्रतिशत की आई कमी

### आसमान छूती जमीन की कीमतें और 30 फीसदी छूट खत्म होने से का पड़ रहा असर



जांजगीर, 23 फरवरी (देशबन्धु)। जिले में जमीन की खरीदी-बिक्री मंदी पड़ गई है। पहले से आसमान छूती जमीन की कीमतें और ऊपर से 30 फीसदी छूट खत्म होने से इसका सीधा असर लोगों की जेब में पड़ रहा है। छूट खत्म होने से घर-जमीन खरीदना महंगा पड़ रहा है। जिससे प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री में कमी आई है। इसका असर राजस्व आय पर भी नजर आ रहा है।

अब वित्तीय वर्ष को माह डेढ़ माह का समय और रह गया है। उधर लक्ष्य से विभाग काफी पीछे चल रहा है जबकि जिला मुख्यालय जांजगीर के पंजीयन दफ्तर में स्थिति और खराब है। यहां लक्ष्य की तुलना में आधी भी जमीन रजिस्ट्री इस बार नहीं हुई है। चालू वित्तीय वर्ष (2024-25) में जांजगीर पंजीयन दफ्तर को 43 करोड़ रुपए राजस्व आय का लक्ष्य मिला है। इसके विरूद्ध बीते दस माह (अप्रैल 24 से जनवरी 25) में 21 करोड़ 33 लाख रुपए की आय हुई है जो लक्ष्य का 49.63 प्रतिशत ही है।

#### डेढ़ माह में 21 करोड़ 67 लाख रुपए का टार्गेट

अब शेष बचे दो माह फरवरी और मार्च में 21 करोड़ 67 लाख रुपए की आय होना संभव नजर नहीं आ रहा। फरवरी माह चुनाव में भी बीत रहा है। पहले नगरीय निकाय चुनाव और फिर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव है। इसमें पूरा फरवरी माह बीत जाएगा। खरीदी-बिक्री में कमी की एक नजर चुनावी माहौल भी बताया जा रहा है।

#### रजिस्ट्री का साफ्टवेयर बदला

गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार ने 25 जुलाई 2019 को छत्तीसगढ़ प्रदेश में कलेक्टर गाइडलाइन में जमीन के सरकारी भाव में 30 प्रतिशत छूट का नियम लागू किया था। हालांकि छूट देते हुए टैक्स 4 फीसदी कर दिया था। लेकिन अब 30 प्रतिशत छूट भी खत्म कर दी गई है और टैक्स को नहीं घटाया गया। शासन ने जमीन रजिस्ट्री का साफ्टवेयर बदल दिया है। अब जमीन रजिस्ट्री एनजीडीआरएस साटवेयर के जरिए हो रहे हैं। इसमें पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है।

# रात में मनमोहक हो जाता है माघी मेले का नजारा, ऐसा लगता है जैसे रोशनी से नहाया हो मेला ग्राउंड



जांजगीर, 23 फरवरी (देशबन्धु)। माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला शिवरीनारायण का माघी मेला पूरे शबाब पर है। माघी मेले में रोजाना हजारों लोग पहुंच रहे हैं। रात को झूलों में लगे लाइटों की रोशनी से माघी मेले का नजारा बेहद मनमोहक हो जाता है।

यहां न केवल जिले के विभिन्न स्थानों के लोग मेला और भगवान शिवरीनारायण के दर्शन करने आते हैं बल्कि दूसरे जिले व दूसरे राज्य के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में रोज नगर पहुंच रहे हैं। छुट्टी के दिनों में मेले में भीड़ बहुत ज्यादा रहती है। रविवार की छुट्टी होने के कारण मेले में और ज्यादा भीड़ रही। मेले में इस बार 8 टूरिंग टॉकीज, 4 बड़े आकाश झूले, 1 मौत कुआ 2 नाव झूला, 5 ब्रेक डांस झूले, 2 सोलंबो झूला, 4 ड्रैगन झूला, 2 रेंजर झूला, 1 ऑक्टोपस झूला, 2 टोरा टोरा झूला, 2 क्राप्ट बाजार, 1 प्रिस्बी झूला, 4 मीना बाजार, बच्चों के विभिन्न झूले, खेल तमाशा, होटल, जनरल, कपड़ा, जुता चप्पल, हार्डवेयर, फोटो स्टूडियो, फल, कप प्लेट, पुस्तक कॉपी, पान दुकान, बेग, ओखरा, पेठा, पिनखजुर, गन्ना रस, आइसक्रीम, खाने पीने की चीजें सहित विभिन्न दुकानें सजी हैं। इन दिनों हजारों की संख्या में लोग नगर पहुंच रहे हैं व भगवान शिवरीनारायण के दर्शन कर परिवार के साथ मेले का आनंद ले रहे हैं।

इस बार माघी मेले की अवधि दो दिन और बढ़ाई गई है। अब माघी मेला 28 फरवरी तक चलेगा। माघी मेले में रोजाना लोगों की भीड़ बढ़ती ही जा रही है।

# देश विदेश

## श्रीलंका 5 जी के लिए डिजिटल टेलीविजन करेगा पेश

**कोलंबो,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। श्रीलंकाई सरकार 5जी के लॉन्च के लिए स्पेक्ट्रम स्थान खाली करने के लिए डिजिटल टेलीविज़न पेश करेगी। स्थानीय मीडिया ने रविवार को डिजिटल अर्थव्यवस्था के उप मंत्री एरंगा वीररत्ने के हवाले से यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनालॉग टेलीविजन वर्तमान में 26 चैनलों के बराबर स्पेक्ट्रम स्थान रखता है, और डिजिटल टीवी में परिवर्तन से इस उपयोग में काफी कमी आएगी, 5 जी और अन्य मोबाइल संचार आवश्यकताओं के लिए बैंडविड्थ खाली हो जाएगा। देश का दूरसंचार नियामक आयोग मोबाइल ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को बढ़ाने और 5जी के रोलआउट का समर्थन करने के लिए 276 टावरों के निर्माण की परियोजना पर काम कर रहा है।

# इजरायल ने रोकी फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई

■ **इजरायल ने हमास पर बंधकों की रिहाई के दौरान अपमानजनक समारोह करने का लगाया आरोप**



**यरूशलम,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई स्थगित करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि जब तक हमास इजरायली बंधकों की रिहाई के दौरान अपने अपमानजनक समारोह बंद नहीं कर देता तब तक यह रोक जारी रहेगी। गाजा युद्धविराम समझौते के तहत हमास ने शनिवार को 6 इजरायली बंधकों की रिहाई की जबकि इजरायल को 602 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करना था। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि हमास की ओर से बार-बार किए गए उल्लंघनों, जिनमें हमारे बंधकों को अपमानित करने वाले समारोह और प्रचार उद्देश्यों के लिए हमारे बंधकों का निंदनीय शोषण शामिल है, के मद्देनजर यह फैसला लिया गया कि शनिवार को होने वाली आतंकवादियों (फिलिस्तीनी कैदी) की रिहाई तब तक के लिए स्थगित रहेगी, जब तक कि अगले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती और रिहाई पर होने वाले अपमानजनक समारोह बंद नहीं होते।

19 जनवरी को युद्ध विराम शुरू होने के बाद से, हमास ने 25 इजरायली बंधकों को रिहा किया है। लगभग सभी की एक सार्वजनिक समारोह में रिहाई हुई है जिन्हें इजरायल फिलिस्तीनी ग्रुप का प्रचार स्टंट बताता है। हालांकि शनिवार को बंधक हिशाम अल-सईद की रिहाई एक अपवाद रही। हमास ने बिना किसी सार्वजनिक कार्यक्रम के उन्हें रेडक्रॉस को सौंप दिया। हिशाम रिहा होने वाले पहले मुस्लिम इजरायली हैं। हालांकि शनिवार सुबह हमास ने पांच बंधकों की रिहाई पूरे धूम-धाम से की थी। हमास ने हिशाम अल-सईद को बिना किसी बड़े कार्यक्रम के रिहा करने का कोई कारण नहीं बताया।

हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला करके 251 बंधकों को पकड़ लिया और लगभग 1,200 लोगों को मार डाला था जिसके बाद युद्ध शुरू हो गया। गाजा के हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल के हमले में कम से कम 48,319 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

## इजरायल ने लेबनान-सीरिया सीमा क्रॉसिंग को बनाया निशाना



**यरूशलम।** इजरायल ने एक बार फिर लेबनान-सीरिया सीमा क्रॉसिंग पर हमला किया है। इजरायली सेना ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने सीरिया और लेबनान के बीच सीमा क्रॉसिंग पर हवाई हमले किए हैं। हिजबुल्लाह इस क्रॉसिंग का इस्तेमाल लेबनान में हथियारों की तस्करी के लिए कर रहा है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दावा किया कि हिजबुल्लाह ने अवैध रूप से हथियारों को स्थानांतरित करने के प्रयास में क्रॉसिंग का इस्तेमाल किया है। इस तरह की गतिविधियां इजरायल और लेबनान के बीच 27 नवंबर, 2024 से प्रभावी युद्धविराम समझौतों का उल्लंघन हैं। साथ ही, उन्होंने हिजबुल्लाह को 'आतंकवादी संगठन' करार दिया है। आईडीएफ ने कहा है कि वह इजरायल के लिए खतरों को बेअसर करने का काम जारी रखेगा।

## हमास ने साधा इजरायल पर निशाना कहा- यह समझौते से बचने की कोशिश



**दुबई।** हमास ने रविवार को फिलिस्तीनी कैदियों और बंदियों की रिहाई को स्थगित करने के इजरायली फैसले की निंदा की। फिलिस्तीनी ग्रुप ने कहा कि इजरायल का यह दावा कि बंधकों को सौंपने का समारोह अपमानजनक है, झूठा है और यह गाजा युद्ध विराम समझौते के तहत दायित्वों से बचने का एक बहाना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमास राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य इज्जत एल रश्क ने एक बयान में कहा, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का फैसला समझौते को बाधित करने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास है। यह समझौते की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है और दर्शाता है कि कब्जे वाली (इजरायली) सरकार अपने दायित्वों को लागू करने में विश्वसनीय नहीं है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई स्थगित करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि जब तक हमास इजरायली बंधकों की रिहाई के दौरान होने वाले अपमानजनक समारोह बंद नहीं कर देता तब तक यह रोक जारी रहेगी। समझौते के तहत शनिवार को हमास ने 6 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया और इसके बदले में उसे 602 फिलिस्तीनी कैदियों को उसी दिन रिहा करना था लेकिन यहूदी राष्ट्र ने ऐसा नहीं किया। हमास के एल रश्क ने कहा कि समारोहों में बंधकों का कोई अपमान नहीं किया गया, बल्कि उनके साथ मानवीय और सम्मानजनक व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि वास्तविक अपमान वह है जो रिहाई प्रक्रिया के दौरान फिलिस्तीनी कैदियों के साथ किया जाता है। 19 जनवरी को युद्ध विराम शुरू होने के बाद से, हमास ने 25 इजरायली बंधकों को रिहा किया है। लगभग सभी की एक सार्वजनिक समारोह में रिहाई हुई है जिन्हें इजरायल फिलिस्तीनी ग्रुप का प्रचार स्टंट बताता है। हालांकि शनिवार को बंधक हिशाम अल-सईद की रिहाई एक अपवाद रही। हमास ने बिना किसी सार्वजनिक कार्यक्रम के उन्हें रेडक्रॉस को सौंप दिया।

## सुडोकू 6835


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 1 | | | 8 | |
| | | | | | 6 | 2 | | 4 |
| | 5 | | | | 7 | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | 1 | | 2 | | 6 | |
| | | | 5 | | | | | 7 |
| | | 6 | 7 | | | | 1 | |
| 2 | | 3 | 6 | | | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6835



**बायें से दायें:-**

१. जिस दिन किसी का जन्म हुआ हो
४. चिढ़ाना, नकल उतारना, उपहास का विषय
६. माथा, ललाट
७. दबने या दबाये जाने का भाव
८. निर्लज्ज, बेहया
१०. गुलामी
११. 'शेयर होल्डर'
१३. दुष्ट व्यक्ति
१४. जीवावशेष
१५. प्राकृतिक, नैसर्गिक (उर्दू)
१७. ऊंट के नाक या किसी नुकीली चीज की नोंक
२१. मूर्खता, नासमझी (उर्दू)
२२. के सहारे के द्वारा (उर्दू)
२४. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. परशुराम के पिता
२. दो दिशाओं में बीच की जगह
३. बुद्धिमान
४. बेचैनी
५. पथिक, राहगीर
९. आंसू
११. लक्ष्मण के एक पुत्र का नाम
१३. शत्रु, बैरी
१४. बहादुर, साहसी, हिम्मतवर
१५. वह पत्र या कागज जिसमें किसी संपत्ति को कुर्क करने संबंधी आदेश लिखा हो (उर्दू)
१६. चंद्रमा
१८. सिर्फ, मात्र
१९. स्वर्ण, सोना
२०. किस समय
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6834

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ पु | रा | २ ता | त्वि | ३ क | ■ | ४ क | र्म | ५ शा | ला |
| रो | ■ | ने | ■ | ६ टु | क | ड़ा | ■ | ति | ■ |
| ७ हि | म | मा | न | व | ■ | ८ प | द | र | ९ ज |
| त | ■ | र | ■ | १० च | ल | न | ■ | ■ | न |
| ■ | ११ अ | ना | १२ सी | म | ■ | ■ | १३ अ | स्थ | मा |
| ■ | मु | ■ | प | ■ | १४ श | प | थ | ■ | न |
| १५ स | र | १६ ता | ज | ■ | मि | ■ | १७ वा | १८ प | स |
| ह | ■ | प | ■ | १९ ब | ता | २० ना | ■ | रिं | ■ |
| २१ च | क | मा | ■ | धि | ■ | २२ दा | ग | दा | २३ र |
| र | ■ | २४ न | ग | र | ज | न | ■ | ■ | स |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 24 फरवरी, 2025 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12**

### राशिफल

मेष - यदि आप अपना स्वभाव शांत नहीं रखेंगे, तो उस कारण किसी के साथ मनमुटाव होने की संभावना उत्पन्न हो सकती है। आप शारीरिक थकान महसूस करेंगे। मानसिक अस्वस्थता के कारण किसी काम में मन नहीं होगा।

वृषभ - आपकी तबीयत खराब होने के कारण काम में जल्दी सफलता नहीं मिल सकती है। मन में निराशा का अनुभव होगा। काम के बोझ से मानसिक तनाव और उचाट की स्थिति उत्पन्न होगी। प्रवास में अवरोध आ सकते हैं।

मिथुन - शारीरिक और मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा। परिजनों तथा मित्रों के साथ प्रवास एवं पार्टी का आयोजन होगा। आज आपके पास मनोरंजन के सभी साधन उपलब्ध होंगे।

कर्क - आज के दिन आपको खुशी और सफलता मिलेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में सुख-शांति से दिन व्यतीत करेंगे। नौकरी करने वालों को लाभ होगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। काम में यश मिलेगा।

सिंह - लेखन और साहित्य के क्षेत्र में कुछ नए सृजन करने की आपको प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थी अध्ययन में उत्तम प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रेम में सफलता और प्रिय व्यक्तियों के साथ आपकी मुलाकात से मन खुश रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

कन्या - आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं के साथ तैयार रहना पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम रहेगा। मन चिंताओं से घिरा रहेगा। माता से संबंधों में तनाव होगा अथवा उनकी तबीयत खराब होगी।

तुला - वर्तमान समय भाग्यवृद्धि का है। ऐसे में नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश लाभदायक रहेगा। परिवार में भाई-बंधुओं के साथ आत्मीयता और मेल- मिलाप रहेगा।

वृश्चिक - आज परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सगे-संबंधियों और मित्रों का आगमन होगा। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। धार्मिक काम के पीछे खर्च होगा। अलंकारों तथा सुगंधित पदार्थों की खरीदारी होगी।

धनु - आज व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। विदेश स्थित व्यापार से लाभ होगा। आपके हाथ से धार्मिक एवं मांगलिक काम होंगे। स्नेहीजनों और मित्रों का मिलन आनंदित करेगा। आर्थिक लाभ होगा।

मकर - आज धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों में रुचि रहने से व्यस्तता रहेगी तथा उनके पीछे खर्च भी होगा। कोर्ट-कचहरी से संबंधित काम सामने आएंगे। व्यवसायिक कामों में बाधा होगी। स्नेहीजनों की प्रतिष्ठा में हानि होगी।

कुंभ - आज का दिन लाभदायी है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपको फायदा होगा। मित्रों के साथ भेंट होने से मन में आनंद छाया रहेगा। उनके साथ प्रवास का आयोजन भी हो सकता है। नए काम की शुरुआत आपके लिए लाभदायी रहेगा।

मीन - व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आपकी कार्यसफलता के कारण अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में पदोन्नति के भी योग है। व्यापारियों को व्यापार में लाभ मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# रूसी सैनिक यूक्रेन में राष्ट्रीय हितों की कर रहे रक्षा : पुतिन



■ **पुतिन ने सेना को मजबूत करने का लिया संकल्प**
■ **यूक्रेन युद्ध के पूरे होने वाले हैं तीन साल**

**मॉस्को,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को कहा कि यूक्रेन में उनके सशस्त्र बल राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने बदलती विश्व व्यवस्था में देश की सेना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

पुतिन का यह बयान ऐसे समय में आया जब यूक्रेन युद्ध के तीन साल पूरे होने वाले हैं। 24 फरवरी, 2022 तो मॉस्को ने कीव पर पूर्ण पैमाने का आक्रमण किया था।

रूस के डिफेंडर्स ऑफ द फादरलैंड डे पर क्रेमलिन द्वारा जारी एक वीडियो में पुतिन ने कहा कि आज, अपने जीवन को जोखिम में डालकर, साहस के साथ, वे (सैनिक) अपनी मातृभूमि, राष्ट्रीय हितों और रूस के भविष्य की रक्षा कर रहे हैं। देश के प्रमुख दैनिक द मॉस्को टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि रूस की सुरक्षा और संप्रभुता की गारंटी के लिए, हम सेना और नौसेना की लड़ाकू क्षमताओं में सुधार करना जारी रखेंगे। इससे पहले रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव ने इस सप्ताह रियाद में यूएस प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता की, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज और मध्य पूर्व के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ शामिल थे। इस वार्ता का उद्देश्य रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत करना और अपने संबंधों को बेहतर बनाना था।

## मॉस्को ने रात भर में 200 से अधिक ड्रोन हमले किए : जेलेंस्की

**कीव।** रूस ने यूक्रेन में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया है। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि मॉस्को ने रात भर में 200 से अधिक ड्रोन हमले किए। उन्होंने रूस के हवाई आतंक की निंदा की और यूक्रेन के सहयोगियों के बीच एकता की अपील की। यह हमला रूस-यूक्रेन युद्ध की तीसरी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर हुआ।



22 फरवरी, 2022 को रूस ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने का आक्रमण किया था। जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा कि हर दिन, हमारे लोग हवाई आतंकवाद के खिलाफ खड़े होते हैं। युद्ध की तीसरी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर, रूस ने यूक्रेन के खिलाफ 267 हमलावर ड्रोन लॉन्च किए। ईरानी ड्रोन द्वारा यूक्रेनी शहरों और गांवों को निशाना बनाने के बाद से यह सबसे बड़ा हमला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन की वायु सेना ने एक बयान में कहा कि 138 ड्रोन गिराए गए, 119 अन्य रडार से गायब हो गए, साथ ही रूस ने तीन बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं। यूक्रेन के पांच क्षेत्रों में नुकसान की सूचना मिली है। बता दें मॉस्को ने यूक्रेन पर पिछले महीनों से रात में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले करने शुरू किए हैं, ताकि हवाई सुरक्षा को खत्म किया जा सके।जेलेंस्की ने कहा कि पिछले हफ्ते रूस ने यूक्रेन पर कुल मिलाकर लगभग 1,150 ड्रोन, 1,400 से ज्यादा हवाई बम और विभिन्न प्रकार की 35 मिसाइलें दागी हैं। राष्ट्रपति ने यूक्रेन की वायु रक्षा का संचालन करने वालों को धन्यवाद दिया और देश के विदेशी सहयोगियों से न्यायपूर्ण और स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सभी भागीदारों की एकता के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

## भारत ने तूफान से प्रभावित होंडुरास को भेजी मानवीय सहायता

**नई दिल्ली,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने होंडुरास को रविवार को 26 टन मानवीय सहायता भेजी। हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान सारा ने मध्य अमेरिकी देश में काफी तबाही मचाई है। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ग्लोबल साउथ के लिए एक विश्वसनीय साझेदार। भारत ने हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान सारा के मद्देनजर होंडुरास को 26 टन मानवीय सहायता भेजी है।विदेश मंत्रालय ने कहा, मेडिकल सप्लाई और आपदा राहत सामग्री से युक्त यह खेप भारत से रवाना हो गई है, जिसमें सर्जिकल आपूर्ति, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीमीटर, दस्ताने, सीरिंज और तरल पदार्थ, कंबल, स्लीपिंग मैट और स्वच्छता किट शामिल हैं।नवंबर 2024 में, होंडुरास के तट पर बना उष्णकटिबंधीय तूफान 'सारा' विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन का कारण बना। इसने होंडुरास में घरों और कई सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को तबाह कर दिया। बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए, हजारों लोगों की ज़िंदगी सीधे तौर पर तूफान से प्रभावित हुई। तूफान की वजह से साफ पानी की तक पहुंच बेहद मुश्किल हो गई। वहीं साफ-सफाई की व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई जिसके परिणामस्वरूप 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में डायरिया और पानी से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ गया। इसके अलावा, शेल्टर, घरों के बुरे हालात और भीड़भाड़ के कारण तीव्र श्वसन रोगों सहित संक्रामक रोगों का जोखिम काफी बढ़ गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इस समय होंडुरास को भारत की सहायता प्रभावित लोगों को जरूरी राहत प्रदान करेगी।



## हसन नसरल्लाह के अंतिम संस्कार में हजारों लोग शामिल

**बेरूत,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने रविवार को हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह के अंतिम संस्कार के दिन इजरायल के खिलाफ प्रतिरोध जारी रखने की कसम खाई। बेरूत में अंतिम संस्कार के दौरान अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान में खामेनेई ने कहा कि प्रतिरोध तब तक जारी रहेगा जब तक कि वांछित लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता। इजरायल का नाम लिए बिना बयान में कहा गया कि दुश्मन को पता होना चाहिए कि अतिक्रमण, उत्पीड़न और अहंकार के खिलाफ प्रतिरोध खत्म नहीं हुआ है और तब तक जारी रहेगा जब तक कि वांछित लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता। नसरल्लाह और उनके उत्तराधिकारी हाशम सफीद्दीन के अंतिम संस्कार में शामिल काले कपड़े पहने हजारों लोगों ने हिजबुल्लाह के प्रति समर्थन जताया।



■ **खामेनेई ने इजरायल के खिलाफ प्रतिरोध जारी रखने की कसम खाई**

## आज का इतिहास

1483-प्रथम मुग़ल शासक बाबर का जन्म।
1739-करनाल में हुए युद्ध में फ़ारस पर सत्तासीन तुर्क नादिरशाह ने मुग़ल शहंशाह आलम की भारतीय सेना को हरा दिया।
1821-मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की।
1822-दुनिया के पहले स्वामी नारायण मंदिर का अहमदाबाद में उद्घाटन हुआ।
1831-दा ट्रीटि ऑफ़ डासिंग रेबिट क्रीक वह पहली संधि है जिसे भारतीय रिमूवल एक्ट से हटाने की घोषणा की गयी।
1882-संक्रामक बीमारी टीबी की पहचान आज ही के दिन की गई थी।
1894-निकारागुआ ने होंडुरास की राजधानी तेगुसिगालपा पर क़ब्ज़ा किया।
1895-क्यूबा में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये लड़ाई शुरु हुई।
1919-भारतीय राजनीतिज्ञ शारदा मुखर्जी का जन्म।
1924-प्रसिद्ध भारतीय गजल गायक और अभिनेता तलत महमूद का जन्म।
1976-अर्जेन्टीना में सेना प्रमुखों द्वारा बलात् सत्ता ग्रहण, राष्ट्रपति श्रीमती पैरों गिरफ्तार एवं संसद भंग।
1984-भारत की टेबल टेनिस खिलाड़ी मौउमा दास का जन्म।
1998-हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री ललिता पवार का निधन।
2001-पाकिस्तान भारत से परमाणु निवारण के लिए वार्ता को तैयार।
2003-चीन के जिजियांग प्रान्त में भीषण भूकम्प से 257 मरे।
2004-रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री मिखाइल कास्यानोव को उनके पद से हटाया।
2006-फिलीपींस में तख्तापलट की कोशिश के बाद आपातकाल लागू।
2008-मुम्बई की शगुन साराभाई ने जोहांसवर्ग में मिस इण्डिया वर्ल्ड वाइड का खिताब जीता।
2009-केन्द्र सरकार ने सेवा कर उत्पाद शुल्क में कटौती की घोषणा की।
2011-भारतीय शिक्षा शास्त्री , अमर चित्रकथा के संस्थापक अनंत पै का निधन।
2013-राउल कास्त्रो को दूसरे कार्यकाल के लिये क्यूबा का राष्ट्रपति चुना गया।
2018-भारतीय सिनेमा की ख्यातिप्राप्त अभिनेत्रियों में से एक श्रीदेवी का निधन।

**चिंताजनक** *सूडान के व्हाइट नील राज्य में हैजा से तीन दिनों में 83 लोगों की मौत से दहशत*

# जागरूकता अभियान व क्लोरीन वितरित करने का आह्वान

**खार्तूम,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने बताया कि सूडान के व्हाइट नाइल राज्य में हैजा से मौत को लेकर भयावह आंकड़ा साझा किया है। इसके मुताबिक पिछले 72 घंटों में हैजा से 83 लोगों की मौत हो गई है। गैर-सरकारी सूडानी डॉक्टर्स नेटवर्क ने शनिवार को एक बयान में कहा कि व्हाइट नाइल में हैजा फैलने से 83 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,197 अन्य संक्रमित हुए हैं, जिनमें से शुक्रवार तक 259 लोग ठीक हो चुके हैं।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, नेटवर्क ने स्थिति को विनाशकारी बताते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अस्पताल में बिस्तरों की कमी और बीमारों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त केंद्र खोलें।

नेटवर्क ने स्थानीय प्राधिकारियों से जागरूकता अभियान तेज करने, बाजारों को संक्रमणमुक्त करने, पारंपरिक तरीकों से पेयजल वितरण को रोकने तथा जल नेटवर्क की कमी वाले क्षेत्रों में क्लोरीन वितरित करने का भी आह्वान किया।

इस बीच, स्थानीय स्वयंसेवी समूह निदा अल-वसत प्लेटफार्म ने चेतावनी दी कि व्हाइट नाइल राज्य के प्रमुख शहर कोस्टी में स्वास्थ्य स्थिति बहुत खतरनाक मोड़ ले रही है, जहां 800 से अधिक हैजा के मामले सामने आए हैं और कई लोगों की मौत हुई है। एक अन्य गैर सरकारी संगठन, डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (एमएसएफ) ने भी एक प्रेस विज्ञप्ति में पुष्टि की कि बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु हो गई है, और 800 से अधिक लोग तेज दस्त, डिहाइड्रेशन, उल्टी आदि के लक्षणों के साथ कोस्टी टीचिंग अस्पताल में हैजा उपचार केंद्र में इलाज करा रहे हैं, जिसे एमएसएफ द्वारा सहायता प्राप्त है। इसमें बताया गया कि पहले 100 मरीज बुधवार रात को उपचार केंद्र पहुंचे और शुक्रवार दोपहर तक यह संख्या 800 से अधिक हो गई।



■ **एमएसएफ ने की आपात स्थिति से निपटने के लिए अन्य संगठनों से सहायता की अपील**

प्रेस विज्ञप्ति में कोस्टी में एमएसएफ के चिकित्सा समन्वयक फ्रांसिस लायो ओकान के हवाले से कहा गया कि स्थिति चिंताजनक है और नियंत्रण से बाहर होने वाली है।

एमएसएफ ने इस आपात स्थिति से निपटने के लिए अन्य संगठनों से सहायता की अपील की है, साथ ही यह भी कहा है कि संक्रमण का सबसे संभावित स्रोत व्हाइट नील नदी है।

दरअसल, 16 फरवरी को राज्य के उम-दबाकिर बिजलीघर पर ड्रोन से हमला किया गया था, जिससे आस-पास के प्रमुख शहरों के जलघर प्रभावित हुए और स्थानीय निवासियों को व्हाइट नील नदी से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### सुडोकू 6835 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 4 | 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 |
| 1 | 3 | 9 | 8 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 6 |

## दुनिया को जानें

### सुगंधित मोमबत्तियां को घर के अंदर जलाने से हो सकता है स्वास्थ्य नुकसान : अध्ययन

**नई दिल्ली,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि खुशबू वाले वैक्स मेल्ट्स से निकलने वाले सुगंधित यौगिक घर के अंदर मौजूद ओजोन से मिलकर हानिकारक कण बना सकते हैं। ये कण स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। इस अध्ययन से यह बात गलत साबित होती है कि खुशबू वाले वैक्स मेल्ट जलने वाली मोमबत्तियों से ज़्यादा सुरक्षित होते हैं। पहले के शोधों में पाया गया है कि सुगंधित वैक्स मेल्ट्स, आम मोमबत्तियों की तुलना में अधिक मात्रा में सुगंधित यौगिक हवा में छोड़ते हैं।

शोध के अनुसार, जब वैक्स मेल्ट को गर्म किया जाता है, तो उसकी सतह अधिक फैल जाती है और अधिक खुशबू निकलती है, जिससे हाइड्रोकार्बन जैसे वाष्पशील कार्बनिक यौगिक होते हैं। इस खुशबू में यह जानकारी एसीएस के पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पत्र में प्रकाशित एक अध्ययन में दी गई है। ये रसायन हवा में मौजूद अन्य तत्वों के साथ मिलकर बहुत छोटे कण बना सकते हैं, जिन्हें सांस के जरिए लेने से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।

# खेल जगत

## भारत की टीम पाकिस्तान के मुकाबले बहुत शक्तिशाली : संतोष पिंगुलकर

**विरार (महाराष्ट्र)।** भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के पूर्व कोच संतोष पिंगुलकर ने कहा है कि भारत की टीम पाकिस्तान के मुकाबले बहुत शक्तिशाली नजर आ रही है। पिंगुलकर ने बताया कि भारत की टीम पाकिस्तान के मुकाबले बहुत शक्तिशाली नजर आ रही है जबकि पाकिस्तान की टीम करीब करीब वही है। उन्होंने कहा कि हमारी टीम में अनुभवी खिलाड़ी है,विराट कोहली,रोहित उनके साथ के सभी खिलाड़ी,सभी दमखम दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी पिछले मैच को देखा,बहुत अच्छी तरह मैच जीता। पाकिस्तान हमेशा दबाव में रहा है,भारत के साथ खेलते वक्त,और इस साल इस बार भी चैंपियन ट्रॉफी में बहुत प्रेशर में है। अक्टूबर 2023 के बाद वनडे क्रिकेट मैच में आज भारत और पाकिस्तान आपस में भिड़ रहे हैं, इसको लेकर पटना में भी गजब का उत्साह है, खासकर क्रिकेट खिलाड़ी और फैंस तो मानो कब से इसका इंतजार कर रहे हैं।



# भारत मौजूदा चैम्पियन नीदरलैंड का सामना करने के लिए तैयार

**भुवनेश्वर,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के घरेलू चरण का शानदार अंत करने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरेगी, क्योंकि वह 24 और 25 फरवरी को यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड का सामना करने के लिए तैयार है। मिश्रित परिणामों की एक श्रृंखला के बाद, सलीमा टेटे की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपनी हालिया गति को बनाए रखने और डच टीम को पछाड़कर बड़ा उलटफेर करने की कोशिश कर रही है। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत इंग्लैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ की, लेकिन 2-2 के नियमित समय के ड्रॉ के बाद 2-1 से शूटआउट में दूसरा गेम हार गया। स्पेन के खिलाफ, भारत काफी करीब पहुंच गया, लेकिन लगातार हार का सामना करना पड़ा, पहले 3-4 से हार गया और फिर एक कड़े मुकाबले में 1-0 से हार गया। जर्मनी के साथ अपने हालिया मुकाबलों में भारत को पहले चरण में 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन दूसरे चरण में 1-0 की मामूली जीत हासिल करते हुए शानदार वापसी की, जिससे नीदरलैंड के साथ इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत वर्तमान में छह मैचों में सात अंकों के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है, और वे अपने आगामी मुकाबले में भी



- भारत ने अपने अभियान की शुरुआत इंग्लैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ की,
- भारत वर्तमान में छह मैचों में सात अंकों के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है

अपने उच्च मनोबल को बनाए रखना चाहेंगे। दूसरी ओर, नीदरलैंड्स अपने पिछले दो मैचों में इंग्लैंड को 5-1 और 6-0 से हराने के साथ शानदार फॉर्म में है। उन्होंने अपने छह मैचों में पांच जीत और सिर्फ़ एक हार दर्ज की है, जिससे वे 15 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर हैं। डच अपनी लय को बनाए रखने और प्रतियोगिता में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखने के लिए उत्सुक होंगे।

भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि नीदरलैंड दुनिया की सबसे मज़बूत टीमों में से एक है, और हम जानते हैं कि यह एक कठिन मैच होने वाला है। लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने और टूर्नामेंट के भारत चरण को शानदार तरीके से समाप्त करने के लिए प्रेरित हैं। जर्मनी के खिलाफ हमारी जीत ने हमें काफी आत्मविश्वास दिया है और हमने अपनी कमजोरियों को सुधारने पर काम किया है। कप्तान ने कहा कि हम अपने पिछले मैच की तरह ही उसी तीव्रता और फोकस के साथ खेलने का लक्ष्य रखेंगे और हम अपने द्वारा बनाए गए अवसरों को भुनाने के लिए दृढ़ हैं। यह एक बड़ी चुनौती है, लेकिन एक टीम के रूप में, हम अपनी क्षमताओं पर विश्वास करते हैं और नीदरलैंड से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं।

गौरतलब है कि 2013 से भारत और नीदरलैंड सात बार आमने-सामने हुए हैं। इन मुकाबलों में से नीदरलैंड ने पांच जीत के साथ दबदबा बनाया है, जबकि भारतीय टीम सिर्फ एक जीत हासिल करने में सफल रही है। एक मैच ड्रॉ रहा। यह आमने-सामने का रिकॉर्ड भारत के सामने आने वाली चुनौती को उजागर करता है, लेकिन यह उन्हें अपने आगामी एफआईएच प्रो लीग 2024-25 मुकाबले में मजबूत प्रदर्शन के साथ खेल के मैदान को समतल करने का मौका भी देता है। सलीमा टेटे ने कहा कि आमने-सामने के रिकॉर्ड से पता चलता है कि नीदरलैंड हमारे खिलाफ हावी रहा है, लेकिन हमें विश्वास है कि हम चीजों को बदल सकते हैं।

हर मैच एक टीम के रूप में सुधार करने का अवसर है, इसलिए हम अपनी सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलने का लक्ष्य रखेंगे। हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है और हम उन्हें चुनौती देने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।

# क्रिकेट में शतक का अपना रोमांच होता है: मोदी

**महिला एफआईएच प्रो लीग**




राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी की भी मैं सराहना करता हूँ। हमारे बहुत से खिलाड़ी 'खेलो-इंडिया' अभियान की देन हैं : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और क्रिकेट में शतक का अपना रोमांच होता है। इसके साथ उन्होंने राष्ट्रीय खेलों उल्लेख करते हुए कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर खेल शक्ति के रूप में उभर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' के मासिक कार्यक्रम में चैंपियंस ट्रॉफी और क्रिकेट में बनाये जाने वाले शतक के रोमांच का जिक्र किया और उत्तराखंड में हाल ही में हुए राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर खेल शक्ति के रुप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने भारतीय महिला मुक्केबाज निखत जरीन के मोटापे को लेकर दिये टिप्प का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। क्रिकेट में शतक का रोमांच क्या होता है, ये तो हम सब भली-भाँति जानते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी की भी मैं सराहना करता हूँ। हमारे बहुत से खिलाड़ी 'खेलो-इंडिया' अभियान की देन हैं। हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे या आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी, सबने, देश को नई उम्मीदें दी हैं। उत्तर प्रदेश के भाला फेंक एथलीट सचिन यादव और हरियाणा की ऊंची कूद एथलीट पूजा और कर्नाटका की तैराक धिनिधि देसिन्धु ने देशवासियों का दिल जीता।

इन्होंने तीन नए राष्ट्रीय रिकार्ड बनाकर सबको चौंका दिया। इस बार के राष्ट्रीय खेलों में किशोरों ने शानदार प्रदर्शन किया। 15 साल के निशानेबाज गेविन एंटनी, यूपी की हैमर थ्रो खिलाड़ी 16 साल की अनुष्का यादव, मध्य प्रदेश के 19 साल के पोलवाल्टर देव कुमार मीणा ने साबित किया कि भारत का खेल भविष्य बेहद प्रतिभावान पीढ़ी के हाथों में है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय ने ये भी दिखाया कि कभी हार ना मानने वाले 'जीतते' जरूर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज आपका बहुत-बहुत आभार। जानी-मानी एथलीट निखत जरीन जी ने भी इस विषय पर अपनी बात रखी है। निखत जरीन ने कहा, हॉय मेरा नाम निखत ज़रीन है और मैं दो बार की विश्व मुक्केबाजी चैंपियन हूं। जैसे कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में मोटापे को लेकर जिक्र किया है और मुझे लगता है कि यह एक राष्ट्रीय चिंता का विषय है हमें अपनी स्वास्थ्य को लेकर गंभीर होना चाहिए क्योंकि मोटापा जितनी जल्दी से फैल रहा है हमारे इंडिया में, उसको हमें रोकना चाहिए, और कोशिश यही करनी चाहिए कि हम जितना हो सके स्वस्थ जीवनशैली का पालन करें।

# भारत और रोहित शर्मा के नाम दर्ज हुआ अनचाहा टॉस रिकॉर्ड




**दुबई,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफ़ी में भारत और पाकिस्तान का मैच शुरु होने से पहले ही भारत ने लगातार 12 टॉस हारकर एक अनचाहा रिकॉर्ड बनाया है। वहीं रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने लगातार 9वां वनडे टॉस गंवा दिया, जिसकी शुरुआत 2023 वनडे विश्व कप फाइनल से हुई थी।

वनडे क्रिकेट में इससे पहले नीदरलैंड्स ने 2011 से 2013 के बीच लगातार 11 टॉस गंवाए थे, लेकिन अब भारत इस मामले में नंबर एक पर पहुंच गया है। इस बार पाकिस्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाज़ी करने का फ़ैसला किया। भारत को अब एक बार फिर गेंदबाजी से मैच में वापसी करनी होगी। पाकिस्तान की टीम में एक बदलाव किया गया है - फखर जमान की जगह इमाम-उल-हक को शामिल किया गया है, जबकि भारतीय टीम बिना किसी बदलाव के उतरी है। भारतीय टीम इस मैच में उसी प्लेइंग XI के साथ उतर रही है, जो उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ उतारी थी।


**वनडे में एक टीम द्वारा लगातार हारे गए सर्वाधिक टॉस**

- भारत - 12, 23 फ़रवरी 2025 (अंतिम वनडे)
- नीदरलैंड्स - 11, 27 अगस्त 2013 (अंतिम वनडे)
- इंग्लैंड - 9, 29 मई 2017 (अंतिम वनडे)
- इंग्लैंड - 9, 13 सितंबर 2023 (अंतिम वनडे)
- ऑस्ट्रेलिया - 9, 24 जनवरी 1999 (अंतिम वनडे)

# कोहली ने वनडे कैच लेने का अजहरुद्दीन का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा, 14 हजार वनडे रन भी पूरे किए

**दुबई,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। विराट कोहली ने रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 ग्रुप ए के

- कोहली ने 47वें ओवर में कुलदीप यादव की गेंद पर नसीम शाह का कैच लेकर यह रिकॉर्ड बनाया




मुकाबले में 158 कैच लेकर भारत के लिए वनडे में फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने का मोहम्मद अजहरुद्दीन का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। विराट ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। 36 वर्षीय कोहली ने 47वें ओवर में कुलदीप यादव की गेंद पर नसीम शाह का कैच लेकर यह रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने आखिरी ओवर में खुशदिल शाह का कैच लेकर अपने रिकॉर्ड को और बेहतर किया। मोहम्मद अजहरुद्दीन (156), सचिन तेंदुलकर (140), राहुल द्रविड़ (124) और सुरेश रैना (102) इस सूची में शामिल अन्य खिलाड़ी हैं। कोहली, जो सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद इस प्रारूप में तीसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं, 14,000 वनडे रन के मील के पत्थर तक पहुंच गए। कोहली ने हारिस रउफ की गेंद को चार रन के लिए मिडऑफ की बायीं ओर से पुश किया और वनडे में 14 हजार रन पूरे कर लिए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरे पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन रन गति बनाए रखने में संघर्ष किया। सऊद शकील (62) और मोहम्मद रिज़वान (46) के बीच 104 रनों की साझेदारी ही उनकी पारी की एकमात्र खास बात रही, हालांकि यह बहुत धीमी गति से हुई। 151-2 के स्कोर पर पाकिस्तान 250 से आगे जाने की स्थिति में था, लेकिन भारत ने बल्लेबाजी की धज्जियां उड़ाते हुए उन्हें 241 रनों पर आउट कर दिया।

# दत्तात्रेय ने टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में की शिरकत

**चंडीगढ़,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के'राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रविवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में यूटी क्रिकेट एसोसिएशन की शहीद चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण के समापन समारोह में शिरकत की । शहीद चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में हिम्स हॉक्स टीम ने वाइल्डवुड वॉरियर्स को हराकर टाइटल जीता। विजेता टीम को श्री दत्तात्रेय ने ट्राफी देखकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब खिलाड़ी शिवम बामरी को मिला। फाइनल मुकाबले के बेस्ट खिलाड़ी और बेस्ट गेंदबाज राहुल सिंह रहे और देवांश कौशिक को बेस्ट बल्लेबाज का खिताब मिला। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी दक्षता, शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया है। मेरी कामना रहेगी कि आप सभी जीवन में ऊंची उपलब्धियां हासिल करें। उच्च मनोबल व दृढ निश्चय द्वारा ही सभी कठिनाईयों का सामना कर लक्ष्य की प्राप्ती की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की जयंती है। उन्होंने बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुरीतियों को समाज से दूर करने में अपना योगदान दिया।

## सार संक्षेप

### दत्तात्रेय ने टी-2 क्रिकेट टूर्नामेंट में की शिरकत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के'राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रविवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में यूटी क्रिकेट एसोसिएशन की शहीद चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल टी-2 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण के समापन समारोह में शिरकत की । शहीद चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल टी-2 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में हिम्स हॉक्स टीम ने वाइल्डवुड वॉरियर्स को हराकर टाइटल जीता। विजेता टीम को श्री दत्तात्रेय ने ट्राफी देखकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब खिलाड़ी शिवम बामरी को मिला। फाइनल मुकाबले के बेस्ट खिलाड़ी और बेस्ट गेंदबाज राहुल सिंह रहे और देवांश कौशिक को बेस्ट बल्लेबाज का खिताब मिला। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी दक्षता, शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया है। मेरी कामना रहेगी कि आप सभी जीवन में ऊंची उपलब्धियां हासिल करें। उच्च मनोबल व दृढ निश्चय द्वारा ही सभी कठिनाईयों का सामना कर लक्ष्य की प्राप्ती की जा सकती है।

### फिटनेस को लेकर मांडविया ने लोगों को किया जागरुक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ मनुषख मांडविया ने रविवार को एक बार फिर लोगों के फिटनेस के प्रति लोगो को जागरूक करते हुए साइक्लिंग क्लबों के सदस्य, ओलंपिक रोवर अर्जुन लाल जाट, विशेष अतिथि उद्योग निकायों, फिक्की और सीआईआई के प्रतिनिधियों के साथ-साथ फिटनेस ब्रांड डेकाथलॉन, योग भारत तथा माई भारत के सदस्यों के साथ 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान की अगुवाई की। आज यहां कार्यक्रम के नौवें सप्ताह में 1 2 से अधिक स्थानों पर साइकिल चालकों ने भाग लिया। इस दौरान श्री मांडविया ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने मोटापे के खिलाफ जो लड़ाई शुरू की है, उसमें हमें अपने जीवन में रोजाना फिटनेस गतिविधियों को शामिल करने के लिए एक साथ आना चाहिए।

# इंडिया मास्टर्स ने आईएमएल अभियान की शानदार शुरुआत की

**नवी मुंबई,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। खेल के महारथियों ने पुराने स्ट्रोक, जोशीले स्पैल और अविस्मरणीय पलों को फिर से दोहराया और अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग 2025 (आईएमएल) के उद्घाटन संस्करण में इतिहास को फिर से लिखा। यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंडिया मास्टर्स ने एक रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका मास्टर्स को चार रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दोनों पक्षों के दिग्गजों ने शानदार खेल दिखाया और मैच रोमांचक रहा, जिससे दर्शकों को आईएमएल के उद्घाटन सत्र में होने वाले रोमांचक क्रिकेट मैचों की झलक देखने को मिली। मैच की शुरुआत बल्लेबाजी के उस्ताद सचिन तेंदुलकर को उनके विपक्षी कुमार संगकारा द्वारा बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित करने से हुई, और इस प्रतिष्ठित बल्लेबाज ने दो चौके लगाकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई, इसके बाद स्टुअर्ट बिन्नी और यूसुफ पठान के शानदार अर्धशतकों और गुरकीरत सिंह मान और युवराज सिंह के शानदार प्रदर्शन ने मेजबान टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। अंबाती रायुडू के साथ पारी की शुरुआत करते हुए, सचिन खचाखच भरे दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच आगे बढ़े और आउट होने से पहले इसुरु उदाना के पहले ओवर में दो चौके लगाकर प्यार का बदला चुकाया।

# बीएसएफ ने 'बॉर्डरमेन मैराथन-2025' का किया आयोजन

**अमृतसर,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को यहां 'बॉर्डरमेन मैराथन-2025' का आयोजन किया। इस मेगा इवेंट में देशभर से पेशेवर और शौकिया धावकों सहित विभिन्न केंद्रीय पुलिस बलों, सेना, पंजाब पुलिस और नागरिकों (पुरुष और महिलाएं) और विदेशी देशों के एथलीटों ने भाग लिया। इस मैराथन में तीन श्रेणियां थीं: फुल मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी) और 10 किलोमीटर रन। मैराथन को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त है और इसका उद्देश्य बीएसएफ के सैनिकों और नागरिकों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देना है, साथ ही भागीदारों और दर्शकों के बीच फिटनेस की भावना का प्रचार करना है। बॉर्डरमेन मैराथन-2025 का




उद्घाटन दलजीत सिंह चौधरी, आईपीएस, बीएसएफ महानिदेशक ने आज सुबह पांच बजे अमृतसर के प्रसिद्ध गोल्डन गेट से किया । इस अवसर पर श्री सतीश एस. खंडारे, आईपीएस, एमहानिदेशक बीएसएफ (पश्चिमी कमान), डॉ. अतुल फुलझेले, आईपीएस, आईजी बीएसएफ पंजाब, श्री एस.एस. चंदेल, डीआईजी बीएसएफ सेक्टर अमृतसर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । इसके बाद, महानिदेशक बीएसएफ ने 21 किमी हाफ मैराथन का शुभारंभ सुबह छह बजे वार मेमोरियल, अमृतसर से और 10 किलोमीटर रन का शुभारंभ 6.30 बजे लाहोरीमल गांव, अमृतसर से किया । श्री दलजीत सिंह चौधरी ने दौड़ के समापन बिंदु, प्रसिद्ध जेडसीपी अटारी, अमृतसर पर धावकों का स्वागत किया और 'बॉर्डरमेन मैराथन - 2025' के विजेताओं और सभी भागीदारों को पुरस्कार, पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए।

# कुलदीप यादव के तीनों फॉर्मेट में 300 विकेट पूरे

**दुबई,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने तीनों

- कुंबले कुल 953 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज

फॉर्मेट में कुल 300 विकेट पूरे करने की उपलब्धि अपने नाम कर ली है। कुलदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में तीन विकेट लेकर यह कारनामा किया। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले 13वें भारतीय गेंदबाज और पांचवें




भारतीय स्पिनर बन गए हैं। महान अनिल कुंबले कुल 953 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज हैं।

30 वर्षीय कुलदीप ने 13 टेस्टों में 56 विकेट, 110 वनडे में 177 विकेट और 40 टी20 में 69 विकेट लिए हैं। इस तरह कुलदीप यादव ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 300 विकेट हासिल कर लिए।

# सेमीफाइनल के लिए दावा मजबूत करना चाहेगी न्यूजीलैंड

**कराची,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहतरीन रही है। इस टूर्नामेंट से पहले उन्होंने फाइनल में पाकिस्तान को हराते हुए त्रिकोणीय सीरीज अपने नाम की थी। बांग्लादेश के

- बुमराह 2024 में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड दिया गया

खिलाफ जीत हासिल करके वे चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर सकते हैं। 2023 वनडे विश्व कप में न्यूजीलैंड ने गतविजेता इंग्लैंड को हराते हुए शुरुआत की थी और इस बार मेजबान पाकिस्तान को उन्होंने अपने पहले मैच में हराया है। विल यंग और टॉम लाथम ने बेहतरीन शतक लगाते हुए पहले ही मैच में समां बांध दिया था। भारत के खिलाफ अपने




पहले ही मैच में बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने काफी निराश किया था। पावरप्ले में ही पांच विकेट गंवाने के बाद बांग्लादेश ने अच्छी वापसी तो की थी, लेकिन यह मैच बचाने के लायक नहीं थी। भारत ने यह मैच काफी आसानी से जीता था। अब ऐसे में बांग्लादेश की टीम वापसी के लिए पूरा जोर लगाएगी।

**ग्लेन फिलिप्स और तौहीद पर होंगी निगाहें**

रावलपिंडी की जनता ग्लेन फिलिप्स के करतबों को देखने के लिए बेताब होगी। टूर्नामेंट के पहले ही मैच में बैकवर्ड प्वाइंट पर जिस तरह से हवा में गोते लगाते हुए उन्होंने कैच पकड़ा था उससे सभी हतप्रभ हो गए थे। फिलिप्स की फील्डिंग को छोड़ दिया जाए तो उनकी बैटिंग भी इतनी खतरनाक है कि निचले क्रम में वो न्यूजीलैंड के लिए काफी तेजी से अहम रन बनाते हैं। अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से वो विकेट भी निकाल सकते हैं। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि वो विकेटकीपिंग भी कर सकते हैं। रावलपिंडी के लोगों को फिलिप्स शो का इंतजार होगा।

तौहीद हृदोय लंबे समय से बांग्लादेश के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि, 34 मैच और दो साल के लंबे इंतजार के बाद वनडे में अपना पहला शतक लगाया। दुबई में भारत की मजबूत गेंदबाजी ने उनकी काफी परीक्षा ली, लेकिन उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। बेहतरीन शुरुआत के बाद अब वो अपने इस फॉर्म को टूर्नामेंट में आगे भी जारी रखने की पूरी कोशिश करेंगे।

**न्यूजीलैंड संभावित XI :** 1 विल यंग, 2 डेवन कॉन्वे, 3 केन विलियमसन, 4 डैरिल मिचेल, 5 टॉम लाथम (विकेटकीपर), 6 ग्लेन फिलिप्स, 7 माइकल ब्रेसवेल, 8 मिचेल सैंटनर (कप्तान), 9 नाथन स्मिथ, 10 मैट हेनरी, 11 विल ओरुर्क बांग्लादेश की टीम में दो बदलाव हो सकते हैं। महमूदुल्लाह और नाहिद राणा को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जा सकता है।

**बांग्लादेश संभावित XI :** 1 तंजिद हसन, 2 सौम्य सरकार, 3 नजमुल हसन शांतो (कप्तान), 4 मेहदी हसन मिराज, 5 तौहीद हृदोय, 6 मुशफिकुर रहीम (विकेटकीपर), 7 जाकेर अली, 8 रिशाद होसैन, 9 तंजीम हसन, 10 तस्किन अहमद, 11 मुस्तफिजुर रहमान।

# जसप्रीत बुमराह को आईसीसी अवॉर्ड्स और टीम ऑफ द ईयर कैप्स मिले

**दुबई,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत-पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के

- बुमराह 2024 में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स अवार्ड दिया गया

लिए आईसीसी अवॉर्ड्स और टीम ऑफ द ईयर कैप्स मिले। सिडनी में पांचवें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में लगी पीठ के निचले हिस्से की चोट के कारण बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए और उन्हें बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन रूटीन के लिए भेज दिया गया। लेकिन रविवार को बुमराह को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में देखा गया और उन्होंने आईसीसी के चेयरमैन जय शाह से अवॉर्ड्स और



कैप्स प्राप्त किए, जिसकी तस्वीरें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट की हैं। बुमराह ने आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर जीता और उन्हें 2024 में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स अवार्ड दिया गया, जहां उन्होंने 14.92 की औसत से लंबे प्रारूप में 71 विकेट लिए। वह भारत में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने, उन्होंने 8.26 की चौंका देने वाली औसत और सिर्फ़ 4.17 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लेकर यूएसए और वेस्टइंडीज में 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीता।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 1.88 प्रतिशत |
| एलटी | 1.10 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.75 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.35 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.31 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 6.07 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 2.57 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.46 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.60 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.52 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 86,803 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,03,500 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.96 | 87.00 |
| पौड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 8900-9000 |
| मूंग दाल | 9300-9300 |
| अरहर दाल | 7650-7750 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## एआई डाउनलोड्स में चीन व अमेरिका से भी आगे निकला भारत : सीतारमण

■ **2024 में देश में एआई से जुड़े 3 अरब ऐप हुए थे डाउनलोड**



**कोट्टायम,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत में इनोवेशन की तेज गति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) को अपनाने में देश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत एआइ डाउनलोड्स में चीन और अमेरिका से भी आगे निकला गया है।

वित्त मंत्री ने आईआईआईटी कोट्टायम के दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला के उस बयान जिक्र किया, जिसमें उन्होंने भारत को एआई के उपयोग की राजधानी बताया था।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह एक बहुत बड़ा बयान है क्योंकि इसका मतलब है कि हम सिर्फ एआई के बारे में बात नहीं कर रहे हैं या केवल एआई में शोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम इसे बड़े पैमाने पर लागू कर रहे हैं। भारत द्वारा तेजी से एआई को अपनाने को लेकर वित्त मंत्री ने कहा कि 2024 में देश में एआई से जुड़े हुए 3 अरब ऐप डाउनलोड हुए थे। यह आंकड़ा अमेरिका के 1.5 अरब और चीन के 1.3 अरब से काफी अधिक है।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि हम न केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) को अपनाने में अग्रणी हैं बल्कि हम यह भी आकार दे रहे हैं कि एआई को कैसे नियंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि पेरिस में हाल ही में एआई एक्शन समिट में (जिसकी भारत ने फ्रांस के साथ सह-अध्यक्षता की थी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एआई सिर्फ एक राष्ट्रीय मुद्दा नहीं बल्कि एक वैश्विक जिम्मेदारी है। हमें एक ऐसे एआई की जरूरत है जो नैतिक, समावेशी और भरोसेमंद हो। उन्होंने आगे बताया कि ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत की रैंक 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर 2024 में 39वें स्थान पर पहुंच गई है।

> **हम न केवल एआई को अपनाने में अग्रणी हैं, बल्कि हम यह भी आकार दे रहे हैं कि उसे कैसे नियंत्रित किया जाए : निर्मला सीतारमण**

## विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 635.7 अरब डॉलर पर




**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में भारी गिरावट से 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह बाद 2.54 अरब डॉलर लुढ़ककर 635.7 अरब डॉलर पर आ गया।वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.52 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 539.6 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.94 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 74.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.9 अरब डॉलर हो गया।

## भारत ने जीता प्रतिष्ठित वैश्विक सड़क सुरक्षा पुरस्कार




■ **भारत ने यह सम्मान मोरक्को के साथ किया साझा**

**नई दिल्ली,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। भारत सरकार को पिछले दस वर्षों में वाहन सुरक्षा मानकों को बढ़ाने के प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित प्रिंस माइकल डिकेड ऑफ एक्शन रोड सेफ्टी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान में प्रमुख प्रगति को मान्यता दी गई है, जैसे कि न्यू कार सेफ्टी असेसमेंट प्रोग्राम की शुरुआत तथा देश में निर्मित सभी नए दोपहिया वाहनों में एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) को अनिवार्य बनाना।

सड़क सुरक्षा के लिए वैश्विक पुरस्कार माराकेच में आयोजित सड़क सुरक्षा पर चौथे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में प्रदान किए गए। भारत ने यह सम्मान मोरक्को के साथ साझा किया, जिसे सड़क सुरक्षा में उसके योगदान के लिए भी मान्यता दी गई।

दुनिया भर के विभिन्न देशों के परिवहन प्रमुखों ने 2030 तक वैश्विक सड़क दुर्घटनाओं को 50 प्रतिशत तक कम करने के लिए रणनीति तैयार करने के लिए आयोजित माराकेच सम्मेलन में हिस्सा लिया। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एटियेन क्रुग से भारत सरकार के लिए यह पुरस्कार स्वीकार किया। पुरस्कार प्रशस्ति पत्र पढ़ते हुए टम्टा ने 2014 में भारतीय कारों के स्वतंत्र क्रैश परीक्षणों के बाद शुरू हुए महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव पर प्रकाश डाला। इसके परिणामस्वरूप सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा वाहन सुरक्षा मानकों के लिए संशोधित रूपरेखा प्रस्तुत की गई। 2018 में, नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2023 तक भारत के वाहन सुरक्षा मानदंडों को यूरोपीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यह प्रतिष्ठित वैश्विक पुरस्कार इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि पिछले 10 वर्षों में भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई 60 प्रतिशत बढ़कर 2014 में 91,287 किलोमीटर से बढ़कर 2024 में 146,195 किलोमीटर हो गई है, जिससे यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क बन गया है।

## श्नाइडर इलेक्ट्रिक भारत में तीन और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स शुरू करेगी



**नई दिल्ली,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। वैश्विक ऊर्जा प्रबंधन और ऑटोमेशन कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने भारत में तीन और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित करने की घोषणा की है।

श्नाइडर इलेक्ट्रिक के सीईओ ओलिवियर ब्लम ने कहा कि तीन नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स कोलकाता, हैदराबाद और अहमदनगर में शुरू की जाएगी। कंपनी के पास पहले से ही देश में 31 मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं।

ग्रेटर नोएडा में इंडस्ट्री बॉडी इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) द्वारा आयोजित एलेक्रामा 2025 कार्यक्रम में बोलते हुए ब्लम ने कहा कि हम भारतीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास में तेजी लाने के लिए एआई और डिजिटलीकरण का उपयोग कर रहे हैं। हमारा मानना है कि डिजिटल ग्रिड, आईओटी-सक्षम वितरित ऊर्जा संसाधन, माइक्रोग्रिड, स्मार्ट बिल्डिंग और स्मार्ट शहर जैसी उन्नत टेक्नोलॉजी अगले 25 वर्षों में उत्सर्जन में 75 प्रतिशत की कमी लाएंगी।

उन्होंने आगे कहा कि भारत हमारे वैश्विक विकास के लिए एक प्रमुख बाजार और रणनीतिक केंद्र है।

## 2024 में आईपीओ मार्केट का लीडर बना भारत





**कंपनियों ने जुटाया 19 अरब डॉलर से अधिक का फंड**

**नई दिल्ली,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। भारत 2024 में इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) मार्केट के ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है। देश की हिस्सेदारी दुनिया में आए पब्लिक इश्यू में 23 प्रतिशत की रही है। यह जानकारी रविवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। इंडस वैली एनुअल रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत में 2024 में कंपनियों ने आईपीओ के माध्यम से 19.5 अरब डॉलर का फंड जुटाया है।

बीते वर्ष देश में 268 आईपीओ आए थे, जिनमें 90 मेनबोर्ड और 178 एसएमई शामिल हैं। 2024 में भारत का सबसे बड़ा आईपीओ हुंडई मोटर इंडिया द्वारा पेश किया गया है। इस साइज 27,870 करोड़ रुपए था। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ था। वहीं, बीते साल यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ भी था। रिपोर्ट में बताया गया कि वेंचर कैपिटलिस्ट की भारतीय आईपीओ मार्केट में रुचि बढ़ी है। इसकी वजह वेंचर द्वारा फंडिंग कई कंपनियों का सफलतापूर्वक लिस्ट होना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 के बाद वेंचर समर्थित आईपीओ द्वारा जुटाई गई धनराशि 2021 से पहले सभी वेंचर समर्थित आईपीओ द्वारा जुटाई गई कुल राशि की तुलना में दोगुनी से अधिक हो गई है। एसएमई सेक्टर के आईपीओ में भी मजबूत वृद्धि देखी गई है। 2012 के बाद से एसएमई आईपीओ का औसत बाजार पूंजीकरण 4.5 गुना बढ़ गया है, जो 2024 में लगभग 100 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसके अतिरिक्त आईपीओ के समय एसएमई कंपनियों का औसत राजस्व तीन गुना होकर 70 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसके अलावा रिपोर्ट में बताया गया कि क्विक कॉमर्स सेक्टर में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 25 में इसका आकार 7.1 अरब डॉलर होने का अनुमान है।

## वैश्विक बाजारों का सेंसेक्स-निफ्टी पर रहेगा असर

**-साप्ताहिक समीक्षा-**



■ **सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 75311.06 अंक पर**

■ **निफ्टी 0.6 प्रतिशत कमजोर रहकर 22795.90 अंक पर बंद**

**मुंबई,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर लगातार जारी बिकवाली से बीते सप्ताह आधी फीसदी से अधिक लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ योजना से वैश्विक बाजार की अस्थिरता, विदेशी निवेशकों का रुख और कंपनियों के तिमाही परिणाम का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 628.15 अंक अर्थात् 0.83 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 75311.06 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 133.35 अंक यानी 0.6 प्रतिशत कमजोर रहकर 22795.90 अंक पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली होने से तेजी का रुख रहा। मिडकैप 642.23 अंक अर्थात 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 40374.02 अंक और स्मॉलकैप 444.75 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की मजबूती के साथ 45856 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ बढ़ोतरी के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता देखी गई है। यह तनाव भारतीय बाजारों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। साथ ही पिछले सप्ताहों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली देखी गई है, जिससे बाजार में दबाव बना है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है तो आगे भी सेंसेक्स और निफ्टी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

एफआईआई फरवरी 2025 में अबतक कुल 36976.70 करोड़ रुपये बाजार से निकाल चुके हैं। इनके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक संकेतकों में बदलाव भी घरेलू बाजारों पर प्रभाव डाल सकते हैं। निवेशकों को वैश्विक घटनाक्रमों पर नजर रखनी चाहिए। साथ ही स्थानीय स्तर पर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हो रही है।

अगले सप्ताह में प्रमुख कंपनियों स्पाइस जेट, आईजीआईएल समेत कई कंपनियों के तिमाही परिणाम बाजार की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

बीते बाजार में सप्ताह सोमवार की तेजी को छोड़कर अन्य चार दिन गिरावट का रुख रहा। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, हेल्थकेयर, यूटिलिटीज, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और सर्विसेज समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से सोमवार को शेयर बाजार न केवल शुरुआती बल्कि पिछले लगातार आठ दिनों की गिरावट से उबरने में कामयाब हुआ। सेंसेक्स 57.65 अंक की बढ़त के साथ 75,996.86 अंक और निफ्टी 30.25 अंक मजबूत होकर 22,959.50 अंक पर बंद हुआ।

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, टाटा मोटर्स और एसबीआई समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों मे हुई बिकवाली से सोमवार को पिछले लगातार आठ दिनों की गिरावट से उबरा शेयर बाजार मंगलवार को फिर गिर गया। सेंसेक्स 29.47 अंक गिरकर 75,967.39 अंक और निफ्टी 14.20 अंक फिसलकर 22,945.30 अंक पर आ गया।

वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर टीसीएस, इंफोसिस, भारती एयरटेल, मारुति और अडानी पोर्ट्स समेत 17 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स 28.21 अंक उतरकर 75,939.18 अंक और निफ्टी 12.40 अंक फिसलकर 22,932.90 अंक पर बंद हुआ।

## भारत में अपने ऑपरेशंस का विस्तार कर रहा मेटा

**नई दिल्ली,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी मेटा भारत में अपने ऑपरेशंस का विस्तार कर रही है और इस कड़ी में इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) प्रोडक्ट स्पेशलिस्ट जैसे पदों पर भर्ती शुरू कर सकती है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा ने बेंगलुरु में नया ऑफिस खोलने का ऐलान किया है।




मेटा ने अपनी वेबसाइट पर एक इंजीनियरिंग डायरेक्टर की भर्ती निकाली है जो बेंगलुरु में एक मजबूत तकनीकी टीम बनाने के लिए जिम्मेदार होगा। यह भूमिका भारत में मेटा की दीर्घकालिक इंजीनियरिंग उपस्थिति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

लिंक्डइन पर कई मेटा कर्मचारियों ने साझा किया कि बेंगलुरु सेंटर कंपनी की एंटरप्राइज इंजीनियरिंग टीम द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह टीम मेटा के भीतर उत्पादकता बढ़ाने के लिए आंतरिक उपकरण बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है। कंपनी डेटा सेंटर संचालन और कस्टम चिप विकास सहित अपने बढ़ते एआई बुनियादी ढांचे का समर्थन करने के लिए हार्डवेयर इंजीनियर्स के पदों पर भी भर्ती कर रही है। मेटा ने भारतीय बाजार में 2010 में प्रवेश किया था। कंपनी के गुरुग्राम, नई दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई और बेंगलुरु में ऑफिस हैं। मौजूदा समय में देश में मेटा का अधिकांश कार्यबल बिक्री, विपणन, व्यवसाय विकास, संचालन, नीति, कानूनी और वित्त जैसे कार्यों में लगा हुआ है। वहीं, बेंगलुरु के नए ऑफिस में कंपनी की इंजीनियरिंग टीमें होंगी।

## सार संक्षेप

### सेवा क्षेत्र के विस्तार से निजी क्षेत्र को लाभ

**नई दिल्ली।** सेवा गतिविधियों में तेजी से विस्तार के कारण निजी क्षेत्र का आउटपुट फरवरी तक के छह माह के दौरान सबसे तेजी से बढ़ा। एचएसबीसी के फ्लैश पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के मुताबिक कुल बिक्री के अंतिम आंकड़ों से मजबूत वृद्धि का संकेत मिलता है। इसने कंपनियों को अपनी क्षमता के ज्यादा इस्तेमाल और नियुक्तियां बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में संयुक्त मासिक बदलाव का आकलन करने वाले एसऐंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित डेटा के मुताबिक पीएमआई फरवरी मे बढ़कर 6.6 हो गया जबकि इसके जनवरी के अंतिम आंकड़े 57.7 थे। यह लगातार 43वें महीने 5 से अधिक है। इस सूचकांक में 5 से ज्यादा स्तर वृद्धि को दिखाता है। सर्वे के मुताबिक यह दर दीर्घावधि औसत वृद्धि की दर से कहीं अधिक थी। विनिर्माताओं की तुलना में सेवा प्रदाताओं ने तेजी से वृद्धि दर्ज की थी और यह एक वर्ष के दौरान सबसे मजबूत वृद्धि थी।

### सोलरस्क्वायर का घाटा वर्ष 24 में 69 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस प्रदाता सोलरस्क्वायर का घाटा सालाना आधार पर वित्त वर्ष 24 में 13 प्रतिशत बढ़कर 69 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 3 करोड़ रुपए था। कंपनी का नुकसान बढ़ने की वजह कुल खर्च में 65.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी होना है, जो कि वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 229 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 138 करोड़ रुपए था। कंपनी के वित्तीय विवरण के मुताबिक, सामग्री लागत कंपनी के खर्च का सबसे बड़ा घटक है। वित्त वर्ष 24 में यह सालाना आधार पर 52.27 प्रतिशत बढ़कर 134 करोड़ रुपए गया है। वहीं, कर्मचारी खर्च सालाना आधार पर 15.56 प्रतिशत बढ़कर 37 करोड़ रुपए हो गया है। बीते वित्त वर्ष में कंपनी ने 8 करोड़ रुपए फाइनेंस और रेंटल पर खर्च किए हैं। वित्त वर्ष 24 में कंपनी की परिचालन से आय सालाना आधार पर 63.6 प्रतिशत बढ़कर 175 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 17 करोड़ रुपए थी।

### फरवरी में प्राइवेट सेक्टर की ग्रोथ उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत के प्राइवेट सेक्टर ने फरवरी में जबरदस्त तेजी दिखाई, जो पिछले छह महीनों में सबसे ज्यादा रही। फ्लैश इंडिया कंपोजिट परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स के मुताबिक, यह उछाल खासतौर पर सर्विस सेक्टर की मजबूत परफॉर्मेंस के चलते देखने को मिला। रोजगार के मोर्चे पर भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। फरवरी में कंपोजिट पीएमआई आउटपुट 6.6 पर पहुंच गया, जो जनवरी में 57.7 था। पीएमआई इंडेक्स में 5 से ऊपर का स्तर विस्तार को दर्शाता है। इस तेजी का मुख्य कारण सर्विस सेक्टर में आई मजबूती रही। फरवरी में सर्विस सेक्टर का पीएमआई 61.1 तक पहुंच गया।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दाल व मीठे में मिलाजुला रुख



**नई दिल्ली,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दाल और मीठे में मिलाजुला रुख वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 124 रिंगिट उबलकर 4849 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 47.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18462 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15457 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए और दाल चना 100 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती जबकि मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 100, उड़द दाल 100 रुपए और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई।

सप्ताहांत पर चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपए प्रति क्विंटल रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का प्रोसेस इक्विपमेंट बिजनेस करेगा 2 करोड़ रुपए का निवेश




■ **प्रोसेस इक्विपमेंट विनिर्माण के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है विस्तार का उद्देश्य**

**दहेज,** 23 फरवरी (एजेंसियां)। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के प्रोसेस इक्विपमेंट बिजनेस ने अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा का विस्तार करने के लिए 200 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा करते हुए अगले पांच वर्षों में कारोबार को दोगुना करने का लक्ष्य तय किया है।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के प्रोसेस इक्विपमेंट बिजनेस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और बिजनेस प्रमुख हुसैन शरियार ने यहां बताया कि यह नया निवेश पहले किए गए 300 करोड़ के निवेश के बाद होने जा रहा है जो घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने और भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इस विस्तार का उद्देश्य प्रोसेस इक्विपमेंट विनिर्माण के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है और यह सरकार की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहलों के साथ संरेखित है। यह राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र के निजी कंपनियों के प्रवेश देने की बजट घोषणा के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि अभी कंपनी का कारोबार एक हजार करोड़ रुपए का है जिसको अगले पांच वर्ष में बढ़ाकर दो गुना करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि मुंबई के विक्रोली स्थित संयंत्र को धीरे धीरे बंद करने की प्रक्रिया शुरू की गई है क्योंकि वहां लॉजिस्टिक की बहुत समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि दहेज सुविधा के तीसरे चरण विस्तार से वार्षिक विनिर्माण क्षमता लगभग 30,000 मीट्रिक टन तक बढ़ जाएगी, जिसमें विदेशी सामग्रियों के निर्माण के लिए नए धूल-मुक्त बाड़े का विकास, आंतरिक विनिर्माण के लिए समर्पित बे और विस्तारित विनिर्माण यार्ड का विकास सहित उत्पादन स्थान में वृद्धि होगी। इस विस्तार का उद्देश्य रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स जैसी पारंपरिक ऊर्जा परियोजनाओं के साथ-साथ हाइड्रोजन, परमाणु और भूतापीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों के लिए उच्च-स्तरीय और महत्वपूर्ण प्रक्रिया उपकरणों के निर्माण में क्षमता और क्षमता विकसित करना है।

# जिला पंचायत में बहुमत;भाजपा कांग्रेस दोनों ने किया दावा

## बिल्हा क्षेत्र से निर्वाचित जिला पंचायत के 5 सदस्यों को दिया गया जीत का प्रमाणपत्र





**बिलासपुर**, 23 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल ने जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचित प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान बड़े वोटो के अंतर से जीत हासिल करने वाली कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी अनिता राजेन्द्र शुक्ला समेत पांचों प्रत्याशियों ने अपने अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं जनता का आभार प्रगट किया। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष और बिल्हा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे राजेंद्र शुक्ला और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक दोनों ने दावा किया जिला पंचायत में सरकार उनकी पार्टी बनाने जा रही है।

श्री कौशिक ने भाजपा को पंचायत में निराशा हाथ लगने की खबरों को असत्य बताया। उन्होने कहा कि बिल्हा मुंगेली मस्तूरी पंचायतों में भाजपा को बड़ी सफलता मिली है। अब हम जिला पंचायत में भी सरकार बनाने जा रहे है।

बिल्हा विकासखंड से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीतने वाले पांच प्रत्याशियों जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी ने जीत का प्रमाण पत्र प्रदान दिया। संदीप अग्रवाल से अनुसुइया जागेन्द्र कश्यप, राजेश सूर्यवंशी, स्मृति त्रिलोक श्रीवास, अनिता राजेन्द्र शुक्ला, और गोविन्द राम यादव ने प्रमाण पत्र लेने के बाद समर्थकों के साथ उल्लास मनाया।

बिल्हा विकासखण्ड में जिला पंचायत के लिए 20 फरवरी को मतदान किया गया। क्षेत्र क्रमांक एक से भाजपा समर्थित प्रत्याशी अनुसुइया जोगेन्द्र कश्यप ने 16752 मत हासिल कर सुनीता ह्देश कश्यप को 7960 मतों से हराया है। क्षेत्र क्रमांक दो भाजपा समर्थित प्रत्याशी राजेश सूर्यवंशी ने जीत हासिल किया है। उसने कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी झगर राम सूर्यवंशी को हराया। क्षेत्र क्रमांक तीन से स्मृति त्रिलोक श्रीवास ने 9883 वोट हासिल कर कांग्रेस समर्थित कल्पना कनेरी पर 884 मतों से जीत हासिल किया है। क्षेत्र क्रमांक चार से कांग्रेस प्रत्याशी अनिता राजेन्द्र शुक्ला ने 20605 मत हासिल कर भाजपा समर्थित पुनीता डहरिया को जिला पंचायत चुनाव में सर्वाधिक 8031 मतों से पराजित किया है।

क्षेत्र क्रमांक 5 से जीत हासिल कर बिल्हा विधायक के साथ जिला पंचायत पहुंचे गोविन्द राम यादव ने अपनी जीत का श्रेय धरमलाल कौशिक को दिया। गोविन्द यादव ने कहा पहली बार जीतकर जिला पंचायत आए हैं। इसके पहले दो बार बिल्हा जनपद पंचायत का सदस्य रह चुके हैं। उन्होने बताया कि जनता की सेवा करना और उनकी समस्याओं को दूर करना ही मूल उद्देश्य है। जानकारी देते चलें कि भाजपा समर्थित प्रत्याशी गोविन्द राम यादव ने 12935 वोट हासिल कर संदीप यादव को कड़े मुकाबले में 172 मत से हराया है।

### दस में से 5 निर्वाचित सदस्य भाजपा के ;कौशिक

बिल्हा क्षेत्र क्रमांक 5 से चुनाव जीते गोविन्द राम यादव के साथ प्रमाण पत्र लेने जिला पंचायत पहुंचे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ,विधायक धरमलाल कौशिक ने दावा किया कि अब तक दस क्षेत्रों में से भाजपा समर्थित पांच प्रत्याशियों ने जीत हासिल किया है। बहुमत के लिए सिर्फ चार चेहरों की जरूरत है। रविवार को तखतपुर और कोटा क्षेत्र के सात सीटों पर वोटिंग हुई है। हमें पूरा विश्वास है कि हम तीसरे चरण में पांच से अधिक सीट पर जीत रहे हैं। जिला पंचायत मे हमारी सरकार बनना निश्चित है।

श्री कौशिक ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 से चुनाव जीते गोविन्द राम यादव सच्चे जनसेवक हैं। उन्होने इस बात से इंकार किया कि पंचायत चुनाव में निकाय की तरह अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। दरअसल पंचायत चुनाव निकाय की तरह पार्टी चुनाव चिन्ह से नहीं लड़ा जाता है। इसलिए लोगों को लगता है कि भाजपा को पंचायत में अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। मुंगेली,मस्तूरी,बिल्हा जनपद में भाजपा का बहुमत है। उन्होने कहा कि जिला पंचायत में भाजपा का बहुमत निश्चित है। निश्चित रूप से हमारा प्रत्याशी ही अध्यक्ष बनेगा। अध्यक्ष पद के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता मिलकर घोषित करेंगे।

### जिला पंचायत में कांग्रेस का होगा। बहुमत;राजेंद्र शुक्ला

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र शुक्ला ने अपनी धर्म पत्नी अनिता शुक्ला के साथ सीईओ से प्रमाण पत्र लिया। इस दौरान उन्होने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को भ्रम में नहीं रहना चाहिए। पैसा और पावर से निकाय चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल किया है। पंचायत चुनाव के परिणाम से अब यह जाहिर हो चुका है। अनिता शुक्ला ने पंचायत चुनाव में रिकार्ड मत से जीत हासिल किया है। राजेन्द्र शुक्ला ने बताया कि दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस के पांच प्रत्याशियों को जीत मिली है। आज सात सीट के लिए चुनाव हो रहा है। हमें पूरा विश्वास है कि तखतपुर और कोटा की जनता मिलकर चार से अधिक सीट कांग्रेस को देने जा रही है। हम बहुमत हासिल करने जा रहे हैं। जिला पंचायत के अध्यक्ष पद पर कांग्रेस का प्रत्याशी ही बैठेगा।

# बच्चे हमारे देश का भविष्य-रेखेन्द्र तिवारी

## अल्फाबेट्ज इंटरनेशनल प्ले स्कूल का प्रथम स्थापना दिवस

बिलासपुर, 23 फरवरी (देशबन्धु)। अल्फाबेट्ज इंटरनेशनल प्ले स्कूल का प्रथम स्थापना दिवस गरिमामय समारोह आयोजित कर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के राष्टीय संगठन मंत्री रेखेन्द्र तिवारी एवं विशेष अतिथि श्रीमती विमलेश तिवारी थे ।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि रेखेंद्र तिवारी एवं श्रीमती विमलेश तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, अपने सारगर्भित उद्बोधन में रेखेंन्द्र तिवारी ने कहा कि आज के बच्चे हमारे देश का भविष्य है आज मैं जिन शानदार चेहरों को देख रहा हूं और जो यहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं एवं पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं यही बच्चे भविष्य में हमारे देश के जिम्मेदार एवं कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनेंगे एवं विभिन्न कार्य क्षेत्रो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने स्कूल, शिक्षकों एवं माता-पिता का नाम रोशन करेंगे और सफलता, नाम एवं शोहरत के साथ उच्च मानवीय मूल्यो को प्राप्त करेंगे।

श्री तिवारी ने आगे कहा कि अल्फाबेट्ज प्ले स्कूल ने अपनी स्थापना के प्रथम वर्ष में ही कई उपलब्धियां प्राप्त की है एवं शिक्षण, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियो मे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसके लिए स्कूल के संचालक ,समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं बधाई के पात्र हैं । तत्पश्चात मुख्य अतिथि रेखेंन्द्र तिवारी द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सृष्टि शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन अभिषेक शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर शुभी राजपूत, सृष्टि महंत किरण राजपूत, खुशबू राजपूत, अक्षत तिवारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गण इत्यादि उपस्थित थे।



# इनोवा खड़े ट्रेलर से जा भिड़ी, ड्राइवर की मौत

## गाड़ियों के उड़े परखच्चे, एयर बैग भी नहीं बचा पाया जान

**बिलासपुर**, 23 फरवरी (देशबन्धु)। अम्बिकापुर नेशनल हाईवे पर रतनपुर का दर्री मोड़, मानो इन दिनों मौत का अड्डा बन गया है! शनिवार रात एक तेज़ रफ़्तार क्रिस्टा इनोवा कार क्रमांक सीजी 12 बी 7100, अचानक एक खड़े ट्रेलर से जा भिड़ी! टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, इस घटना में कार सवार ड्राइवर केशव साहू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ड्राइवर केशव साहू, कुसमुंडा से बिलासपुर की ओर जा रहे थे,इस दौरान दर्री मोड़ के पास, उनकी तेज़ रफ़्तार गाड़ी ने अचानक नियंत्रण खो दिया और ट्रेलर से जा टकराई। गाड़ी का अगला हिस्सा तो मानो कबाड़ में तब्दील हो गया, और ड्राइवर केशव साहू की जान भी चली गई!

### अंधेरे का खेल या रफ़्तार का क़हर

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हाईवे पर रात के अंधेरे में कुछ दिखाई नहीं देता, मानो भूतिया रास्ता हो। शायद, ड्राइवर केशव साहू को भी अंधेरे में ट्रेलर नहीं दिखा, और ये हादसा हो गया। लेकिन, कुछ लोग ये भी कह रहे हैं कि गाड़ी की रफ़्तार भी कुछ ज़्यादा रहा।

### मौके पर पुलिस पहुंची

रतनपुर पुलिस और पेट्रोलियम टीम तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सब ख़त्म हो चुका था। ड्राइवर केशव साहू की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को भी सड़क से हटा दिया गया है, ताकि ट्रैफ़िक जाम न हो।




### लोगों का फूटा गुस्सा

स्थानीय लोग इस हादसे से बहुत गुस्से में हैं। उनका कहना है कि इस हाईवे पर अंधेरे की वजह से पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन शासन प्रशासन कोई कुछ नहीं करता। साथ ही, उन्होंने तेज़ रफ़्तार गाड़ियों पर भी लगाम लगाने की मांग की है।

# धार्मिक, आध्यात्मिक और पौराणिक रूप से समृद्ध है छत्तीसगढ़ की धरती-अरुण साव

## उप मुख्यमंत्री ने शिवरीनारायण महोत्सव का किया शुभारंभ, अटल परिसर का लोकार्पण भी किया

**बिलासपुर**, 23 फरवरी (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज माता शबरी की नगरी शिवरीनारायण में शिवरीनारायण महोत्सव का शुभारंभ किया। जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण में महंत लाल दास महाविद्यालय मैदान में 23 फरवरी से 26 फरवरी तक इसका आयोजन किया गया है। चार दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होंगे। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े और विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश भी शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुईं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने शिवरीनारायण नगर पंचायत में प्रतीक्षा बस स्टैंड में नवनिर्मित अटल परिसर में भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कर अटल परिसर का लोकार्पण भी किया।




उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने शिवरीनारायण महोत्सव का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ करते हुए कहा कि त्रिवेणी संगम पर बसा शिवरीनारायण का प्रसिद्ध मेला हमारी संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। शिवरीनारायण की प्रसिद्धि प्राचीन काल से चली आ रही है। यहां के मेले की ख्याति पूरे छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों में भी हैं। हमारा शिवरीनारायण आस्था और श्रद्धा का केंद्र हैं, यह पवित्र धाम है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सभ्यता बहुत ही गौरवशाली रही है। छत्तीसगढ़ की धरती धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पौराणिक रूप से समृद्ध है। इसमें शिवरीनारायण का महत्वपूर्ण स्थान है। शिवरीनारायण छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। यहाँ लगने वाला माघ पूर्णिमा का मेला अपनी विशेषताओं के लिए जाना जाता है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष श्री नारायण चंदेल, पूर्व विधायक सर्वश्री अंबेश जांगड़े और चुन्नीलाल साहू, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शिवरीनारायण महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव को लेकर खड़ा हुआ विवाद सराफा एसोसिएशन ने लगाए गंभीर आरोप, व्यापारियों में मची खलबली

**बिलासपुर**, 23 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (सीसीसीआई) के आगामी चुनाव को लेकर विवाद विवाद शुरू हो गया हैं। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन (सीएसए) ने इस चुनाव को लेकर बेहद गंभीर आरोप लगाया है। एसोसिएशन का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया को केवल रायपुर को केंद्रित बनाकर अन्य जिलों के व्यापारियों को जानबूझकर बाहर रखा जा रहा है। जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

आगामी चुनावों में केवल रायपुर के व्यापारियों को ही अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर चुनाव लड़ने की अनुमति दी गई है। जबकि अन्य जिलों के व्यापारियों को इस प्रक्रिया से पूरी तरह बाहर कर दिया गया हैं। इस फैसले के विरोध में सराफा एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है और इसे व्यापारी समुदाय के अधिकारों का खुला उल्लंघन करार दिया है। दया है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, चैंबर का यह नियम न केवल अलोकतांत्रिक है, बल्कि राज्य के समस्त व्यापारिक समुदाय के अधिकारों का हनन भी करता है। छत्तीसगढ़ के सभी व्यापारी चैंबर का हिस्सा हैं, तो फिर केवल रायपुर के व्यापारियों को ही चुनाव लड़ने का अधिकार क्यों दिया जा रहा है? इस मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने चैंबर के चुनाव अधिकारी और सहायक चुनाव अधिकारी को लिखित शिकायत भेजी है, जिसमें चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की गई है। कमल सोनी ने आरोप लगाते हुए कहा, इस प्रकार का प्रावधान व्यापारिक लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है। अगर यह चुनाव पूरी व्यापारिक बिरादरी के लिए हो रहे हैं, तो फिर कुछ लोगों को बाहर रखने की साजिश क्यों रची जा रही है ?

### संविधान की विसंगतियों का खुलासा

सराफा एसोसिएशन ने चैंबर के संविधान की समीक्षा के बाद कई विसंगतियों को उजागर किया है। अनुच्छेद 9 (1) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि, हर सदस्य को मतदान करने, प्रस्ताव रखने और किसी भी पद पर चुनाव लड़ने का समान अधिकार होगा। हालांकि, अनुच्छेद 15 (क) में यह स्पष्ट किया गया है कि अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए केवल रायपुर जिले के सदस्य ही चुनाव लड़ सकते हैं। इस विरोधाभास को उजागर करते हुए कमल सोनी ने कहा एक ही संविधान में दो विपरीत नियम कैसे हो सकते हैं ? जब हर सदस्य को चुनाव लड़ने का समान अधिकार है, तो फिर रायपुर के व्यापारियों को विशेषाधिकार क्यों दिया गया है? इस मामले के खुलासे के बाद अब अन्य जिलों के व्यापारिक संगठनों में भी भारी रोष है। कई व्यापारिक संगठनों को अब जाकर इस नियम की जानकारी मिली है। जिससे व्यापारी समुदाय में गहरी नाराजगी फैल गई है।

कमल सोनी ने कहा, इस नियम की जानकारी अन्य जिलों के व्यापारियों को पहले क्यों नहीं दी गई ? क्या चैंबर के कुछ गिने-चुने लोग अपने हित साधने के लिए यह खेल खेल रहे हैं ? छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि अगर चैंबर ने चुनावी प्रक्रिया में तत्काल संशोधन नहीं किया तो व्यापारी समुदाय इसे लेकर बड़ा आंदोलन छेड़ेगा। कमल सोनी ने कहा, यह चुनाव एक बंद कमरा मीटिंग नहीं है। यह राज्यभर के व्यापारियों का अधिकार है।

# कोटा में 75.50 और तखतपुर में 76.51 फीसदी वोटिंग हुई



**बिलासपुर** (देशबंधु) त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव में रविवार को अंतिम चरण का मतदान संपन्न हो गया । जिले के कोटा और तखतपुर क्षेत्र में 75 फीसदी से भी अधिक मतदाताओं ने वोट डाले।

जिले के कोटा क्षेत्र में कुल मतदाताओं 75051 पुरुष और 75852 महिला में से 56675 पुरुष और57259 महिला मतदाताओं ने वोट डाले इसी तरह तखतपुर क्षेत्र के 105340 पुरुष और 102948 महिला मतदाताओं में से 79757 पुरुष और79602 महिला वोटरों ने मतदान किया । इस तरह कोटा क्षेत्र में 75.50 फीसदी और तखतपुर क्षेत्र में 76.51 प्रतिशत वोटिंग हुई।


**NECC**

| 24.02 .2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 450 | 60 | 175 |
| चिल्हर | 6.00 | 85 | 200 |
| डिलीवरी | 465 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA


प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188